श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 175, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया 16

वेदा का पोस्टर रिलीज 15

30 हजार मेगावाट तक पहुंची बिजली की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में भीषण गर्मी के साथ रिकॉर्ड तोड़ रही उमस



अमृत विचार : प्रदेश में उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार रविवार को अधिकतम मांग 29,781 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते दिनों 19 जुलाई को अधिकतम मांग 29,304 मेगावाट दर्ज हुई थी।

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों बारिश के मौसम में अधिकतम मांग 22 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी। सात जुलाई से मांग में बढ़ोतरी का क्रम शुरू हुआ, जो लगातार जारी है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार भीषण गर्मी की तर्ज पर मांग में तेजी से बढ़ोतरी जारी है। इससे मांग के 30 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार करने की संभावना बन गई है।

संसद सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने मांगा लोकसभा उपाध्यक्ष पद

विपक्ष कांवड़ और नीट मुद्दे पर भरेगा हुंकार, सरकार ने मांगा सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे की मांग उठाई
- सपा सांसद रामगोपाल ने कहा-विभाजन नीति नहीं चलेगी

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में रविवार को कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा और प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दे उठाए। कांग्रेस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का मुद्दा भी उठाया तथा स्पष्ट संकेत दिया कि वह सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी और महत्वपूर्ण मौकों पर उसका साथ देने वाले अन्य दलों ने भी अपने-अपने राज्यों के विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया और अपने भावी रुख का मुजाहिरा किया। सरकार ने सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक बैठक में कई छोटे दलों को आमंत्रित किया और सभी मुद्दों पर चर्चा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उन्होंने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा के सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने 44 दलों के साथ हुई बैठक में क्रमशः बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की। आप नेता संजय सिंह ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया और नरेन्द्र मोदी सरकार पर आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाने का आरोप लगाया जो आबकारी नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

आतंकी हमलों व मणिपुर की स्थिति को उठाएंगे : कांग्रेस

कांग्रेस नेता के. सुरेश ने कहा कि परंपरा के अनुसार लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगने में इंडिया गठबंधन के अन्य सदस्यों के साथ उनकी पार्टी भी शामिल हुई। उन्होंने जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमलों, मणिपुर की स्थिति, रेल दुर्घटनाओं, बेरोजगारी और महंगाई सहित कई अन्य मुद्दों पर संसद में चर्चा की जरूरत पर भी जोर दिया। कांग्रेस ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं से संबंधित मुद्दा भी उठाया, जिसके अध्यक्ष ने हाल ही में कथित व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया था।

सर्वदलीय बैठक में 55 नेता हुए शामिल

बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के जयराम रमेश, केंद्रीय मंत्री और लोजपा नेता चिराग पासवान सहित 55 नेता शामिल हुए। सरकार ने तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में निर्दलीय सदस्यों को छोड़कर केवल एक सदस्य वाले दलों सहित सभी दलों को आमंत्रित किया। तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि पार्टी रविवार को कोलकाता में अपनी वार्षिक शहीद दिवस रैली में व्यस्त थी।

एक नजर

हरियाणा के नूंह में इंटरनेट, एसएमएस सेवा 24 घंटे के लिए स्थगित

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए स्थगित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल इस यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अनुराग रस्तोगी के आदेश के अनुसार, जिले में इंटरनेट सेवा रविवार शाम छह बजे से सोमवार शाम छह बजे तक स्थगित रहेगी। आदेश में कहा गया है, ..नूंह जिले में तनाव, गड़बड़ी, आंदोलन, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक शांति तथा सौहार्द बिगाड़ने की आशंका है। यह आदेश व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि जैसे सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से गलत सूचना और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए दिया गया है। इस बीच, नूंह पुलिस ने कहा कि यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

मुरैना में रील बनाते समय 11 साल के बच्चे की मौत

मुरैना। जिले में सोशल मीडिया के लिए रील बनाते समय गले में फंदा लगाने से 11 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवि भदौरिया ने बताया कि घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा कि सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला करण परमार अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। पुलिस के मुताबिक, अन्य बच्चों को लगता है कि करण अभिनय कर रहा है, लेकिन कुछ देर में ही वह अचेत हो गया।

मोदी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्रों को सराहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हिस्सा लेने वाले छात्रों को रविवार को बधाई दी। मोदी ने भारतीय टोली के असाधारण प्रदर्शन पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता देश के युवाओं को प्रेरित करेगी। भारतीय टोली ने जहां देश ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के बाथ में आयोजित 65वें अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में छह सदस्यीय भारतीय विद्यार्थी दल ने चार स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता है।

कांवड़ यात्रा की ड्रोन से होगी निगरानी

चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर, सभी जिलों के प्रशासन को दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार

हरिद्वार में कांवड़ मेले को लेकर ब्रीफिंग करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सोमवार से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने सभी जिलों के स्थानीय प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। सरकार के निर्देश पर राज्य की पुलिस मुस्तैद भी हो गई है। पूरे प्रदेश में कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं उत्तराखंड पुलिस प्रशासन ने भी कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे लेकर राज्य सरकार ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के साथ ही सावन में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन, सुरक्षा और सुविधा का विशेष इंतजाम किया गया है। वृद्धजनों, आशक्त दिव्यांगजनों व महत्वपूर्ण लोगों को दर्शन के लिए निशुल्क ई-रिक्शा व गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। सोमवार को दैनिक पास निरस्त कर दिया गया है। बाबा के स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है। सोमवार को मैदागिन से गोदौलिया नो व्हीकल जोन रहेगा। दोनों स्थानों से वृद्ध व दिव्यांगजन को ई-रिक्शा से मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष पहली बार सिल्को द्वार से भी प्रवेश की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि मंदिर और जिला प्रशासन ने सावन में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

बिना सोचे लिया फैसला : जयंत चौधरी

मुजफ्फरनगर। भाजपा के सहयोगी रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी ने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार से अपना वह आदेश वापस लेने की मांग की, जिसमें कांवड़ मार्ग पर स्थित भोजनालयों पर उनके मालिकों का नाम प्रदर्शित करने को कहा गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा ऐसा लगता है कि यह आदेश बिना सोचे-समझे लिया गया है और सरकार इस पर इसलिए अड़ी हुई है क्योंकि निर्णय हो चुका है। कभी-कभी सरकार में ऐसी चीजें हो जाती हैं।

रामदेव बोले-आदेश सही

हरिद्वार। योग गुरु रामदेव ने कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, रेस्तरां और ढाबा के बाहर मालिक का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखने संबंधी आदेश को रविवार को सही ठहराते हुए कहा कि किसी को अपना परिचय देने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। रामदेव ने कहा कि अपने नाम पर तो सबको गर्व होता है और उसे छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सवाल किया जब रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को क्यों दिक्कत होनी चाहिए।

आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें कहा गया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने होंगे। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

पिकअप पलटने से तीन की मौत, 24 घायल

अस्पताल में भर्ती घायल। ● अमृत विचार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- गंगा में अस्थि विसर्जन कर लौटते समय हुआ हादसा

अमृत विचार : गंगा में अस्थि विसर्जन कर लौट रहे इटावा जिले के लोगों से भरी पिकअप रविवार सुबह थाना जहानगंज के होरिकपुर मार्ग पर बिजली पोल से टकराकर पलट गई। पिकअप सवार तीन महिलाओं की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं 24 घायल हैं।

इटावा जिले के थाना सैफई के ग्राम भाला शैय्या निवासी दिलीप चन्द्र के पिता विनोद कुमार (58) की मृत्यु 30 जून को हो गई थी। उनकी अस्थियों को विसर्जित करने के लिए दिलीप चालक मुकुट के साथ अपने दो दर्जन से अधिक रिश्तेदारों और परिजनों के साथ शनिवार रात पिकअप से पांचाल घाट आए। रविवार तड़के पूजा-अर्चना, अस्थि विसर्जन करने के बाद सभी वापस जा रहे थे। जब थाना जहानगंज के होरिकपुर मार्ग पर पहुंचे, तभी चालक को झपकी आ गई और हादसा हो गया। उपचार के दौरान रामकली (73), रामादेवी (70), निवासी नहरौली थाना सैफई, थाना सैफई के भाला शैय्या निवासी सुशीला देवी (45) की मौत हो गई। घटना के बाद जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह और एसपी आलोक प्रियदर्शी जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना।

बांग्लादेश में फंसे लोगों को देंगे शरण

कोलकाता, एजेंसी

- ममता बनर्जी ने शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र का हवाला दिया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण दिया जाएगा।

बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के संकल्प का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में कहा मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है। लेकिन मैं आपको यह बता सकती हूं कि यदि संकट में फंसे लोग बंगाल के दरवाजे खटखटाएंगे तो हम उन्हें शरण जरूर देंगे। बनर्जी ने कहा ऐसा इसलिए है क्योंकि अशांत क्षेत्रों के आसपास के क्षेत्रों में शरणार्थियों को समायोजित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का एक संकल्प है।

केंद्र में राजग की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी : अखिलेश

कोलकाता। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी क्योंकि सांप्रदायिक ताकतों को भले ही कुछ समय के लिए सफलता मिल सकती है, लेकिन अंततः उनकी हार होगी। यादव ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा शहीद दिवस पर आयोजित महारैली को संबोधित करते हुए कहा जो लोग सत्ता में आए हैं, वे बस कुछ दिनों के मेहमान हैं। ऐसी सांप्रदायिक ताकतें किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहना चाहती हैं, लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे।

केरल में निपाह वायरस से संक्रमित किशोर की मौत

कोझिकोड। केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से संक्रमित 14 वर्षीय किशोर की रविवार को मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों से उसका इलाज चल रहा था। किशोर पांडिक्कड़ का रहने वाला था। उसका अंतिम संस्कार अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में तीन और पीड़तों का इलाज चल रहा है। मरीजों के नमूनों की जांच रिपोर्ट आज आ जाएगी। मंत्री ने बताया कि लड़का 11 मई को स्कूल गया था, लेकिन अभी तक लक्षण वाले मरीजों के ज्यादा मामले सामने नहीं आए हैं। लड़के के संपर्क में कुल 246 लोग आए थे।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर हादसा, 3 तीर्थयात्रियों की मौत, पांच घायल

ब्यूरो, देहरादून

- गौरीकुंड के पास बारिश के चलते पहाड़ी से गिरा मलबा
- मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का था निवासी

अमृत विचार : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ में बड़ा हादसा हुआ है। अचानक हुए भूस्खलन से मलबा और बोल्डर गिरने से तीन तीर्थ यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। इन्हें गौरीकुंड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग आठ बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के समीप अचानक पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। हादसे में कई तीर्थ यात्री दब गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया। मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का निवासी था।

राहत एवं बचाव कार्य जारी : धामी

इधर, हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा कि पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव काम जारी है, इस संबंध में मैं निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं।

यूजीसी-नेट की पुनः परीक्षा पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय ने 19 जून को रद करने का दिया था आदेश

यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। मंत्रालय ने परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया था।

मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का आदेश दिया था और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। याचिका पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करने वाली है।

तीन अभियुक्त सीबीआई रिमांड पर

पटना। एनटीए की ओर से आयोजित नीट 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने गिरफ्तार किए गए तीन अभियुक्तों को आज हिरासती पूछताछ के लिए 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने रविवार को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय पांडे के समक्ष उनके आवासीय कार्यालय पर पेश किया था।

भारी बारिश से 36 उड़ानें रद, 60 लोगों को बचाया

मुंबई। भारी बारिश होने के कारण रविवार को मुंबई हवाई अड्डे पर दिनभर में 36 उड़ानें रद कर दी गईं। इंडिगो की 24 उड़ानें रद की गई हैं, जिनमें 12 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं, तथा एयर इंडिया की 8 उड़ानें शामिल हैं, जिनमें चार प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं। खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण हवाई पट्टी पर परिचालन पहले दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए तथा बाद में दोपहर एक बजे से 1.15 बजे तक के लिए स्थगित किया गया था। वहीं भारी बारिश के बीच पानी के तेज बहाव में फंसे 60 लोगों को बचाया गया। सभी पिकनिक मनाने के लिए नवी मुंबई के बेलापुर नोड में एक पहाड़ी पर गए थे।

अनदेखी | केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मौजूद है एथलेटिक्स का महिला छात्रावास

सिंथेटिक ट्रैक नहीं, मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर बेटियां

संजीव पांडेय, लखनऊ

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अभ्यास करती बालिकाएं।

> खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। सिंथेटिक ट्रैक के लिए भी प्रयास किये जायेंगे। प्रशिक्षकों की कमी नहीं है। –**अजय कुमार सेठी**, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ

अमृत विचार: पेरिस ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने को प्रदेश की चार बेटियां तैयार हैं। मेरठ की पारुल, प्रियंका, अन्नू रानी और सहारनपुर की प्राची ओलंपिक गेम्स में तिरंगा फहराने को ट्रैक पर उतरेंगी। इसके पहले पद्मश्री सुधा सिंह भी ओलंपिक गेम्स का हिस्सा रह चुकी हैं। लेकिन, खेल विभाग की देखरेख में संचालित एथलेटिक्स महिला छात्रावास के खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर बेहतर प्रशिक्षक तक नहीं मिल रहे हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्थित एथलेटिक्स महिला छात्रावास की बेटियों के अभ्यास के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं है। यहां पर प्रशिक्षकों की आवाजाही व उदासीनता से भी खिलाड़ी रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं। आलम यह है कि एक आउटसोर्सिंग महिला प्रशिक्षक के भरोसे यहां की लड़कियां मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर हैं।

एथलेटिक्स खिलाड़ियों के अनुसार केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एथलेटिक्स महिला छात्रावास की शुरुआत तकरीबन 30 वर्ष पहले हुई थी। तब से यहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन आज तक यहां रहने वाली बालिकाओं के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं बिछाया जा सका। पद्मश्री सुधा सिंह ने यहां से ही अपने खेल कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने कई बार छात्रावास की लड़कियों को ट्रैक पर अभ्यास की सुविधा देने की मांग की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यहां पर खेल विभाग की प्रशिक्षक विमला सिंह तैनात थी, तब यहां से खिलाड़ी लगातार परिणाम दे रहे थे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुधा सिंह को भी विमला सिंह ने प्रशिक्षण दिया था।

सिंथेटिक ट्रैक जरूरी: पद्मश्री सुधा सिंह

पद्मश्री सुधा सिंह ने बताया कि वह केडी सिंह बाबू स्टेडियम के एथलेटिक्स छात्रावास में वर्ष 2001 से 2005 तक रही। यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद 2010 में चीन में आयोजित एशियन गेम्स में 3000 मीटर स्टीपल चेज में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद 2018 में एशियन गेम्स में इसी स्पर्धा में रजत जीत कर देश का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक तो होना ही चाहिए। जब लड़कियां मिट्टी के मैदान में अभ्यास करेंगी तो परिणाम कैसे सामने आयेंगे।

हादसों में कांवड़िया समेत दो लोगों की मौत

▸▸ पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर खीरी, धौरहरा और फरधान क्षेत्र में हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना फरधान क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जा रहे कांवडिया को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लखनऊ ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उधर, धौरहरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज की अनुबंधित बस ने कुचलकर बाइक चालक की मौत हो गई। उधर, थाना खीरी क्षेत्र में बस्ती हाईवे पर ट्रक और पिकअप की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए।

लघुशंका करने जा रहा था सिंगाही का कांवड़िया

संवाददाता, फरधान। अमृत विचार : थाना सिंगाही के गांव नौरंगाबाद के मजरा ऐली निवासी वीरपाल कांवड़ चढ़ाने छोटी काशी गोला के लिए निकला था। रात होने पर वह साथियों के साथ शनिवार की रात पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना व कस्बा फरधान स्थित किसान इंटर कालेज में रुक गया था। गांव ऐली निवासी विजय कुमार ने बताया है कि उसके ताऊ वीरपाल (45) रविवार की सुबह करीब तीन बजे सड़क किनारे लघुशंका करने के लिए गए थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कांवडिया को सीएचसी फरधान में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर उसे लखनऊ भेजा गया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में कांवडिया की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बस्ती हाईवे पर ट्रक से टकराई पिकअप, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : हादसा शनिवार की रात करीब दो बजे हुआ। पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर गांव अशोगापुर के पास डिवाइडर का कार्य अधूरा पड़ा है। इस कारण बहराइच की तरफ से जा रही पिकअप सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि पिकअप सड़क किनारे जाकर पलट गई। जिससे पिकअप सवार चालक व खलासी के साथ ट्रक चालक भी घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदाई संस्था द्वारा लंबे अरसे के बाद भी डिवाइडर का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करवाया गया है। जिसके चलते वनवे के कारण आए दिन वाहन हादसों का शिकार हो रहे हैं।

तेज रफ्तार का कहर जारीः अनुबंधित रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंदा

संवाददाता, खमरिया। अमृत विचार : पड़ोसी जनपद बहराइच के गांव सुमई गौढी थाना मोतीपुर निवासी अजय पाल (40) पुत्र कमल पाल अपनी बाइक से लखीमपुर दवा लेने गए थे। रविवार की सुबह करीब 9:30 बजे लखीमपुर से घर वापस जाते समय कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर धौरहरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की अनुबंधित बस ने गांव कलुआ पुर गांव के निकट बाइक चालक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने हादसे की खबर मृतक के परिवारीजनों को दी। सूचना पाकर रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। धौरहरा पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

पहचान के लिए वन चेतना केंद्र में लगाया बोर्ड

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः रोट्रैक्ट क्लब गोला काशी द्वारा वन चेतना केंद्र में विधायक अमन गिरि के चाचा धर्मेन्द्र गिरि मोंटी और तमाम लोगों ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय वन चेतना केंद्र के नाम से एक बोर्ड, एक धन्यवाद बैनर लगवाया है।

वर्तमान समय में नगर स्थित वन चेतना केंद्र में कहीं पर उसके नाम का बोर्ड आदि नहीं था, जिससे लोगों को परेशानी होती थी। गोला काशी की टीम ने वन चेतना केंद्र के नाम का एक बोर्ड लगवाया है। रोट्रैक्ट क्लब गोला काशी की टीम ने मांटी गिरि के साथ एक वृक्ष धरा के नाम अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के फलदायक एवं छायादार पाकड़, सहजन, अमरूद, आम, जामुन आदि का रोपण कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। संस्था अध्यक्ष सुमित शाह, रविसुत, राजकिशोर, त्रिनयन राजपूत, प्रशांत मिश्रा, पवन गुप्ता, रविप्रकाश, मुनीश अवस्थी, पवन प्रजापति, आदर्श तिवारी, स्नेहिल, रामगुलाम पांडेय आदि मौजूद रहे।

गोला के वन चेतना केंद्र में पौधरोपण करते पदाधिकारी।

मूड़ा सवारान। बिजुआ की ग्राम पंचायत भदेड में ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने स्कूल परिसर व खाली भूमि पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। प्रधान ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। उपेंद्र सिंह चौहान, पंचायत मित्र रामचंद्र कश्यप, प्रधानाध्यापक बाबूराम, अध्यापक गोपाल कृष्ण वर्मा, पंचायत सहायक प्रज्ञा मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री ज्ञानवती, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

एबीवीपी के पुनर्गठन में डॉ. राजेश अध्यक्ष, श्रेष्ठ मंत्री

एबीवीपी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पुरानी इकाई को भंग कर नई नगर इकाई का गठन किया गया। डॉ. राजेश कुमार को नगर अध्यक्ष और श्रेष्ठ दीक्षित को नगर मंत्री बनाया गया है।

प्रवासी कार्यकर्ता विभाग संयोजक लक्ष्मी पांडेय, चुनाव अधिकारी पूर्व जिला प्रमुख संजीव दीक्षित की देखरेख में नगर के गेस्ट हाउस में कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसका शुभारंभ स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। लक्ष्मी पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से छात्र हित, राष्ट्र हित एवं समाज के लिए कार्य करता आ रहा है। जिसके लिए विद्यार्थी परिषद का हर एक कार्यकर्ता दायित्व के रूप में अपनी जिम्मेदारी का पूर्णतया निर्वहन करता है। चुनाव अधिकारी संजीव दीक्षित ने पुरातन नगर कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें डॉ. राजेश कुमार को नगर अध्यक्ष और श्रेष्ठ दीक्षित को नगर मंत्री चुना गया है। इसके साथ ही नगर उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, याचना वर्मा, शशांक शेखर मिश्रा,नवनीत शर्मा को चुना गया। वहीं कृष्णा शुक्ला, जागृत अवस्थी, हर्ष भारद्वाज, परमजीत कौर, निशा अग्निहोत्री को नगर सहमंत्री बनाया गया। नगर इंटर कॉलेज कार्य प्रमुख अपूर्व श्रीवास्तव, सह प्रमुख अक्षत यादव, नगर महाविद्यालय कार्य प्रमुख आदर्श वर्मा, सह प्रमुख शक्ति तिवारी, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक हर्ष मिश्रा, सहसंयोजक दीपेश शुक्ला, नगर सोशल मीडिया संयोजक प्रिंस वर्मा, सहसंयोजक अनिकेत कश्यप, एसएफडी संयोजक मोहित त्रिवेदी, एसएफएस संयोजक नीलेश तिवारी, सह संयोजक अक्षत पांडे, खेल आयाम प्रमुख प्रशांत गुप्ता, सहप्रमुख दीपांशु सिंह, आंदोलन प्रमुख अभिषेक मिश्रा, सहप्रमुख हिमांशु मिश्रा, कार्यालय मंत्री अंशुमान वर्मा, छात्रा कार्य प्रमुख साक्षी शुक्ला, सह प्रमुख आख्या शर्मा सहित अथर्व पांडे, सौरभ कुमार, सौरभ वर्मा, रितेश अवस्थी, आर्यन गुप्ता को नगर कार्यकरिणी सदस्य बनाया गया। जिला सहसंयोजक आशुतोष मिश्रा, अंजली तिवारी, डॉ सुनील गुप्ता, रिशु मिश्रा, आशीर्वाद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रबंध

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः इंस्पेक्टर रमेशचंद्र पांडे ने बताया कि सावन मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नगर सीमा पर पांच बैरियर लखीमपुर खुटार रोड, मोहम्मदी रोड, अलीगंज रोड, मिल गेट, के साथ ही 21 बैरियर नगर के अंदर बनाए गए हैं। जिससे श्रद्धालुओं, कांवड़ियों को भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि 208 पुलिसकर्मी गैर जनपद, 170 जनपदीय, 120 अतिरिक्त पुलिस बल, 11वीं बटालियन पीएसी के 71 जवान, 80 एनसीसी कैडेट, 25 भूतपूर्व सैनिक, 120 वालेंटियर मेले की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे।

एएसपी ने पुलिस को दिए टीम भावना से काम करने के निर्देश

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ सावन में ड्यूटी पर गैरहाजिर मिले तो नहीं मिलेगी कोई माफी

अमृत विचारः नगर में आज से शुरू हो रहे सावन मेले को लेकर एएसपी पश्चिमी नेपाल सिंह, पूर्वी पवन गौतम ने जनपद व गैर जनपद से ड्यूटी करने आए पुलिस कर्मियों को मेला सकुशल सम्पन्न कराने के दिशा निर्देश दिए हैं। ड्यूटी पर गैरहाजिर मिलने पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह ने कहा कि टीम भावना से किया गया कार्य सफल होता है। इसलिए अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहकर टीम भावना से पूरी संजीदगी से ड्यूटी करें। लापरवाही होने पर पश्चाताप के सिवाय कुछ बचता नहीं हैं। एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने कहा कि सभी पुलिस कर्मी समय से पूर्व ड्यूटी पर पहुंचे। सभी को ड्यूटी चार्ट दिए गए हैं, ड्यूटी में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

सीओ अजेंद्र यादव ने बताया कि ड्यूटी दो शिफ्टो में शाम आठ बजे से प्रातः आठ बजे और प्रात आठ बजे से शाम आठ बजे तक निर्धारित की गई है। जिसमें उन्होंने निर्धारित स्थल पर आधे घंटे पूर्व ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2022 और 2023 में सावन मेले को सम्पन्न करा चुके पलिया कोतवाल विवेक उपाध्याय ने अपने पुराने अनुभव साझा करते हुए पुलिसकर्मियों को वायरलेस माइक साथ में रखने की बात कही। कोतवाल रमेंशचंद्र पांडेय ने मेले ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को ड्यूटी चार्ट, मैप उपलब्ध कराया है। ब्रीफिंग में सीओ गोला अजेंद्र यादव, सीओ धौरहरा पीतमपाल सिंह, सीओ मितौली शमसेर बहादुर सिंह, सीओ निघासन प्रवीण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु स्वर्णिमा सिंह सहित कई थानों का पुलिस बल मौजूद रहा।

युवक पर बाघ ने किया हमला, बाल-बाल बचा

संवाददाता, बांकेगंज

अमृत विचारः मैलानी रेंज की जटपुरा बीट के गांव चौधीपुर के नजदीक सुबह घास कट रहे एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया। अन्य साथियों के डंडा और फावड़ा जमीन पर पटकने, हल्ला मचाने से बाघ गन्ने के खेत में चला गया। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

चौधीपुर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि गांव से थोड़ी दूर मंगल के खेत में धान की रोपाई चल रही है। उसमें पानी भरने के लिए राजकुमार (25) सुबह खेत पर गया था, जब उसने पंपसेट से खेत में पानी चला दिया तब पास ही गन्ने के खेत की मेड़ पर खड़ी घास को पशुओं के लिए काटने की सोची। जैसे ही वह घास काटने के लिए झुका, गन्ने के खेत से निकलकर बाघ ने उसे पर हमला कर दिया, वह चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर पास के ही खेत में काम कर रहे अन्य साथी फावड़ा लेकर मौके पर पहुंच गए और उन्होंने फावड़े और डंडे को जमीन पर पटकना शुरू कर दिया, इससे बाघ गन्ने के खेत में घुस गया। जानकारी मिलने पर जटपुरा बीट के फॉरेस्टर अखिलेश सिंह और अन्य वन कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घायल राजकुमार को कुछ वनकर्मी बाइक से अस्पताल लेकर गए। फॉरेस्टर अखिलेश सिंह ने अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। ओमप्रकाश ने बताया कि आज सुबह से चार लोग बाघ के हमले से बच चुके हैं। सुबह प्रमोद पुत्र रामबिलास धान की रोपाई के लिए तैयार किये जा रहे खेत में बाटी डालने पहुंच गया। बाघ को देखकर वह वहां से भाग आया। उसके बाद मंगल सिंह पुत्र आशाराम, विनोद कुमार पुत्र रामबिलास बाघ का शिकार होते होते बचे। अंततः बाघ ने राजकुमार पर हमला कर ही दिया। जटपुरा बीट के फॉरेस्टर अखिलेश सिंह ने बताया कि राजकुमार के शरीर पर बाघ के पंजे के निशान हैं। बाघ के गांव के नजदीक होने की उन्होंने पहले भी उच्चाधिकारियों को विभागीय पत्र लिखकर जानकारी दी है। मैलानी रेंजर साजिद हसन ने बताया कि जहां भी बाघ के मूवमेंट की जानकारी मिलती है उसकी मॉनिटरिंग की जाती है। बाघों द्वारा गन्ने के खेतों को प्राकृतिक आवास मान लेने की वजह से यदाकदा घटनाएं हो जाती है।

ग्रामीणों की समस्या पर वनकर्मी नहीं देते ध्यान

ग्रामीणों ने बताया कि जब भी बाघ किसी कुत्ते या पशु को निवाला बनाता है तब वनकर्मियों को इसकी सूचना दी जाती है। वन विभाग के कर्मचारी खानापूर्ति करके चले जाते हैं। बाघ को गांव के नजदीक आने से रोकने के कोई उपाय नहीं किए जाते हैं जिससे लोगों के जीवन को खतरा बना रहता है। जबकि गांव से जंगल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर है।

मौर्य, कुशवाहा, सैनी का हुआ सम्मेलन

संवाददाता, मितौली

अमृत विचारः कस्बे में ब्लॉक के सामने मौर्य कुशवाहा, शाक्य और सैनी सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, विशिष्ट अतिथि मालती व दीपू मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदस्य क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि विश्राम मौर्य ने की।

मंच का संचालन रविंद्र मौर्य कुलदीप मौर्य ने किया। रामपाल मौर्य ने चक्रवर्ती महान सम्राट अशोक वह चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन व उनकी वीरता का बखान किया। शिवभान मौर्य बालक राम मौर्य सम्राट अशोक अखंड भारत का कैसे निर्माण किया इस पर विस्तृत चर्चा की। कुलदीप मौर्य ने स्वागत गीत गाकर अभिवादन किया। भीमसेन मौर्य यशस्वी अनुराग मौर्य शिवम मौर्य, नीलकंठ श्री राम कुशवाहा कन्हैयालाल मौर्या आनंद कुशवाहा ओमकार मौर्य गिरिजा शंकर मौर्य अनिल मौर्य शिवशंकर आदि लोगों ने संगठन को मजबूत बनाने व मौर्य समाज के महापुरुषों की जीवनी का बखान किया। कस्ता विधानसभा के मौर्य, शाक्य, सैनी और कुशवाहा ने विचार विमर्श किया और महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की लाट लालहनपुर तिराहे पर लगाने की मांग की। कहा की अन्य महापुरुषों की मूर्तियां विभिन्न चौराहा पर लगी तो महान सम्राट की क्यों नहीं। विधायक ने आश्वासन दिया सम्राट अशोक स्तंभ लगवाएंगे।

सम्मेलन में मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

अभिकर्ता यूनियन के सदस्यों को दिलाई शपथ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं की यूनियन के नवनियुक्त पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ उत्तर मध्य क्षेत्र लिहाफी के अध्यक्ष चन्द्रभानु पांडेय ने दिलाकर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

नगर के एक गेस्ट हाउस में चंद्रभानु पांडेय की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें अभिकर्ता यूनियन के नव निर्वाचित संरक्षक भोगनाथ वर्मा, चंद्रकुमार गुप्ता, अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद वर्मा, सचिव रविंद्रनाथ वर्मा, उपाध्यक्ष दुष्यंत मिश्रा, उप सचिव भगवानदास वर्मा, रामपाल, हरिओम शुक्ला, संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार शुक्ला, अवनीश कुमार गुप्ता, राजकुमार शंखवार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, ऑडिटर अजय कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सेठी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

विशिष्ट अतिथि डीके वर्मा अध्यक्ष लखनऊ मंडल, संतोष ओझा उपाध्यक्ष, मनोज अवस्थी सचिव, सीतापुर शाखा से राजेश बाबू मिश्रा, श्रीप्रकाश गुप्ता, शाह आलम, अश्विनी गुप्ता आदि ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके अधिकार और कर्तव्य बताए। समारोह में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमरजीत सिंह, प्रमोद वर्मा, श्रीपाल, राजकुमार, उदयवीर सिंह, रामप्रताप वर्मा, महिला अभिकर्ता उर्मिला शर्मा आदि मौजूद रहे।

एलआईसी अभिकर्ता यूनियन के पदाधिकारी शपथ लेते हुए।

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आए व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों ने 45 लाख रुपए की स्पेशल राहत किट कराई मुहैया

अमृत विचार : बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए जिले के कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों, स्वयंसेवी संस्थाओं ने 10 हजार स्पेशल राहत किट तैयार कराकर वितरण के लिए मुहैया कराई हैं। इनकी करीब 45 लाख रुपए है। सीएम योगी के अपील एवं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर सामाजिक और व्यापारिक संगठनों की ओर से स्पेशल राहत किट में मच्छरदानी, छाता, बैटरी सहित टॉर्च, सेनेटरी पैड (2 पैकेट) और गर्म पानी रखने के लिए 2 लीटर की थर्मस शामिल है। गणेश प्लाईवुड ने 300 किट, राइस मिलर्स एसोसिएशन लखीमपुर ने 125, राइस मिलर्स एसोसिएशन गोला ने 125, प्लाईवुड संगठन लखीमपुर ने 250, एनसीसी लिमिटेड हैदराबाद ने 1000, शुगर मिलों ने 1500, मैसर्स बृजमोहन कांट्रेक्टर अलीगढ, मैसर्स वैष्णो कंस्ट्रक्शन आगरा, मेसर्स विंध्यवासिनी ट्रेडर्स-गोरखपुर ने 500 किट के अलावा जिले की अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं ने 6200 किट उपलब्ध कराई गई है। हर राहत किट की कीमत करीब 450 रुपए है। डीएम ने बताया कि 10 हजार स्पेशल राहत किट के माध्यम से कॉरपोरेट सेक्टर, स्वयंसेवी संस्थाओं और उद्यमियों ने बाढ़ प्रभावितों को 45 लाख की मदद की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखीमपुर शाखा ने करीब एक हजार तिरपाल दिए हैं।

गायत्री परिजन सावन में रोपेंगे बेल के पौधे

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः गायत्री परिवार के लोगों ने गुरु पूर्णिमा का पर्व तरुपूजन संस्कार के रूप में मनाया। गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का संकल्प लेकर सभी के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बेल के पौधों का तरुपूजन संस्कार कर वृक्षगंगा अभियान के सावन मासीय बिल्व (बेल) पौधरोपण के विशेष अभियान की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार के वृक्षगंगा अभियान ने जिले में हरियाली बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। अभियान संयोजक अनुराग मौर्य ने कहा सावन में सभी लोग बेल पत्र भगवान शिव को अर्पित करते हैं। मगर, युवा प्रकोष्ठ शिवजी को बेल के पौधे समर्पित कर हरी-भरी श्रद्धा समर्पित करेगा। तरुपूजन बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद में बेल के पौधे दिए गए। भक्तों ने पौधों संग सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा स्मारक की परिक्रमा कर पौधे संरक्षित करने का संकल्प लिया। गायत्री परिजन उदय सिंह, संकटा प्रसाद शास्त्री, सीपी मौर्य, यज्ञ वर्मा, कुलदीप वर्मा, अजय वर्मा, महिला मंडल की सुगंधा शुक्ला, परबिता सिंह, केसर शुक्ला, रचना अग्रवाल, निधि मिश्रा, डॉ. अंशु वर्मा, दीक्षा वर्मा, संगीता वर्मा आदि मौजूद रहे।

गायत्री शक्तिपीठ पर तरुपूजन संस्कार में पूजन करती महिलाएं व पालिकाध्यक्ष।

वृक्षगंगा अभियान

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरिया दिन पासी की मनाई पुण्यतिथि

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले मसूरिया दिन पासी की पुण्यतिथि पर कई जगह दलित बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उनके राष्ट्रहित में किए गए योगदान का स्मरण किया गया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने ब्लाक कुंभी के ग्राम काजरकोरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम सौखिया में ब्लॉक अध्यक्ष रघुनंदन राज पासी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि मसूरिया ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में भी सहभागिता की। पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा, प्रेमकुमार वर्मा, गंगाराम पासी, सुरेशचंद पटेल, विजय शंकर पासी, विपिन कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

दुकान में लगी आग से 4 लाख रुपये का सामान खाक

संवाददाता, खमरिया। अमृत विचार : थाना ईसानगर क्षेत्र के एक गांव के बाहर सड़क के किनारे रखी दुकान में शनिवार की देर रात शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिससे दुकान में रखा करीब 4 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। थाना क्षेत्र के जेठरा गांव में सुनील पुत्र श्रीधर की सड़क के किनारे इलेक्ट्रिकल्स की दुकान है। शनिवार की देर रात दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान से धुआं उठने पर आसपास के लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। जब तक लोग मौके पर पहुंचे और दुकान स्वामी को सूचना देते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। शोर शराबा होने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी ने बताया कि आग से दुकान में रखा करीब 4 लाख रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया है। हादसे की जानकारी राजस्व विभाग और पुलिस को दी गई है।

पालिकाध्यक्ष ने नीलकंठ मैदान में कराया पौधरोपण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नीलकण्ठ मैदान को हरा भरा दिखने के लिये पौधरोपण कराया है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शहर कोतवाल रमेशचंद्र पांडे के साथ नीलकण्ठ मैदान में पौधरोपण कर वृक्षों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के कल्याण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 पौधे अवश्य लगाने चाहिए। पौधरोपण के समय पालिका के एसआई संदीप कुमार वर्मा, रविन्द्र कटियार, मोहित गिरि, मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, विजय मिश्रा, काके सहगल आदि मौजूद रहे।

गोला के नीलकंठ मैदान में पौधरोपण करते पालिकाध्यक्ष, कोतवाल।

101 पौधे लगाकर ट्री गार्ड से दी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : पर्यावरण मित्र समूह की ओर से धरा को सजाकर हरा भरा बनाने के लिए रविवार को पौधरोपण किया गया। समूह से जुड़े डॉ. केके मिश्र, मधुलिका त्रिपाठी, प्रिया दीक्षित, कुमकुम गुप्ता, अर्बन कोआपरेटिव बैंक आदि के लोगों ने कई जगह पर पौधे रोपित कर और ट्री गार्ड लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राम मोहन गुप्त ने बताया कि समूह की ओर से ट्री गाड्र्स सहित 101 छायादार, फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। वहीं 22 जुलाई की शाम पांच बजे नसीरुद्दीन मौजी मैदान की वाटिका, काशीनगर, बस स्टेशन से हीरालाल धर्मशाला मार्ग, रानीगंज आदि जगहों पर पौधरोपण होगा।

चीनी मिल में हुआ पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : खंभारखेडा स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में वृहद जन आन्दोलन के तहत एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण हुआ। यूनिट हेड अवधेश गुप्ता, आसवनी हेड अतुल कुमार सिंह, केन हेड पुष्पेन्द्र ढ़ाका, एचआर हेड राजेश दुबे, जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खंभारखेडा सुरेश चौधरी आदि ने पौध लगाए।

गुरु पूर्णिमाः गुरूजनों का पूजन कर हुआ हवन और भंडारा

संवाददाता पलिया कलां। अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा से मनाया गया। जगह-जगह पर गुरुजनों की पूजा कर हवन और भंडारा के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए। मोहल्ला काकूपूरियान चौराहे के निकट स्थित आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा आश्रम पर कई जिलों से लेकर नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने श्रीसूक्त के हुए हवन व आरती में भाग लेकर गुरु श्री गोविंद माधव की सेवा की और भंडारे का प्रसाद पाया। गायत्री मंदिर पलिया व बोझवा में हुए हवन में आहुतियां देकर गुरु पूर्णिमा मनाई गई। पलिया भीरा मार्ग पर सांई मंदिर पर भी अनुष्ठान हुआ। घरों में भी आषाढ़ी पूजन कर भगवान श्रीसत्यनारायण की कथा सुनीं।

एक पेंड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण

पौधरोपण करते स्कूली बच्चे व स्टाफ। अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां : अमृत विचार : पलिया कस्बे के दुधवा रोड स्थित मार्डन एमएमयू स्कूल में फारेस्टर राकेश कुमार पटेल व वन टीम ने प्रधानाचार्य सोनम खान, सपा नेता राजा खान, डॉ.आफाक खान, हाफ़िज मोहम्मद आसिफ सहित स्कूल के बच्चों आदि ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया।

पार्थ ने स्टेट चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : नगर के मोहल्ला अर्जुन नगर कालोनी निवासी प्रवीण कुमार के पुत्र पार्थ ने ताइक्वांडो में स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन किया है। पार्थ नगर के उमा देवी चिल्ड्रेन एकेडमी में कक्षा दो का छात्र है। पार्थ ने इससे पहले चार बार गोल्ड मेडल जीते हैं। इनका यह पांचवां गोल्ड मेडल है। पार्थ ने यह पांचवां गोल्ड मेडल प्रदेश स्तर पर जीत कर अपने जिले का नाम रोशन किया है। पार्थ एलीट ताइक्वांडो एकेडमी गोला टीम से प्रतिभाग कर स्टेट में स्वर्ण पदक हासिल किया। स्टेट चैम्पियनशिप केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित किया गया। पार्थ ने स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर इसका श्रेय अपने बाबा, पापा, मम्मी बडे पापा डीके राज और एलीट ताइक्वांडो एकेडमी के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को दिया है।

11 महिलाओं को नेपाली एनजीओ ने बचाया

संवाददाता पलिया कलां, अमृत विचार : नेपाल के जिला कंचनपुर की गड्डा चौकी बॉर्डर पर तैनात नेपाल शांतिपुनर्स्थापना की कार्यकर्त्रियों ने पहाड़ी जिला बाजुरा से रोजगार दिलाने का प्रलोभन देकर ले जायी जा रहीं 11 महिलाएं और उनके बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया है। एनजीओ की सुपरवाइजर मनीषा न्यूपाने ने बताया कि बार्डर पर चेकिंग के समय शक होने पर भारत जा रही 11 महिलाएं एवं बच्चों से पूछताछ की गई, तो इस दौरान इन सभी को लेकर जा रहा युवक चकमा देकर बॉर्डर क्रॉस कर भारत की ओर भाग गया। महिलाओं और बच्चों ने बताया कि युवक रोजगार दिलाने के बहाने भारत के महानगरों में ले जा रहा था। एनजीओ के लोगों ने इनके परिजनों को बुलाकर मूल गांव गोमुल, खपतड़, बुढ़ीगंगा, त्रिवेणी आदि गांव घरों को भेज दिया गया।

मृतक के परिजनों व 100 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः थाना खमरिया पुलिस ने खमरिया पंडित निवासी प्रखर का शव रखकर पीलीभीत-बस्ती हाईवे जाम करने वालों पर कानूनी शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने एसआई सुनील बाबू अवस्थी की तहरीर पर मृतक के परिवारीजनों और 80-100 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तमाम ग्रामीण अपने घरों से भूमिगत हो गए हैं।

बतादें कि दो दिन पहले गांव खमरिया पंडित निवासी प्रखर बिजली ठीक करने गांव के ही मनोज के घर पर गया था, जहां उसकी करंट लगने से मौत हो गई थी। परिवार वालों ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम के बाद प्रखर का शव लेकर घर वापस आ रहे परिजनों ने पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर प्रखर का शव रख दिया था और बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ जाम लगाकर प्रदर्शन करने लगे थे। जाम में चार एंबुलेंस भी फंसी रही। प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी ने बताया कि एसआई सुनील बाबू अवस्थी की तहरीर पर मृतक के परिजनों और 80 से 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 221,223,126 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शिवभक्तों के स्वागत को तैयार छोटी काशी

कामता सिंह कुशवाहा, संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः शिव भक्तों की अटूट आस्था और उत्सव संस्कृत से ओतप्रोत कांवड़ियों की यात्रा के लिए प्रसिद्ध शिवनगरी में इस बार एक अलग ही नजारा दिखेगा। छोटी काशी के रेलवे स्टेशन को अमृत योजना के तहत सजाया संवारा गया है। जो रात में बिजली की रंग बिरंगी रोशनी में अलग ही छटा बिखेर रहा है। सावन माह भर आस पास के जिलों के शिव भक्त मंदिर में जलाभिषेक के लिए आते हैं। ऐसे में शिव भक्तों के रूकने का सहारा रेलवे स्टेशन से लेकर रोडवेज बस स्टैंड सहित धर्मशाला और कॉलेज आदि का परिसर बनता है। मगर, इस बार भक्तों के लिए रेलवे स्टेशन भी सजधजकर तैयार है। पीएम मोदी ने अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण कराया है। छोटी काशी होने की वजह से गोला स्टेशन का बेहद आकर्षक है। रात में जगमगाती रंग बिरंगी लाइटों में इसकी सुंदरता को और चार चांद लग जाते हैं।

बिजली की भव्य लाइट से जगमगाता रेलवे स्टेशन। अमृत विचार

▸▸ आज से सड़कों पर दिखेगा कांवड़ यात्रा का भक्तिमय नजारा

सुरक्षा के लिए पर्याप्त माजूद रहेगा पुलिस : छोटी काशी में सावन माह के दौरान सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं।एक कंपनी पीएसी के साथ काफी संख्या में महिला एवं पुलिस कर्मियों के साथ होमगार्ड आदि को तैनात किया गया है। शिव मंदिर के अलावा भूतनाथ मंदिर, अहमदनगर के क्लेशहरण मंदिर, कंजा के बरमबाबा देवस्थान, टेढेनाथ धाम सहित अलीगंज रोड, लखीमपुर रोड पर पुलिस मौजूद रहेगी। इसके अतिरिक्त नीलकंठ मैदान में अस्थाई पुलिस चौकी भी बनाई गई है।

स्वास्थ्य टीम भी रहेगी मौजूद

सावन माह भर में कांवड़ियों के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य महकमा बेहट अलर्ट है। इसके लिए कंजा के देवस्थान, रिलायंस पेट्रोल पंप एवं मंदिर परिसर में एक डॉक्टर सहित फार्मासिस्ट व स्टाफ की टीम शिफ्ट अनुसार 24 घंटे मौजूद रहेगी। इसके अलावा खुटाररोड पर फूल बाबा आश्रम के निकट एक, नीलकंठ मैदान में दो और कंजाबाबा स्थान पर एक एंबुलेंस मौजूद रहेगी।

पहले सोमवार से सावन माह का आगाज, भक्ति में डूबी छोटी काशी

शिव शंकर का जलाभिषेक करने के लिए आएंगे लाखों कांवड़िए , लगेंगे भोलेनाथ के जयकारे

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः शिव माह यानि सावन माह का आज से आगाज हो रहा है। इसको लेकर शिव भक्तों में बेहद उत्साह है, क्योंकि सावन माह में भगवान भोलेनाथ के पूजन का विशेष महत्व होता है। हालांकि इस बार सावन माह का महत्व और भी ज्यादा है, क्योंकि शिव माह की शुरुआत और समाप्ति सोमवार हो रही है। छोटी काशी में एक माह तक कावंडियों की धूम रहेगी। शिव भक्तों के लिए नगर पालिका से लेकर जिला प्रशासन की और से व्यापक तैयारियां की गई हैं। भक्तों को जलाभिषेक के लिए मंदिर जाने में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए मंदिर परिसर के आस पास से लेकर सड़कों पर बेरिकेटिंग कराई गई है।

इस बार सावन में छोटी काशी आकर भोलेनाथ जलाभिषेक कर दर्शन करने वालों की संख्या उम्मीद से ज्यादा रहने वाली है। सावन माह 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त तक रहेगा। ऐसा कई सालों बाद हो रहा है जब सावन माह की शुरुआत और समापन सोमवार के दिन ही हो रहा है। इसलिए इस बार सावन के इस विशेष माह को लेकर शिव भक्तों में खासा उत्साह है। शिव भक्तों से लेकर कांवड़िए भगवान शिव की पूजा, उपासना एवं जलाभिषेक करने के लिए छोटी काशी के लिए निकल चुके हैं।

गोकर्ण तीर्थ में स्थापित भगवान शंकर की मूर्ति

पौरणिक शिव मंदिर का गर्भगृह

जलाभिषेक के लिए एक से तीन किमी चलना होगा पैदल

अलीगंज रोड से आने वाले शिवभक्तों को मंडी समिति पार्किंग स्थल से डेढ़ किलोमीटर, लखीमपुर रोड साजिद नगर में बनाये गए पार्किंग स्थल और मोहम्मदी रोड अग्रवाल राइस मिल स्थित पार्किंग स्थल से तीन किलोमीटर और खुटार रोड से आने वाले श्रद्धालुओं को एक किलोमीटर पैदल चलकर शिवमंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करना होगा।

सावन सोमवार व्रत

पहला सोमवार	22 जुलाई
दूसरा सोमवार	29 जुलाई
तीसरा सोमवार	5 अगस्त
चौथा सोमवार	12 अगस्त
पांचवां सोमवार	19 अगस्त

संवाददाताः पौराणिक शिव मंदिर तक पहुंचकर पूजन और जलाभिषेक करने में भक्तों को कोई दिक्कत न हो इसलिए प्रशासन ने तीर्थ परिसर व सड़कों पर बेरिकेंटिंग की गई है, जिससे भक्त लाइन में लगकर आसानी से मंदिर तक जाकर पूजा अर्चना कर सकें।

अग्रवाल राइस मिल में बना अस्थाई रोडवेज बस अड्डा : सावन माह में रोडवेज बसों के लिए अस्थाई बस अड्डा मोहम्मदी रोड पर अग्रवाल राइस मिल परिसर में बनाया गया है।

पालिका जलाभिषेक के लिए देगी निःशुल्क गंगाजलः नगर पालिका प्रशासन ने पिछले वर्षों की भांति इस बार भी शिव भक्तों के लिए निःशुल्क गंगाजल का इंतजाम किया है।

छोटी काशी का पौराणिक शिव मंदिर।

इन जगहों पर लगे बैरियर

एसडीएम एवं ईओ विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि नगर सीमा के अलावा तीर्थ व मंदिर परिसर में चार बैरियर लगाए गए हैं। पहला गोकर्ण तीर्थ प्रारंभ होते ही, दूसरा माली वाली गली की शुरुआत पर, तीसरा बरेली धर्मशाला और चौथा शिव मंदिर के निकट। इन पर महिला एवं पुरुष पुलिस मौजूद रहेगी।

इन जगहों पर पार्किंग स्थल

कांवड़ यात्रा में शामिल वाहनों के लिए चार पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसमें अलीगंज से गोला आने वाले वाहनों को मंडी समिति में, खुटार रोड के वाहनों को मिल यार्ड, लखीमपुर रोड के वाहनों को वाहनों को साजिदनगर और मोहम्मदी रोड के वाहनों को अग्रवाल राइस मिल के पास खड़ा कराया जाएगा।

मांगे पूरी न होने पर 29 से होगा शिक्षकों का धरना

शिक्षकों को संबोधित करते शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को बैठक कर मांगे पूरी न होने तक काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य करने का निर्णय लिया है। साथ ही डिजिटलाइजेशन का विरोध जारी रखकर 29 जुलाई से क्रमिक अनशन शुरू करने की हुंकार भरी है।

जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के संयुक्त मोर्चे ने काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य कर डिजिटलाइजेशन का अनवरत विरोध करने का निर्णय लिया है, जो अनवरत जारी है। महानिदेशक के साथ हुई बैठक की कार्यवृत्ति अब तक लिखित रूप में प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए मांगे पूरी न होने पर 29 जुलाई से प्रदेशव्यापी क्रमिक धरना शुरू होगा। इसके लिए सभी शिक्षक लखनऊ चलने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि शिक्षक पंजीकृत मोबाइल नम्बर से प्रेरणा ऐप से तब तक कार्य न करें, जब तक समिति गठित कर उसमें मोर्चे के लोगों को शामिल कर समिति की अंतिम रिपोर्ट न आ जाए, क्योंकि मुख्य सचिव ने सभी प्रकरणों के निस्तारण के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया है। जिला महामंत्री संतोष भार्गव ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा का आदेश कि प्रार्थना सभा में शिक्षक, बच्चों के साथ खुद की सेल्फी भेजें, जो निजता का उल्लंघन है। मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश त्रिवेदी, राजीव दुबे, कुशल कुमार, वीरेंद्र शुक्ला, शिव गोविन्द गुप्ता, सुषमा गुप्ता, हरिवंश लाल, मुन्ना लाल, विनोद कुमार, दिनेश चंद्र वर्मा, योगेंद्र नाथ शर्मा, डॉ. संजय गौतम, युवराज शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

▸▸ मांगे पूरी न होने तक काली पट्टी बांधकर होगा शिक्षण कार्य

47 बच्चों के बनेंगे दिव्यांग प्रमाण-पत्र

संवाददाता, मितौली, अमृत विचार : समकेतिक शिक्षा के अंतर्गत 6 से 19 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए संविलियन विद्यालय कस्ता में बीईओ मितौली भगवान राव की अध्यक्षता में कैंप आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रकार के दिव्यांग 67 बच्चों का जिला अस्पताल से आई डॉक्टरों की टीम ने परीक्षण किया। परीक्षण में 47 दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने की संस्तुति की गई है।

तीर्थ पर बैरिकेडिंग के विरोध में धरना

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः तीर्थ परिसर पर बैरिकेडिंग लगाने से तीर्थ पर बैठने वाले पंडा आक्रोशित हो गए। रविवार की शाम बड़ी संख्या में पंडा देर शाम कोतवाली गेट पर पहुंचे और समिति अध्यक्ष अशोक जोशी के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी पंडा तीर्थ परिसर में लगाई गई बैरिकेडिंग हटाए जाने की मांग कर रहे हैं।

पंडा समिति के अध्यक्ष अशोक जोशी ने बताया कि तीर्थ परिसर में तख्त डालकर बैठने वाले पंडों के सामने और उनके निकास में लोहे की बैरिकेडिंग कर दी गई है। जाली लगाकर रास्ते को बंद कर दिया गया है। इससे उन तक श्रद्धालु व यजमान नहीं पहुंच पाएगा। इससे उनके सामने रोजी रोटी प्रभावित होने की उम्मीद है। पंडों का कहना है कि रास्ता बंद होने से उनको और उनके यजमानों को असुविधा होगी। तीर्थ के पंडों ने कोतवाली गेट के पास नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए सेल्फी प्वाइंट में बने पार्क में बैठकर स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पंडित दीनानाथ शास्त्री, कृष्ण कुमार मिश्र, केके भट्ट, रामलखन जोशी, मुक्तानंद, संजय कुमार, पिंटू पंडित, गौरक्षा प्रमुख भारतीय बजरंग दल अनूप गुप्ता, गगन कुमार, सुनील हरगांव, मुन्नालाल जोशी, पं तेजनरायन, जमुना प्रसाद, संजय शर्मा, गंगा प्रसाद, अनिल कुमार, शिवम, श्यामू, आदित्य कुमार, प्रभाकर, नन्हें आदि मौजूद रहे।

गोला में कोतवाली गेट पर बैठे पंडा। अमृत विचार

सावन माह में बना अद्भुत संयोग, 5 सोमवार संग होंगे 4 मंगला गौरी व्रत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः सावन माह में इस बार पांच सोमवार होगें। इस बार इस अद्भुत संयोग से सावन का महत्व भक्तों में काफी बढ़ गया है। इस बार चार मंगला गौरी व्रत भी होगें।

देवकली तीर्थ के श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद दीक्षित ने बताया कि सावन माह में पांच सोमवार पड़ना बहुत शुभ माना जाता है, क्योंकि सावन का हर दिन अत्यंत फलदायी होता है। इसके अलावा इस बार सावन माह की महत्व और ज्यादा है, क्योंकि सोमवार से शुरू होकर सोमवार को ही समाप्त हो रहा है। इस माह पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करता है। उन्होंने बताया कि पंचांग अनुसार 22 जुलाई से सावन का महीना शुरू होकर 19 अगस्त को समाप्त होगा। इसके अलावा सावन माह में कई सालों बाद चंद्र महाअधियोग भी बन रहा है।

सावन में पांच सोमवार के साथ चार मंगला गौरी व्रत

महंत प्रमोद दीक्षित ने बताया कि पांच सोमवार के साथ मंगला गौरी के चार व्रत भी पड़ेंगे। जो एक शुभ संयोग है। सावन महीने में भगवान शिव की आराधना पूजा विशेष फलदाई और मनोरथ पूर्ण करने वाली होती है। कई दशकों बाद ऐसा शुभ सहयोग निर्मित हो रहा है। इस साल सावन के कृष्ण पक्ष में दो सोमवार और शुक्ल पक्ष में तीन सोमवार पड़ रहे हैं, जो की भक्तों के लिए बहुत ही लाभकारी होंगे।

मंगला गौरी के होंगे व्रत

पहला	23 जुलाई
दूसरा	30 जुलाई
तीसरा	06 अगस्त
चौथा	13 अगस्त

स्वच्छता टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ब्लाक प्रमुख बोले-जल की बर्बादी रोकने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत

संवाददाता, मोहम्मदी

अमृत विचारः राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग व जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा आइसी कार्यक्रम के तहत विकास खंड मोहम्मदी में पेयजल एवं स्वच्छता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वच्छता टीम के वाहन को ब्लॉक प्रमुख ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ब्लांक प्रमुख महेन्द्र कुमार बाजपेई ने कहा कि जल की बर्वादी रोकने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। आने वाली पीढ़ी के लिए जल बचाना जरूरी है। खण्ड प्रेरक विनय पांडे ने पेयजल एवं स्वच्छता पर विस्तार से जानकारी देते हुए स्वच्छता टीमों का उत्साह बर्धन करते हुए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। राज्य प्रशिक्षक जनार्दन बाबू मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर जन जागरुकता टीमें ब्लाक क्षेत्र के हर राजस्व गावों में जाकर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, टीशर्ट (जेजेएम लोगों सहित) व आईसी प्रचार सामग्री वितरण कर आमजन मानस को पेयजल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत गोविंद प्रसाद ने कहा कि जल ही जीवन है। इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देने के लिए नुक्कड़ नाटक का माध्यम अच्छा है। इससे लोगों मे जागरूकता आयेगी। उन्होंने सभी ग्राम प्रधान एवं ब्लाक कर्मियों से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के बाद स्वच्छता टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।. कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, ब्लांक कर्मी पार्वती वर्मा, फाल्कन संस्था के डीपीसी मनोज सिह, क्वार्डिनेटर दीपक शर्मा, आशीष, सोनू कुशवाहा, रीतेश विश्वकर्मा, सरवन सिह, अनिकेत मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मोहम्मदी में स्वच्छता टीम वाहन को रवाना करते ब्लॉक प्रमुख।

इंस्पेक्टर मोहम्मदी, फरधान एसओ लाइन हाजिर, 3 और इंस्पेक्टर बदले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः गांव गरदहा में ताजिया के हाईटेंशन लाइन में छूने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि 18 लोग झुलस गए थे। इस मामले में लापरवाही मिलने के बाद एसपी ने प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी चंद्रशेखर सिंह और क्राइम कंट्रोल करने में विफल रहे। एसओ फरधान कौशल किशोर को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही तीन अन्य थानों के प्रभारी निरीक्षकों को बदला है।

बतादें कि मोहर्रम के अगले दिन अमीरनगर में हाईटेंशन बिजली लाइन से ताजिया टकराने से हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आने पर एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मोहम्मदी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर थाना भीरा के प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह को भेजा है। इंस्पेक्टर शिवाजी दुबे को थाना भीरा का प्रभारी निरीक्षक, मैलानी प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार को इसी पद पर थाना फरधान भेजा है। जबकि डीसीआरबी के प्रभारी राजेश सिंह को थाना मैलानी का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। थाना फरधान एसओ एसआई कौशल किशोर को पुलिस लाइन भेजा है।

सार-संक्षेप

औषधीय पौधे लगाकर आयुष वन की स्थापना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : पेड़ लगाओ- पेड़ बचाओ एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयुर्वेदिक अस्पताल ओयल में आयुष वन की स्थापना की गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मुनीन्द्र प्रताप ने रविवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर और राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में औषधीय के साथ फल एवं छायादार पौधे लगाकर आयुष वन की स्थापना की। इनमें नीम, अमरूद, जामुन, सहजन, नींबू, अर्नीसिया, बकैना, इमली, अशोक आदि के पौधे लगाए गए। इस दौरान अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

आयुर्वेद अस्पताल में औषधीय पौधा लगाते क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. हरबंश।

मेडिकल कॉलेजः परिसर में प्रधानाचार्य ने रोपा पौधा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : वन महोत्सव के तहत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर के मुख्य कैंपस में प्रधानाचार्य आर्य देश दीपक तिवारी ने पौधे लगाए। उन्होंने परिसर को ग्रीन बनाने के लिए कॉलेज प्रोफेसर एवं कर्मचारियों से पौधरोपण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बिना जीवन संभव नहीं है। डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. अपर्णा दीक्षित, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. गीतिका मोहन, डॉ. प्रमोद कुमार, फार्मासिस्ट नीरज शुक्ला, गीतांजलि आर्य व सरिता सिंह मौजूद रहीं।

पौध रोपकर पानी देते प्रधानाचार्य आर्य देश दीपक तिवारी। अमृत विचार

प्रधानसंघ अध्यक्ष ने रोपे पांच हजार पौधे

पौधरोपण के लिए पौधे लेकर जाते बच्चे व प्रधान संघ अध्यक्ष हरजिंदर सिंह।

संवाददाता, कुकरा, अमृत विचार : ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत हजरतपुर में प्रधान संघ अध्यक्ष प्रधान हरजिंदर सिंह ने पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम के आवाहन पर हजरतपुर, लोकिहा, सेनपुर, बलारपुर, रत्नापुर में सागौन, आम, जामुन, बेल, पीपल, बरगद, अंजीर, इमली आदि के पांच हजार पौधे रोपे। पंचायत मित्र रंजीत सिंह, बंशी लाल, लक्ष्मण प्रसाद आदि मौजूद रहे। पौधारोपण कार्यक्रम किया।

सर्पदंश से युवक व मवेशी की मौत

संवाददाता, सिंगाही। अमृत विचार : थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव निबौरिया में सर्पदंश से एक युवक और मवेशी की मौत हो गई। गांव निबौरिया निवासी मंगरे (68) पुत्र रतनू शनिवार की रात घारी में बंधी भैंस को देखने गया था तो देखा कि भैंस के मुंह से झाग निकल रही थी। इसी दौरान वहां बैठे जहरीला सांप ने मंगरे को भी डस लिया। उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले जाते। इससे पहले ही मंगरे की मौत हो गई। उधर भैंस ने भी दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस ने दौड़ाया तो चोरी की अपाचे छोड़ भाग निकला युवक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : शहर के एक शोरूम से सर्विस के लिए खड़ी की गई बाइक को यूपी 112 पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस का दावा है जब उसने बाइक का पीछा किया तो युवक बाइक छोड़कर गन्ने के खेत में भाग निकला। बरामद बाइक थाना नीमगांव पुलिस के सुपुर्द की गई है। बता दे कि करीब पांच दिन पहले एक अपाचे बाइक शहर के सिंह मोटर्स पर सर्विस के लिए आई थी, जो चोरी हो गई थी। बाइक स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने सिंह मोटर्स के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार की देर शाम नीमगांव थाना क्षेत्र की पीआरवी 2880 गश्त कर रही थी। इस दौरान पीआरवी पर तैनात कर्मचारी जेडी सिंह की नजर अपाचे पर पड़ी। पुलिस ने जब गाड़ी का पीछा किया तो चालक अपाचे छोड़कर गन्ने के खेत में भाग निकला। पीआरवी ने बरामद अपाचे नीमगांव थाने की पुलिस के सुपुर्द किया है। थानाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने बताया की जांच में बाइक लखीमपुर शहर के सिंह मोटर्स से चोरी होने की पुष्टि हुई है।

प्रेमपाल हत्याकांडः आरोपी दंपती गिरफ्तार

संवाददाता, उचौलिया। अमृत विचार : ग्राम मड़ैया में अपने सगे भाई प्रेम पाल की हत्या करने वाले अमर पाल और उसकी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेजा है। पुलिस ने आरोपी अमर लाल के पास डंडा और उसकी पत्नी सुमन देवी की निशानदेही पर ईंट बरामद की है। बतादें कि शुक्रवार की रात दोनों आरोपियों ने प्रेमपाल की उस समय डंडे और ईंटों से प्रहार कर हत्या कर दी थी। जब वह अपने सबसे छोटे भाई की पत्नी को अमर लाल की मारपीट से बचाने गया था। इस घटना में अपने पिता को बचाने गए सुनील कुमार और जयंती पत्नी अभिनंदन भी घायल हुई थी। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

डबल ट्राली और ट्राला पर रहेगी रोकः प्रशिक्षु सीओ

पसगवां, अमृत विचार : थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में कांवड़ यात्रा के संबंध में प्रशिक्षु सीओ स्वर्णिमा सिंह ने प्रधानों और संभ्रांत नागरिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा पर डबल ट्राली और ट्राला नहीं चलेगें। चालक शराब के नशे में न हों और वाहनों की गति सीमा अधिक न हो। भंडारा आयोजित करने से पहले पुलिस को जानकारी दी जाय। महिलाओं की कांवड़ यात्रा की जानकारी भी पुलिस को दी जाए। अश्लील गाने नहीं बजने चाहिए। सावन माह में मांस की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस की व्यवस्था की जाय। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी दशा में असामाजिक तत्वों बख्शा नहीं जाएगा। दुकानदार अपनी दुकानों के आगे अपना नाम जरूर लिखें। बैठक में थाना प्रभारी दीपक राठौर व कई प्रधान मौजूद रहे।

आरोग्य मेले में लैब टेक्नीशियन मिला गायब

संवाददाता, मैलानी, अमृत विचार : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आयोजित जन आरोग्य मेले में लैब टेक्नीशियन करन गायब मिले। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी भी सटीक जानकारी नहीं दे सके। चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि एलटी करन ड्यूटी पर तो आया है, लेकिन कहाँ चला गया है, इसके बारे में जानकारी नहीं है। फिलहाल एलटी करन रोज देर से अस्पताल आते हैं। इसकी सूचना सीएचसी अधीक्षक बांकेगंज को भेजी जा चुकी है। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक बांकेगंज डॉ. अमित ने बताया कि आरोग्य मेले से लैब टेक्नीशियन के गायब होने की रिपोर्ट पीएचसी प्रभारी यदि भेजेंगे, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

खाली पड़ी लैब टेक्नीशियन की कुर्सी।

मैलानी पलिया रेलखंड पर 20 अगस्त तक नहीं चलेंगी ट्रेन

संवाददाता, मैलानी : अमृत विचार : मुख्य जनसंपर्क अधिकारी गोरखपुर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ मंडल के भीरा-पलियाकलां स्टेशन के मध्य कटान होने की वजह से मैलानी बिछिया के बीच चलने वाली ट्रेनों का संचालन बन्द था। अब तक स्थितियां सामान्य न होने की वजह से 20 अगस्त तक रेल यातायात बाधित रहेगा। ऐसे में मैलानी-बिछिया और मैलानी-नानपारा के बीच चलने वाली अनारक्षित विशेष गाड़ियों का संचालन 20 अगस्त तक निरस्त रहेगा।बढ़ा दिया गया है।

किशोरी को लखनऊ मेट्रो स्टेशन पर छोड़कर युवक फरार

संवाददाता, पसगवां। अमृत विचार : थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर लखनऊ ले गया और उसे मेट्रो स्टेशन पर छोड़कर भाग निकला। एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी 17 जुलाई को मैगलगंज में एक मैरिज लान में लगे कैंप में आयुर्वेद की ट्रेनिंग करने जाने की बात कहकर घर से गई थी। इस दौरान सीतापुर के थाना इमलिया के ग्राम भगवंतापुर निवासी रीतेश उसे मिला और बहला-फुसलाकर कर ले गया। दूसरे दिन लखनऊ में एक मेट्रो स्टेशन पर छोड़कर चला गया। पीड़ित पिता ने आरोपी रीतेश के फूफा अनुज कुमार और बुआ कंदुल दीक्षित पर उसकी पुत्री पर शादी के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक नजर

अधेड़ ने घर के अंदर पत्नी की साड़ी से लगाई फांसी

हरदोई। अधेड़ का शव घर के अंदर फांसी पर लटका देखा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली शहर के शंकरबक्श पुरवा निवासी 49 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र झम्मन लाल मेहनत-मज़दूरी कर अपना परिवार चला रहा था। परिवार में पत्नी कन्यावती के अलावा एक बेटी है। रविवार की सुबह जब उसकी पत्नी नींद से जागी तो पति का शव फांसी के फंदे से लटका पाया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसके घर वालों से पूछताछ की। राजेश के भाई उदय प्रताप ने बताया कि राजेश शराब का लती था। शनिवार की शाम को भी नशे की हालत में घर पहुंचा और आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ई-रिक्शा चालक को दबंगों ने पीटा, तहरीर पर केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। अल्लाहपुर तिराहा से बस स्टैंड तक रिक्शा न ले जाना एक रिक्शा चालक को महंगा पड़ गया। कुछ दबंगों ने रिक्शा न ले जाने के कारण उसे लाठियों से पीटा। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गिगियानी निवासी दीपक राठौर के अनुसार वह अल्लाहपुर तिराहा से अगमपुर तक ई-रिक्शा चलाता है। रविवार को वह अल्लाहपुर तिराहा पर आगमपुर के लिए सावरियां बैठा रहा था। उसी समय कुछ कुछ लोगों ने उसे बस स्टैंड चलने के लिए कहा। दीपक ने बस स्टैंड जाने से मना किया तो दबंगों ने उसे लाठियों और डंडों से पीटा, जिससे उसे काफी चोटें आईं हैं। घटना की रिपोर्ट अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई।

पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

शाहाबाद, हरदोई। पाली बाईपास पर बजरिया के सामने एक तेज रफ्तार पिकअप डाला ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार जख्मी हो गया। जख्मी बाइक सवार को अस्पताल ले जाया गया है। शाहाबाद कोतवाली के पाली बाईपास पर बजरिया मोहल्ले के सामने पिकअप डाला अल्लाहपुर की ओर से जा रहा था। कालागाड़ा का रहने वाला युवक बाइक से अल्लाहपुर जा रहा था। तेज रफ्तार पिकअप डाला ने बाइक सवार के पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार जख्मी हो गया। उसे अस्पताल भिजवाया गया है।

कोटेदार की मौत के बाद भी उसी के नाम से चल रही थी राशन की दुकान

विधायक की शिकायत पर जांच में हुआ खुलासा, बेटे पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कोटेदार के मरने के बाद सरकार को धोखा देते हुए सरकारी राशन की दुकान चल रही थी। मामला खुला तो सरकार से धोखा करने वाले के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। लेकिन रिपोर्ट में भी खेल कर दिया गया, तहरीर में कहा गया कि कोटेदार की मौत के बाद भी उसका कोटा चल रहा था, लेकिन इस बात का कोई ज़िक्र नहीं है कि ऐसा हो रहा था तो किसके इशारे पर हो रहा था। यानी कि सप्लाई ऑफिस के जिम्मेदार लोगों को बचाने की पूरी कोशिश की गई है।

मामला भरावन ब्लॉक की जगसरा सरकारी राशन की दुकान है। सण्डीला विधायक अलका राजवंशी ने 24 मई को शिकायत की थी कि जगसरा का कोटेदार कालाबाज़ारी कर रहा है। शिकायत माननीय की थी तो सप्लाई ऑफिस तुरंत हरकत में आ गया, उसी दिन बिलग्राम और सवायजपुर के सप्लाई इंस्पेक्टर से जांच कराई गई। जांच टीम जगसरा पहुंची तो वहां बताया गया कि कोटेदार शिवबालक की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके बाद दुकान कनौरा आंट से अटैच कर दी गई है। टीम कनौरा आंट पहुंची तो पाया गया कि वहां की राशन की दुकान समूह के नाम एलाट है। लेकिन जगसरा की दुकान अटैच नहीं है। समूह की सुशीला देवी ने बताया कि एक बार सप्लाई इंस्पेक्टर सुमित कुमार सिंह ने उससे कहा था कि जगसरा की ई-पास मशीन अपने पास रखो और अपना या अपने पति का अगूंठा लगाकर काम चलाओ। लेकिन सुशीला के पास इसका कोई लिखित आदेश नहीं था और न ही कनौरा आंट की राशन दुकान में किसी दूसरी राशन की दुकान की सप्लाई नहीं पाई गई। उधर जगसरा के लोगों का कहना है कि उन्हे कोटेदार का पुत्र सोनू सिंह उर्फ श्रीपाल ही राशन बांटता है। पहले उपभोक्ताओं के अंगूठा लगवाता तब कहीं महीनों बाद आधा-अधूरा राशन मिलता। तमाम गांव वालों ने ऐसे ही बयान दिए। कोटेदार की मौत के बाद उसके नाम से दुकान संचालित होने पर ग्रामीणों ने भी आश्चर्य जाहिर किया। क्या कोई भी खुद को कोटेदार बताकर सरकारी गोदाम से राशन उठा सकता है। इस मामले में सर्किल के सप्लाई इंस्पेक्टर पिंटू सिंह ने अतरौली पुलिस को जो तहरीर दी है, उसमें सोनू सिंह उर्फ श्रीपाल पर ही सारे आरोप लगाए गए हैं। लेकिन इसमें सप्लाई ऑफिस के कुछ लोगों की मिलीभगत के बिना यह खेल नहीं हो सकता।

कालाबाज़ारी सहित कई धाराओं में दर्ज किया केस

अतरौली पुलिस ने सर्किल के सप्लाई इंस्पेक्टर पिंटू सिंह की तहरीर पर जगसरा ब्लाक भरावन के कोटेदार शिवबालक के पुत्र सोनू सिंह उर्फ श्रीपाल के खिलाफ कालाबाज़ारी और कई धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। उसमें जो भी शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी कर दो क्लीनिक किए सील

संवाददाता, पाली, हरदोई

अमृत विचार। कस्बा सहित क्षेत्र में इन दोनों झोलाछाप की भरमार है, यह झोलाछाप बिना किसी डिग्री डिप्लोमा के मरीज का इलाज करते हैं और साथ ही बिना पंजीकरण के क्लीनिक भी संचालित कर रहे हैं। शनिवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भरखनी डॉ आनंद कुमार शुक्ला और टीम ने पाली कस्बे के दो क्लिनिकों सील कर दिया।

पाली कस्बे की बाजार में नगर पंचायत कार्यालय के पास एक व्यक्ति द्वारा क्लिनिक संचालित किया जा रहा था, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भरखनी डॉ आनंद कुमार शुक्ला ने अपनी टीम के साथ यहां छापा मारा और यहां मौजूद व्यक्ति से उसकी चिकित्सी डिग्री और क्लिनिक संचालन संबंधित दस्तावेज तलब किए, जिस पर वह कोई भी कागजात नहीं दिखा सका। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया है।

क्लीनिक को सील करती छापेमारी टीम। अमृत विचार

इसी तरह कस्बे के बैरियर चौराहे के पास क्लीनिक पर भी स्वास्थ्य विभाग टीम ने छापा मारा और क्लीनिक संचालन संबंधी दस्तावेज व डॉक्टर की डिग्री डिप्लोमा मांगने पर यहां मौजूद व्यक्ति कोई कागजात नहीं दिखा पाया। जिसके बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया है।

डॉ आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि पिछले काफी समय से झोलाछाप डॉक्टरों की शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंच रही थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी में कोई भी दस्तावेज न दिखाए जाने पर उपरोक्त दोनों क्लीनिकों को सील कर दिया गया, भविष्य में भी झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान डॉ रघुनाथ अग्निहोत्री भी मौजूद रहे।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY

STAFF REQUIRED

Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)

Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)

Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)

PRO
Qualification: Graduation

Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year

Salary No Bar for Deserving Candidates

How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.

HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। ग्राम रैसो, बघूआमऊ, समोधा, जमसारा के ग्रामीणों ने ने एसडीएम तान्या सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि उनकी भूमि का अधिग्रहण यूपीएसआईडीसी संडीला द्वारा किया जा रहा है। भूमि भवनीय एवं औद्योगिक क्षमता की भूमि है, उनकी गांवों में तमाम औद्योगिक इकाइयां काम कर रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि भूमि का दोगुना मुआवजा दिया जाए, हर किसान के परिवार से एक सदस्य को नौकरी दी जाए। प्रधानमंत्री आवास दिया जाए। जिन किसानों की सम्पूर्ण खेती जा रही है उन किसानों को 10 साल काम का ठेका दिया जाए। मकान के अधिग्रहण पर किसानों को नया मकान दिया जाए।

बाढ़ प्रभावितों को दिया गया शत प्रतिशत गृह अनुदान : डीएम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि हाल में गर्रा नदी में आयी बाढ़ के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 5210 खाद्यान्न किट व 59573 लंच पैकेट वितरित किये गए। खाद्यान्न किट के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को आटा, चावल, अरहर दाल, आलू, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, सरसों का तेल, नमक दिया गया।

इसके साथ ही अन्य राहत सामग्री में लाई, भुना चना, गुड़, बिस्कुट, माचिस, मोमबत्ती, नहाने का साबुन, जरीकेन व तिरपाल दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब तक कुल 52592 लोगों को उपचारित किया गया है। 71210 ओआरएस पैकेट व 76841 कलोरीन की गोलियां वितरित की गयी हैं। पशुपालन विभाग की टीमों द्वारा कुल 25300 पशुओं को उपचारित व 70554 पशुओं का टीकाकरण किया गया है। 321 कुंतल भूसे का वितरण कराया गया है। जिन लोगों के मकान बाढ़ से प्रभावित हुए हैं उनको शत प्रतिशत गृह अनुदान डीबीटी के माध्यम से दिया जा चुका है। तहसीलों के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 11 पक्के मकान, 64 कच्चे मकान व 76 झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हुई। जिन लोगों के मकान बाढ़ से गिर गए हैं और उनके लिए अन्यत्र रहने के लिए कोई स्थान नहीं है उनको पात्रता के आधार पर नया मकान देने के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। पशु हानि के मामले में भी शत प्रतिशत अनुदान प्रभावित परिवारों को दिया जा चुका है। बाढ़ के दौरान जनपद में कुल 105 बाढ़ शरणालय स्थापित किये गए। इन शरणालयों में कुल 1014 लोगों को ठहराया गया। 2468 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बाढ़ से जनपद का कुल 23415.4658 हेक्टेयर क्षेत्रफल प्रभावित हुआ। जिसमें से 17527.565 हेक्टेयर कृषि भूमि है है। इस प्रभावित कृषि भूमि में बोया गया क्षेत्रफल 12342.4 हेक्टेयर शामिल है।

दरवाजे के बाहर पड़े मिले अधेड़ की मौत

हरदोई, अमृत विचार। पत्नी और बच्चे खेत पर धान की बेड़ लगाने गए हुए थे। उसी बीच उसे पड़ोसियों ने बताया कि उसका पति दरवाज़े के बाहर पड़ा हुआ है। खेत से घर पहुंची पत्नी उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गई, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। वहां के डाक्टरों ने मौत की वजह प्वाइज़निंग बताया। कोतवाली देहात के मन्नापुरवा नगर निवासी 50 वर्षीय रामलाल के परिवार में पत्नी रामवती के अलावा 5 बेटे और 2 बेटियां हैं। शनिवार को रामवती पति को घर पर छोड़कर अपने बच्चों के साथ खेत पर धान की बेड़ लगाने गई हुईं थी, शाम को उसी के पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी कि उसका पति दरवाज़े के बाहर पड़ा हुआ है।

शादी से पहले दूल्हे ने मांगी कार, दुल्हन ने दे दी जान

हरदोई, अमृत विचार। शादी होने से पहले ही दूल्हे ने दुल्हन को फोन किया और कार की मांग रखी। दुल्हन ने घर वालों की मजबूरी का हवाला दिया, लेकिन उसने एक न सुनी। दूल्हे के इस रवैए से दुल्हन को ऐसा सदमा पहुंचा कि उसी रात उसने फांसी लगा कर जान दे दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली शहर की गुप्ता कालोनी नई बस्ती निवासी शिवाकांत शुक्ला उर्फ रानू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी बहन अंजू की शादी शहर के बावन चुंगी निवासी पकंज शुक्ला उर्फ टीटू के पुत्र शिवांशु शुक्ला के साथ तय थी। उसी बीच शिवा और उसके चाचा घर पहुंचे और दहेज़ में कार की मांग की। शिवाकांत का कहना है कि उसने कार दे पाने में असमर्थता जाहिर की। उसके बाद 14 जुलाई की रात शिवा ने अंजू को फोन किया और उससे भी दहेज में कार की मांग रखी। अंजू ने घर वालों की मजबूरी बताई लेकिन शिवा ने एक नहीं सुनी, उसी के सदमें में अंजू ने उसी रात को फांसी लगा कर सुसाइड कर लिया।

बाइक पुलिया से टकराकर खाईं में गिरी, एक की मौत व दूसरा रेफर

हरदोई, अमृत विचार। युवकों की बाइक पुलिया से टकरा कर खाईं में जा गिरी, जिससे एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां से उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। बेनीगंज कोतवाली के गिरई गांव निवासी 30 वर्षीय शशिकांत शनिवार को गांव निवासी 19 वर्षीय सुभाष के साथ पौधरोपण अभियान में मज़दूरी करने बघौली चौराहा आया हुआ था, वहीं से शाम को दोनों बाइक से वापस गांव जा रहे थे। उसी बीच उसकी बाइक बघौली से बेनीगंज रोड पर निर्माणाधीन शारदा नहर की पुलिया से टकरा कर खाईं में जा गिरी, जिससे दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। हादसे में शशिकांत की मौत हो गई।

तंत्र-मंत्र के फेर में फंसा किशोर साधु के चंगुल से बचकर भागा

हरदोई, अमृत विचार। ननिहाल आया किशोर मामा की दुकान पर बैठा था। उसी बीच बहाने से उसे साधुओं के साथ भेज दिया गया। किशोर की मानें तो उसे एक कमरे में बंद किया गया था और बलि देने की तैयारी थी, लेकिन वह किसी तरह वहां से भाग निकला। इसी मामलें में टड़ियावां पुलिस पर आरोप है कि वह सुनवाई नहीं कर रही है। सीतापुर ज़िले के हिरनी कला थाना पिसावां निवासी श्रवण कुमार ने पुलिस को दी तहरीर देकर टड़ियावां निवासी गोधन कटियार पर अपने बेटे अनूप कुमार को साधुओं के साथ बलि के लिए भेजने का आरोप लगाया है। घटना 18 जुलाई हो हुई जब अनूप अपने मामा की दुकान पर बैठा था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **सायरा बानो पत्नी सोहराब खां निवासी ग्राम सरैया, पोस्ट-बंधुआकलां, परगना-मीरानपुर, तहसील सदर, जिला-सुलतानपुर** मैने एक बैनामा गाटा 0-414/2मि0 क्षेत्रफल-0.0050 हे0 स्थित ग्राम- गोराबारिक, परगना-मीरानपुर, तहसील सदर, जिला-सुलतानपुर का लिया है। मैने उक्त बैनामा शालिनी अल्ला पत्नी मो0 नजरे आलम से दिनांक 02.03.2021 डीड नं0-2480 को लिया है। उक्त मदर डीड जो शालिनी अल्ला ने मो0 इरसाद खां पुत्र मो0 नसीर खा से खरीदा था जिसका बैनामा दिनांक 24.04.2014 बुक जिल्द नं0-5832, पेज नं0-1-16 डीड नं0-3384 जिला-सुलतानपुर दिनांक 15.06.2024 को वास्तव में खो गयी है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं **सुरेश कुमार सिंह पुत्र रामबख्स सिंह निवासी सिंगरिया संभालपुरवा थाना परसपुर जिला गोंडा** मेरे अपने पुत्र अंकुर कुमार सिंह को अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसका चाल-चलन ठीक नहीं है, वह शराबी है और उसकी संगत गलत लोगों के साथ है। 2021 से घर नहीं आया। परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। उसके द्वारा किसी भी कृत्य, लेनदेन से मेरा व परिवार के अन्य लोगों का वास्ता सरोकार नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे दो पुत्र अमित कुमार व देवेन्द्र कुमार पुत्र पुत्रगण मेवालाल अनुरागी है। देवेन्द्र कुमार को दो डंफर खरीदकर देने के बाद उसे अपनी संपत्ति का हिस्सा देकर अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। देवेन्द्र का चाल-चलन सही न होने के कारण उससे व उसकी पत्नी पूजा से मेरा कोई सरोकार वास्ता नहीं है अपने कृत्य के देवेन्द्र उसकी पत्नी पूजा स्वयं जिम्मेदार होंगे। -मेवालाल पुत्र नथुआ अनुरागी नि0 विवेक नगर कबरई, जि0 महोबा।

आवश्यकता है

श्री नारायण सिंह महाविद्यालय
ककरघटा, शाहाबाद, जिला- हरदोई
(सम्बद्धता - लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
बी.बी.ए. / बी.सी.ए पाठ्यक्रम
सहा. आचार्य (बी.बी.ए.) 03 पद
सहा. आचार्य (बी.सी.ए.) 03 पद
शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान- राज्य सरकार / यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रो की प्रमाणित प्रतियो, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक -9415564041

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वर्ष 2023 रोल नंबर 2237223150 वास्तव में खो गया है। **विवेक कुमार तिवारी पुत्र दिनेश कुमार तिवारी परसिया आलम राम नगर खुजुरी पयागपुर बहराइच**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं **सुरेश कुमार सिंह पुत्र रामबख्स सिंह निवासी सिंगरिया संभालपुरवा थाना परसपुर जिला गोंडा** मेरे अपने पुत्र अंकुर कुमार सिंह को अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसका चाल-चलन ठीक नहीं है, वह शराबी है और उसकी संगत गलत लोगों के साथ है। 2021 से घर नहीं आया। परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। उसके द्वारा किसी भी कृत्य, लेनदेन से मेरा व परिवार के अन्य लोगों का वास्ता सरोकार नहीं है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्वर्गीय तेज प्रताप का यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 1980 अनुक्रमांक 1161427 क्रम संख्या 087 329 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **- संजीव कुमार पुत्र स्वर्गीय तेज प्रताप निवासी-शाहगंज मुकीमपुर उर्फ पहाड़पुर जनपद- अयोध्या**

ज्वाला प्रसाद सिंह महाविद्यालय
महादेव नगर, नानेमऊ सुलतानपुर
में आवश्यकता है-
प्राचार्य पद हेतु।
योग्यता एवं वेतनमान - यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने अन्दर अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं दो स्वः पता लिखा लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
प्रबंधक
मो0नं0- 9792630538

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय-
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय-
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

एक नजर

चाचा और चाची पर पिटाई करने का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई। हिरौली गांव में चाचा ने बांस काटने का विरोध करने पर भतीजे और बहू को पीट कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घायल दंपति का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम हिरौली निवासी अमित राजपूत पुत्र राजेश के अनुसार दोपहर में चाचा बृजेश ने इसका एक बांस काट लिया। बांस काटने का विरोध करने पर चाचा ने उसे डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बकौल अमित कुमार जब उसने विरोध किया तो चाचा और चाची कमला ने उसे डंडों से पीटा। आवाज़ सुनकर उसकी पत्नी प्रियंका जब बचाने आई तो चाचा और चाची ने की पत्नी को भी पीटा जिससे दोनों को काफी चोटें आई। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

गैर हाज़िर चल रहा कांस्टेबल निलंबित

हरदोई। एसपी नीरज कुमार जादौन ने गैर हाज़िर चल रहे कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। साथ ही उन्होंने सख्ती के साथ कहा है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी की एस्कार्ट ड्यूटी में तैनात कांस्टेबल दिनेश कुमार गैर हाज़िर चल रहा था। एसपी के चेक करने पर इसका पता चला। उनकी इस कार्रवाई से पुलिस महकमें में खलबली मची हुई है।

लंगूर के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल

पाली, हरदोई। पचदेवरा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में लंगूर का आतंक है,

लंगूर कई ग्रामीणों पर हमला कर चुका है। गांव निवासी युवक लंगूर के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे परिजन नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गए। जहां घायल युवक को 13 टांके आए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से लंगूर को पकड़ने की मांग की है। पचदेवरा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में एक लंगूर कहीं से आ गया है, जो ग्रामीण पर आए दिन हमला कर देता है। गांव निवासी रोहित तिवारी ने रविवार को बताया कि उस पर भी लंगूर ने शनिवार को हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको परिजन शाहाबाद के सरकारी अस्पताल ले गए।

रचनात्मक कार्यों से जुड़ें और राष्ट्र का नवनिर्माण करें युवा : अतुल

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी में गुरु पूर्णिमा हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान गायत्री महामंत्र का अखंड जप व गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया गया। महायज्ञ में आहूतिया देने के लिए श्रद्धालुओं का हुजुम लगा रहा। यज्ञ का संचालन निखिल गुप्ता ,अनिल राठौर, रजनीश मिश्रा व अनुशर्मा आदि ने किया।

इस बीच प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने युग परिवर्तन व गुरुदेव के संस्करण सुनाएं। कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब भी कोई बड़ा परिवर्तन हुआ है तो उसमें युवा शक्ति का योगदान रहा है। आज का युवा भटका हुआ है, जल्दी सफलता की चाह में वह कई मार्गों पर चलने का प्रयास करता है। जबतक उसे समझ आती है तब तक बहुत देर हो जाती है। ऐसे में युवाओं को सही दिशा, विचारधारा देने की आवश्यकता है। स्वस्थ युवा होंगे तो राष्ट्र सशक्त होगा। प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने अपने प्रवचन के दौरान आए हुए भक्तों से कहा कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। फूल सिंह यादव, रामेश्वर शर्मा, सुनील राठौर, अनुराग राठौर, बाबा मेरिज हाल के मैनेजर वेद प्रकाश, धर्मेंद्र राठौर, पंकज वर्मा, भाजपा नेता मुसाबिर हुसैन जैदी, संजय सिंह रामनाथ सूर्या, गजुआ खेड़ा के श्रीपाल, गुड्डू रस्तोगी पतौन मिश्रा के रमेश चंद्र, देवेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

पाली संवाददाता के अनुसार गुरु पूर्णिमा पर नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित कुटुंब सूट साड़ी संसार पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज के सेवानिवृत्त भूगोल प्रवक्ता विजय कुमार मिश्रा ने किया। भंडारा सुबह 7 बजे से लेकर देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज के अंग्रेजी शिक्षक सोनू अग्निहोत्री ने अपने गुरु विजय कुमार मिश्रा को अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। भंडारे में मुख्य रूप से धीरू शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, शेरा मिश्रा, राहुल अवस्थी, लल्ला अवस्थी, कृष्ण अवतार दीक्षित, आशुतोष मिश्रा, रामचेला, करन मिश्रा सचिन मिश्रा, आदि ने भरपूर सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

गुरु पूर्णिमा पर गायत्री महायज्ञ करते लोग। अमृत विचार

वस्त्र पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे

हरदोई, अमृत विचार। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नारायण सेवा समूह द्वारा वस्त्र वितरण किया गया। इस मौके पर नारायण सेवा समूह के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्र से आये हुए जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से साड़ी, शर्ट पैंट, कुर्ता पैजामा, सूट आदि वितरित किये गये। डॉ जय राम गुप्ता व प्रियम मिश्रा ने बताया पिछले 15 वर्ष से नारायण सेवा समूह एक भंडारा और एक वस्त्र वितरण का कार्यक्रम कर रहा है. इस साल अप्रैल से नारायण सेवा समूह ने 200 से 300 लोगों को जलेबा, समोसा, कलाजाम हर महीने मे अलग अलग चीजे वितरण का कार्य भी शुरू किया है। इस मौके पर सुमेर सिंह, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, राजीव दीक्षित, तारकनाथ शर्मा, रमेश गुप्ता, मनमोहन सिंह, जय शंकर मिश्रा, नितिन मिश्रा, संजय मिश्रा, राम स्नेही द्विवेदी, संदीप अग्रवाल, शम्भू दयाल व प्रभु दयाल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

वस्त्र वितरित करते नारायण सेवा समूह के सदस्य। अमृत विचार

फार्म हाउस के मालिक को मारी गोली

गंभीर हालत में लखनऊ रेफर, बाइक से गुरुद्वारा जाते समय की घटना

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कृषि फार्म हाउस का मालिक अपने मामा के साथ बाइक से गुरुद्वारा जा रहा था। उसी बीच जंगल में छिपे हमलावरों ने रास्ते में रोककर उसे गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावरों बाइक से भाग निकले। गोली लगने से ज़ख्मी हुए फार्म हाउस मालिक को लखनऊ रेफर कर दिया। इसका पता होते ही एसपी, एएसपी पश्चिमी और सीओ हरियावां ने वहां पहुंच कर छानबीन की। एसपी नीरज कुमार जादौन ने हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए है।

बेनीगंज कोतवाली के करीमनगर निवासी 38 वर्षीय सरदार निर्मल सिंह पुत्र सरदार अनूप सिंह रविवार की सुबह बेनीगंज निवासी अपने मामा सरदार गुरजीत सिंह के साथ बाइक से प्रताप नगर गुरुद्वारा जा रहा था। उसी बीच रास्ते में जमुनिया के जंगल में पहले से छिपे तीन युवक सड़क पर आ गए और निर्मल सिंह के गोली मार दी,आंखो के सामने भांजे को गोली लगते देख मामा गुरजीत सिंह का दिमाग़ कट गया,उसी बीच हमलावर बाइक से भाग निकले। गुरजीत सिंह ने किसी तरह हिम्मत जुटाई और यूपी-112 पर कॉल करते हुए वारदात के बारे में बताया। वहां पुलिस के साथ एम्बुलेंस-108 पहुंच गई, जिससे ज़ख्मी निर्मल को लखनऊ रिफर कर दिया गया है। वहां पहुंचें एसपी नीरज कुमार जादौन ने गहराई से इस तरह हुई वारदात की पड़ताल की,उन्होंने हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए है। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि हमला होने की वजह तलाशी जा रही है,फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

घटनास्थल का जायजा लेती पुलिस। अमृत विचार

रास्ते में रोका, नाम पूछा और कर दिया फॉयर

सरदार निर्मल सिंह के ऊपर किए गए हमले के बारे में बताया जा रहा है कि निर्मल जैसे ही जमुनिया के जंगल के पास से गुज़र रहा था,उसी बीच उसी जंगल की आड़ में छिपे तीन युवक सामने आ गए, उन्होंने निर्मल की बाइक को रोका और उससे उसका नाम पूछा,जैसे ही उसके मुंह से... निर्मल निकला,उसी बीच उसके गोली मार दी गई है। नाम पूछ कर गोली मारने के पीछे की वजह यही हो सकती है कि हमलावर निर्मल को पहचानते नहीं होंगे,हो सकता है कि उन्हे भाड़े पर बुलाया गया होगा ? फिलहाल पुलिस हमले से जुड़े एक-एक पहलू की जांच कर रही है।

दो पक्षों में मारपीट, नौ लोग घायल

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। नाली साफ करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के लोग ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया । घटना में नौ लोग घायल हो गए तो चार लोगों की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज जिला के लिए रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरपुरा निवासी राधेश्याम ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसका व पड़ोस के विपिन यादव से नाली को लेकर विवाद है। शनिवार की शाम इसी रंजिश को लेकर फिर से विवाद हो गया। विवाद होने के कुछ देर बाद वाहिद, उनके पुत्र नबीजन, सफीजन, तौहिद, शाहिद उर्फ राजा, मोईद, प्रधान प्रतिनिधि विपिन यादव, इरशाद, गुलफ़सा, प्रकाश, रूप नरायन उसके घर में घुसकर लाठी डंडे, और धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट में दीपक (25), मुन्ना (38), राधेश्याम नंदलाल (62), सोनकली (45), संदीप (26), रजनी (25), अमित (16), सुमन (30), रंजना (12), संजना (15) , दिनेश (30), राजकुमार (26) और सुधा (45) को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर गंभीर घायलो को रात में ही एम्बुलेंस से सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां पर राजकुमार, दीपक, संदीप, व मुन्ना की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की सूचना पर कोतवाल अनिल सैनी मौके पर पहुंच कर पड़ताल की। रात में ही नबीजान, सफीजन, तौहिद, शाहिद, मोईद, प्रधान प्रतिनिधि विपिन यादव, इरशाद, प्रकाश व रूपनारायण को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल ने बताया कि घायलो का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरिफ्तार कर जेल भेजा गया है।

सड़क पर गिट्टी पड़े होने से विवाद में लाठी डंडे चले

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। सड़क पर गिट्टी डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद में हो गया। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। कस्बे के बंदीपुर मोहल्ला निवासी ईदुल हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले के दिलशाद बीच सड़क पर गिट्टी डाल रखी है। जिससे उनके परिवार को आने जाने में दिक्क़त होती है। रविवार को ज़ब गिट्टी हटाने को कहा तो दिलशाद, अलमशाद, फिरोज, नजमुल ने हमला बोल दिया। घटना में ईदुल हसन, सैदुल हसन, शफीकुल, यावर अली घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के नजमुल हसन ने तहरीर में बताया कि उसकी परचून की दुकान है। सड़क पर गिट्टी पड़ी है जहां सफीकुल ने मोटर साइकिल ख़डी कर दी तो रास्ते में ख़डी करने पर मना किया तो शफीकुल, सबिहूल, यावर, पप्पू ने गाली गलौज कर मार पीटा। कोतवाल अनिल सैनी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

ट्रांसफार्मर बदलने के लिए मांगे जा रहे रुपये

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। नकटौरा पुलिया का ट्रांसफार्मर करीब 22 दिनों से फुंका है। जिससे दो सैकड़ा घरों की बत्ती है और तमाम कारखाने बंद पड़े हैं। आरोप है कि ट्रांसफार्मर बदलने के लिए 15 हज़ार रुपये मांगे जा रहे हैं। जब इस बारे में जेई को बताया गया तो कहा कि जैसा कहा जा रहा है, वही करना पड़ेगा, वरना कुछ भी होने वाला नहीं।

ग्रामीणों में रोष

▸▸ **करीब 22 दिनों से नकटौरा पुलिया में घरों की बत्ती है गुल**

सवायजपुर पॉवर हाउस के नकटौरा पुलिया वाला ट्रांसफार्मर करीब 20-22 दिनों से फुंका पड़ा है, जिससे करीब दो सैकड़ा घरो की बत्ती गुल है और उधर से सारे कारखाने बंद है। बाज़पुर नकटौरा के डा.राणा,सुभाष सिंह,राकेश सिंह, रितेश सिंह, राजपाल सिंह, राजवती, भन्नू सिंह और अनिल सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर के फुंक जाने की जानकारी होने पर वसूली करते हुए घूमने वाले लोग उनके पास पहुंचे और उसके लिए 15 हज़ार रुपये मांगे, कहा कि इससे कम में कुछ भी होने वाला नहीं है। लेकिन जब कुछ लोगों से जेई प्रभात कुमार के मोबाइल नंबर पर बात की और रुपये मांगे जाने के बारे में बताया तो उधर से जवाब मिला कि जो कहा गया,वहीं सही है। लेकिन जब उनसे कहा गया कि ऐसा गलत है,तो जेई ने जवाब दिया कि सही और गलत उन्हे सब पता है। जेई की बातों से ऐसा लगा कि जो कुछ भी हो रहा है,उस बारे में उन्हें सारा कुछ पता है।

बाज़पुर नकटौरा के लोगों का कहना है कि अगर जल्द ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया तो सैकड़ों ग्रामीण पॉवर हाउस का घेराव करने से हिचकेंगे नहीं।

घंटों कटौती के बाद 10 मिनट के लिए हो रही विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, हरियावां, हरदोई

अमृत विचार। क्षेत्र के पावर हाउस फीडर बरगावां दस मिनट की सप्लाई घंटों की कटौती से ग्रामीण परेशान विद्युत आपूर्ति बीते पखवाड़े से मजाक बन गई है। हालात यह हे कि बरसात के मौसम में यदि दस मिनट विद्युत आपूर्ति होती है तो दो घंटे सप्लाई बंद रहती है। लोगों को उमस भरी रातों को जागकर काटनी पड़ रही है। इसमें लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हरियावां पावर हाउस के विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी हो गई है। विद्युत आपूर्ति का आलम यह है कि 10 मिनट विद्युत आपूर्ति की जाती है तो दो घंटे सप्लाई बंद कर दी जाती है जितने क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति होती है वहां आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है।

सार-संक्षेप

आगमपुर पुलिया की निकास को सुगम बनाने के लिए डाला जा रहा ड्यूम पाइप।

कांवरियों के लिए रास्ते में किया गया बदलाव

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। बाढ़ से क्षतिग्रस्त आगमपुर पुलिया पर हो रहे निर्माण कार्य की वजह से कांवड़ यात्रियों का रूट बदलकर दूसरी ओर से निर्धारित कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड एक हरदोई सुमंत कुमार ने बताया संकट हरण सकाहा के लिए रूपापुर, पाली होकर शाहाबाद पहुंचने वाले कांवड़ यात्री इस बार आगमपुर पुलिया क्षतिग्रस्त होने की वजह से रूपापुर से सवायजपुर, जगदीशपुर, बावन, बावन चुंगी, नुमाइश चौराहा, डीएम चौराहा होते हुए पलिया लखनऊ मार्ग से संकट हरण सकाहा मंदिर जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। आगमपुर पुलिया पर पानी के निकास को सुगम बनाने के लिए ह्यूम पाइप डालने का काम किया जा रहा है।

दरोगा की गाड़ी का हूटर निकाल कर किया चालान

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। प्राइवेट गाड़ी में हूटर लगाकर फर्राटा भरने वाले जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज की गाड़ी का शाहाबाद कोतवाल ने चालान कर दिया है। शाहाबाद कोतवाली के जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अंगद सिंह की प्राइवेट गाड़ी वेगन आर में हूटर लगा था और काली फिल्म चढ़ी हुई थी। हूटर लगी गाड़ी का वीडियो किसी ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अंगद सिंह की गाड़ी का कप्तान के निर्देश पर शाहाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने चालान कर दिया और हूटर तथा काली फिल्म उतार ली गई है। नए कप्तान का कड़क रुख स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

शिव संकट हरण सकाहा मंदिर में रही कड़ी सुरक्षा

टोडरपुर, हरदोई। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के प्राचीन शिव संकट हरण सकाहा मंदिर की साफ सफाई व श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर मंदिर परिसर में चर्चा कर बैठक का आयोजन बेहटा गोकुल पुलिस द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए, हाईवे रोड से लेकर मंदिर प्रांगण तक, गड्ढे युक्त सड़क व्यवस्था, वाहन पार्किंग व्यवस्था और रोड पर अतिक्रमण जैसी समस्या न उत्पन्न हो, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा हो, कल सावन माह का पहला सोमवार है। मंदिर के महंत सूर्य कमल गोस्वामी ने बताया कि इस बार सावन के महीने में बहुत ही श्रद्धालू आयेंगे, जिसकी पहले सोमवार में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

शिव संकट हरण सकाहा में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेती पुलिस।

कांवड़ यात्रा की सुरक्षा का खींचा खाका

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सोमवार से सावन माह की शुरुआत हो रही है। शिवमंदिरों और कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रहेगी।

एसपी नीरज कुमार जादौन ने सुरक्षा प्लान का पूरा खाका खींच डाला है। उन्होंने सभी से माइक्रो लेवल से जुटकर तैयारियां करने के लिये निर्देशित किया। साथ ही स्पष्ट कहा है किसी भी स्तर पर चूक की कोई गुंजाइश न रहे जिले में 7 जोन अधिकारी और 25 सेक्टर प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसपी ने सीओ और थानेदारों को पत्र जारी करके कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के मन्दिरों का भ्रमण करते हुए आयोजकों के साथ बैठक कर छोटी-छोटी समस्याओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करते हुए माइक्रो लेवल के आधार पर सभी समस्याओं का निस्तारण कराएं। सभी मंदिरों में पार्किंग व्यवस्था, बैरीकेडिंग आदि सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराएं। प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधा देना हमारी जिम्मेदारी है। आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

श्राप से मुक्ति के लिए इन्द्रदेव ने की थी सुनासीर नाथ मंदिर की स्थापना

अनुराग मिश्र 'मिनी' मल्लावां

अमृत विचार। मल्लावां क्षेत्र में स्थापित सुनासीर नाथ मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। सावन के महीने में यहां दूर-दूर से हजारों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसा कहा जाता है कि देवराज इंद्र ने अपनी श्राप से मुक्ति के लिए सुनासीर नाथ मंदिर की स्थापना की थी।

बताते हैं कि मुग़ल बादशाह औरंगजेब ने सोने-चांदी की लालसा में मंदिर में खुदाई कराकर लूटने का प्रयास किया था, लेकिन खोदाई के दौरान मंदिर में स्थापित शिवलिंग बढ़ती चली गईं। तब उसकी सेना ने शिवलिंग पर आरे चलवाना शुरू किया तो शिवलिंग से पहले दूध, दही फिर खून और ततिया व बरइयों ने उसकी सेना पर आक्रमण कर दिया तब उसकी सेना को भागना पड़ा और सुकरोला गांव में शरण ली, तब से गांव का नाम सुकरोला पड़ गया। सुनासीर नाथ मंदिर की लाट पर औरंगजेब की क्रूरता की निशानी आज भी विद्यमान है।

मल्लावां क्षेत्र चार किलो मीटर की दूरी पर ऐतिहासिक पौराणिक शिव मंदिर जो सुनासीर नाथ बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। आचार्य पंडित मंगल प्रसाद मिश्र ने बताया कि मंदिर की स्थापना देवराज इंद्र ने श्राप से मुक्ति के लिए गंगा तट की गई थी। तब से यहां पूजा अर्चन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। ऐसा मत है कि आज भी पहला पूजन अर्चन इंद्रदेव द्वारा ही किया जाता है। जब भी मंदिर के कपाट खोले जाते है तो सर्वप्रथम पूजन अर्चन पाया जाता है। क्रूर मुग़ल बादशाह औरंगजेब ने सोलवीं शताब्दी में मंदिर को नस्तनाबूद करने की नीयत से यहाँ भी आ धमका। उसे पहले गौरा खेड़ा के सूर्यवीरों से लड़ना पड़ा। लेकिन औरंगजेब की सेना के आगे हार का मुंह देखना पड़ा। उसके बाद मंदिर के पास बसे गौशामियों ने औरंगजेब की सेना से मोर्चा लिया, लेकिन पराजय ही हाथ लगी। उसके बाद औरंगजेब की सेना ने मंदिर में टंगे दो कुंतल के सोने के घंटों और जमीन में गड़े चांदी सिक्कों को लूट लिया। इसके बाद मंदिर को नस्तनाबूद कर शिवलिंग पर आर चलवाकर मूर्ति को खंडित करने की कोशिश की। ताकि हिन्दू समाज खंडित मूर्ति का पूजन न कर सके तो शिव के प्रताप के आगे औरंगजेब की सेना को भागना पड़ा। उसके बाद भगवन्तनगर की मिश्रा परिवार की यशोदा देवी ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। अब मंदिर अन्य प्रदेशों तक विख्यात है। महाशिवरात्रि और सावन माह में प्रत्येक सोमवार को यहां भव्य मेले का आयोजन होता है। जहां हजारों लोग दर्शन को आते हैं। सुनसीर नाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सौरभ कनौजिया, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, मंदिर के विकास को लेकर प्रयास में हैं।

मल्लावां में स्थित सुनासीर नाथ मंदिर। अमृत विचार

मंदिर में स्थापित शिवलिंग।

मंगल प्रसाद मिश्र।

मुकेश गुप्ता।

सावन माह में लगता है भव्य मेला

सावन माह में सुनासीर नाथ मंदिर में भव्य मेला का आयोजन होगा। ऐसे में हजारों भक्त दूर -दराज से दर्शन को लेकर आएगे जहां शिव लिंग पर दूध, दही बेलपत्र और ईख चढ़ाकर पूजा अर्चन करेंगे। सावन माह में सुनासीर नाथ मंदिर में प्रत्येक सोमवार को मेले का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। मंदिर में हजारों की संख्या में कावंरियों के जत्थे और श्रद्धालू पूजन अर्चन कर मेले का लुत्फ़ उठाएगे। मेले में हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेरीकैटिंग की व्यवस्था भी समिति ने कर रखी है ताकि दर्शन में लगने वाले श्रद्धालुओं को दिक्क़त का सामना न उठाना पड़े। मेले में प्रसाद सहित तमाम दुकानें और झूला आदि की व्यवस्था रहेंगी। मेले में सुरक्षा को लेकर कोतवाल अनिल सैनी ने बताया कि दो निरिक्षक माधौगंज, सांडी कोतवाली देहात, अतरौली, क़ासिमपुर, संडीला, सुरसा पुलिस लाइन, महिला थाने का 21 उप निरीक्षक, 29 महिला कांस्टेबल, 80 कांस्टेबल, डेढ़ सेक्सन पीएससी की ड्यूटी लगाई जाएगी।

गेट से मंदिर तक खराब मार्ग से हो रही दिक्क़तें

सुनासीर नाथ मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि मंदिर गेट से मंदिर तक पतला और खराब मार्ग होने के चलते सावन माह में श्रद्धांलुओं सहित कांवरियों के जत्थे आते है जिन्हें दिक्क़तें उठानी पड़ती है। ऐसे में शासन प्रशासन से मंदिर गेट से मंदिर तक रोड सही कराने की मांग की है। मल्लावां-मेहंदीघाट रोड पर सावन माह को देखते हुए बड़े वाहनों के लिए बेरेकैटिंग लगाकर होमगार्डो की तैनाती की गईं है ताकि कांवड़ यात्रियों को दिक्क़तें न हो।

मेले में आने जाने के लिए चलते हैं वाहन

सावन माह में लगने वाले मेले में श्रद्धालु ई-रिक्शा, ऑटो और अपने संसाधनों से पहुंच सकते हैं। वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था रहती है।

पंखा लगाते समय करंट लगने से 9वीं के छात्र की मौत

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। रात में पढ़ाई करने के लिए पंखा लगा रहा 9वीं का छात्र करंट की चपेट में आकर झुलस गया और

उसकी मौत हो गई। घटना से घर-परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कस्बे के मोहल्ला कछौना बाजार पूर्वी निवासी राजेश बाजपेई का 14 वर्षीय पुत्र अंश बाजपेयी शनिवार की देर रात को पढ़ाई करने जा रहा था। उसी बीच पंखे का तार लगाते समय करंट उतर आने से उसकी मौत हो चुकी थी। कस्बे में स्थित यू.जे. इण्टर नेशनल स्कूल का 9वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता राजेश बाजपेई हरिद्वार में प्राइवेट कार्य कर अपने इकलौते पुत्र को पढ़ा रहे थे। इकलौते बेटे की इस तरह मौत होने से उसकी मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

एक नजर

बर्थ-डे पार्टी में मारपीट का वीडियो वायरल, 3 हिरासत में

हरदोई, अमृत विचार। शनिवार की रात को कोतवाली शहर की नघेटा रोड पर कैफे में बर्थ-डे पार्टी सेलीब्रेट की जा रही थी, उसी दौरान कुछ ऐसी बात हो गई कि एक-दूसरे के बीच गाली-गलौज होने लगी। इतना ही नहीं सारे के सारे कैफे से बाहर निकल कर सड़क पर आ गए। आपस में लात-घूंसे चले, साथ ही जमकर मारपीट होने लगी। उसी बीच किसी ने हो रहे बवाल का वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर सिद्धार्थ अग्रवाल, राघव रस्तोगी और वैभव पाठक को हिरासत में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

पेड़ से लटकते मिले शव की हुई शिनाख्त

हरदोई, अमृत विचार। पेड़ में लटकते मिले शव की शिनाख्त हो गयी है। दरअसल उस खबर का सोशल मीडिया पर वायरल होने से ऐसा मुमकिन हुआ। युवक लुधियाना में नौकरी करता था। वहीं से मौसी के घर पहुंचा और वहीं से वापस लुधियाना जाने के लिए निकला था। शनिवार को टड़ियावां थाने के बेलहा मजरा खांडाखेड़ा में कटहल के पेड़ में एक 24 वर्षीय युवक का शव रस्सी से फांसी पर लटका हुआ देखा गया था। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उसी थाने के खांडाखेड़ा निवासी रामेंद्र ने शव की शिनाख्त बब्लू पुत्र शिवराज निवासी पिण्डारी साण्डी के रूप में की।

फूलों से सज गये शिवालय, सावन का पहला सोमवार आज

अराजकता फैलाने वालों पर निगाह रखेगा सीसीटीवी, शहर के श्यामनाथ मंदिर मार्ग पर रहेगा रूट डायवर्जन, पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। श्रावण माह के प्रथम सोमवार से सावन की शुरुआत हो गयी। पहले सोमवार को लेकर कांवरियों का जत्था बम भोले के नारों के साथ कांवड़ यात्रा के लिए निकल चुका है। प्रथम सोमवार को लेकर जिले के विभिन्न शिवालयों में पूजा अर्चना को लेकर विधिवत साफ सफाई व सजावट का कार्य पूर्ण हो चुका है। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने शिवालयों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कांवरियों के रूट मैप और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया है। जिले में कांवड़ यात्रा मार्ग पर रविवार शाम से सोमवार शाम तक रूट डायवर्जन भी किया गया है।

शहर के प्राचीनतम शिवमंदिरों में बाबा श्यामनाथ मंदिर, पुलिस लाइन के निकट स्थित जंगलीनाथ मंदिर, शिवगायत्री मंदिर, त्रिकोणनाथ मंदिर, ताड़कनाथ मंदिर, बिसवां स्थित पत्थर शिवाला मंदिर, नैमिष में देव देवेश्वर मंदिर व रुद्रावृत मंदिर में सावन माह में पूजन अनुष्ठान आदि की तैयारियां चल रही हैं। सावन मास में शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक भी कराया जाएगा। भक्तों का मानना है कि सावन के दौरान अनुष्ठान और उपवास करने से वह सभी भगवान शिव का आशीर्वाद, सुरक्षा और अपनी इच्छाओं की पूर्ति पा सकते हैं। जिले के शिवालयों की सुरक्षा व्यवस्था को पुलिस फोर्स ने तीसरी आंख का भी सहारा लेते हुए मंदिर की सुरक्षा कड़ी कर दी है।

6 वर्ष बाद इस वर्ष सावन में 5 सोमवार का संयोग : मालूम हो कि छह वर्षों बाद ऐसा संयोग आया है कि इस वर्ष सावन माह में पांच सोमवारों का संयोग आया है। आचार्य ज्ञानेंद्र अवस्थी ने बताय कि सावन माह में पांच सोमवार का होना अर्थात श्रावण मास का सोमवार से आरंभ होकर सोमवार को ही समापन होना है। उन्होंने बताया कि यह माह संपूर्ण वर्ष के लिए शुभ योग कारक है। जो व्यक्ति श्रावण मास में मास पर्यन्त एक बार भोजन व नित्य शिवजी का अभिषेक पूजन करता है उससे भगवान शिव प्रसन्न होकर अन्न, पुत्र, धन धान्य, सुख व समृद्धि प्रदान करते है।

शहर के श्यामनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को परखते एएसपी प्रकाश कुमार व मौजूद सीटों सिटी अमन सिंह। अमृत विचार

मंदिर के बाहर लगी बैरिकेडिंग व सजा मंदिर। अमृत विचार



श्यामनाथ मंदिर के अंदर स्थापित शिवलिंग।

एएसपी ने श्यामनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों की परखी सुरक्षा व्यवस्था

सावन माह के पहले सोमवार की तैयारियों को लेकर रविवार को एएसपी (उत्तरी) प्रकाश कुमार के नेतृत्व में सीओ सिटी अमन सिंह सहित इंस्पेक्टर कोतवाली अनूप शुक्ला के साथ शिवालयों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ पुलिस फोर्स ने कांवरियों के गुजरने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग और रूट डायवर्जन के मैप को परखकर रविवार देर रात से डायर्वजन लागू करने के निर्देश दिए। पुलिस फोर्स ने मंदिर जाने वाले मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान श्यामनाथ मंदिर के पीछे बने सरोवर की साफ सफाई करवाने को लेकर अधिशासी अभियंता नगर पालिका को निर्देश दिए। एएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से मन्दिर प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मन्दिर के प्रवेश द्वार से लेकर निकास द्वार व श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग मे भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये जायें जिससे मंदिर के बाहर और अंदर अराजकता फैलाने वालों परर निगाह रखी जा सके।

इन मार्गो पर रहेगा रूट डायवर्जन

यातायात प्रभारी फरीद अहमद ने बताया कि सावन माह में पड़ने वाले पांच सोमवारों को लेकर कांवरियों और श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसको लेकर प्रशासन ने रूट डायवर्जन का प्लान तैयार किया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार शाम से सोमवार रात तक शहर के प्राचीनतम शिवमंदिर बाबा श्यामनाथ मंदिर वाले मार्ग से गोला जाने वाले मार्ग पर किसी भी प्रकार के भारी वाहन और चौपहिया वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग से आने वाले वाहन कचनार से महोली मार्ग या हरगांव मार्ग से निकल सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही हरदोई चुंगी से श्यामनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

युवक पर गिरा जर्जर तार, मौत

संवाददाता, सीतापुर

हादसा

- संदना इलाके तेरवा गांव में हुई घटना
- मुड़िया में पिता के ऊपर गिरे पंखे को हटाने में करंट से पुत्र की मौत

अमृत विचार। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में करंट की चपेट आने से दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक पर जर्जर तार गिर गया जिससे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। दूसरी घटना में पिता के ऊपर गिरे पंखे को हटाते समय एक अन्य युवक करंट की चपेट में आ गया जिससे उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

पहली घटना संदना थाना इलाके की है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के तेरवा गांव निवासी रामजीवन (40) वर्ष पुत्र चुन्नी लाल जो कि दिल्ली में अपने परिवार के साथ की वर्षो से रह रहा था। बताया जाता है कि रामजीवन बीते 17 जुलाई को संदना थाना क्षेत्र के काशीनगर गांव में अपनी बुआ की लड़की की शादी में दिल्ली से आया हुआ था। परिजनों ने बताया कि शादी कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद वह बीते शनिवार 20 जुलाई को अपने गांव तेरवा आया था। देर शाम गांव के उत्तर स्थित कम्पोजिट विद्यालय की ओर वह जा रहा था तो इसी दौरान विधालय के समीप लगे ट्रांसफार्मर से गांव की ओर आये जर्जर केबल (तार) कट कर उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।

घटना के जानकारी होने पर पावर हाउस से शट डाउन लिया गया। परिजनों द्वारा आनन फानन में एम्बुलेंस से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने रामजीवन को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया।

वहीं दूसरी वारदात महोली कोतवाली इलाके की है। यहां क्षेत्र के मुड़िया गांव निवासी दिलीप शुक्ला पुत्र उमाकांत शुक्ला की करंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार छत पर लगा पंखा जैसे ही नीचे लेटे पिता के ऊपर गिरा उसे तत्काल पुत्र दिलीप शुक्ला ने पिता को बचाने के लिए हटाने का प्रयास किया। बताया जाता है कि पंखे में करंट दौड़ रहा था। करंट की चपेट में आकर दिलीप गंभीर रूप से झुलस गया। उपचार के लिए परिजन उसे सामुदाकिय स्वास्थ्य केंद्र महोली ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रेमी पर प्रेमिका को जहर देकर मारने का आरोप

केस दर्ज

- युवती द्वारा शादी का दबाव बनाने पर खिला दिया जहरीला पदार्थ

संवाददाता, कमलापुर, सीतापुर

अमृत विचार : थाना इलाके में प्रेमी पर प्रेमिका को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए परिजनों द्वारा थाने में तहरीर दी गयी है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी प्रेमी ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक सम्बन्ध भी बनाये और उसके बाद जहर दे दिया।

क्षेत्र एक ग्राम निवासिनी युवती के पिता ने बताया कि लखनऊ जनपद के बख्शी का तालाब निवासी अमित पुत्र केशन ने उनकी पुत्री को प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ सम्बन्ध बनाये। आरोप है कि जब युवती ने शादी करने के लिए प्रेमी पर दबाव बनाया तो प्रेमी ने प्रेमिका को विषाक्त पदार्थ पिला दिया। लखनऊ के निजी अस्पताल में 5 दिनों तक उपचार के बाद शनिवार को युवती ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गये। परिजनों की मांग पर पुलिस ने प्रेमी के विरुद्ध देर रात केस दर्ज किया। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि परिवार के सदस्यों की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

बाढ़ पीड़ितों को दी गयी राहत सामग्री

संवाददाता, भदफर सीतापुर, अमृत विचार। लहरपुर तहसील क्षेत्र मे शारदा नदी में आई बाढ़ से प्रभावित ग्रामों को तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया गया। विभिन्न बैराजों से छोड़े गए पानी और बारिश के चलते क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव शारदा नदी की बाढ़ की चपेट में आ गए थे जिससे किसानों की खड़ी फसल और घरों में बाढ़ का पानी घुस गया था। क्षेत्र के ग्राम शाहपुर बाढ चौकी से रविवार को दहेली व पट्टी आदि ग्रामों के 849 प्रभावित लोगों को बाढ़ राहत किट का वितरण किया गया।

राहत सामग्री लेने आये ग्रामीणों की भीड़।

बालू की बोरियां लगाकर मजबूत किये जा रहे नदी के किनारे

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी के निर्देश पर निरन्तर उच्च अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया जा रहा है। जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन लगातार बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों पर नजर बनाये है।

जनपद की तहसील लहरपुर के ग्राम कोल्हूपुरवा देवपालपुर में शारदा नदी के बढ़े जलस्तर द्वारा बाढ़ बचाव कार्यों को नुकसान पहुंचाया गया था। जिसे गेबियान रोप में बालू की बोरियां भरकर एवं बम्बू क्रेट में बालू की बोरियां भरकर नदी के किनारे लगाकर कर किनारों को मजबूत किया जा रहा है। स्थिति नियन्त्रण में है। कटान नहीं हो रही है। संबंधित जूनियर इंजीनियर मौके पर उपस्थित हैं। वर्तमान में शारदा एवं घाघरा नदी में जलस्तर स्थिर है। जनपद सीतापुर की तहसील बिसवां के ग्राम रतनगंज में शारदा नदी के बढ़े जल स्तर द्वारा बाढ़ बचाव कार्यों को नुकसान पहुंचाया गया था। जिसे प्राथमिकता पर रात एवं दिन में गेबियान रोप में बालू की बोरिया भरकर एवं बम्बू क्रेट में बालू की बोरिया भरकर एवं कंक्रीट पॉर्कुपाइन नदी के किनारे लगाकर कर किनारों को मजबूत कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।

कटान रोकने के लिए नदी के किनारे बालू की बोरियां लगाते मजदूर।

कटान पीड़ितों को दिया जाये मुआवजा

प्रदर्शन करते कटान रोको संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी व ग्रामीण।

सीतापुर, अमृत विचार। लहरपुर तहसील इलाके के ग्राम देवपालपुर में कटान रोको संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बैठक हुई। बैठक में मौजूद गांव के अजय, श्रीकेशन, रामकिशन, विनीत कुमार, सालिग्राम, अंकेश, छत्रपाल, रामरतन, संतराम, हरिनाम, पंकज, गोवर्धन, सुंदरी, सुमन, जगरानी, शिवकुमार, शिवप्रताप, रामखेलवान, रोहित आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र में बताया कि 200 मीटर स्टड का हिस्सा शारदा नदी में कट गया है। ग्रामीणों ने रविवार को गांव में बैठक कर कटान से बचाव के लिए बचाव कार्य युद्धस्तर पर कराए जाने, कटान पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की है। कटान रोको संघर्ष मोर्चा के विनीत तिवारी ने बताया कि मांगपत्र मंगलवार को जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

वर्ग पहेली-138

बाएं से दाएं

4. आधुनिक बिहार राज्य के एक क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन जनपद।
5. 1. लोककाल्पनिक कथानक, लोकरुढ़ि, अनुश्रुति 2. पौराणिक कथा, परंपरागत कथा 3. मान्यता 4. आख्यान।
7. 1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।
8. उत्तर दिशा।

ऊपर से नीचे

1. किसी दूसरे के हाथ से कोई वस्तु मंगाना, मंगाने का काम कराना।
2. हंसमुख, ख़ुश रहने वाला, प्रसन्नचित।
3. 1. भार ढोने वाला, बोझ ढोने वाला 2. भारी।
6. 1. हिजड़ा, जनखा 2. मुसलमान बादशाहों के हरमों में रहने वाले सेवक या रक्षक
7. 1. चेहरा, मुखड़ा 2. किसी वस्तु का अग्रभाग 3. शक्ल 4. कथन, भाषण।



वर्ग पहेली -137 का हल

			1 नै	2 च	की	
3 दा	ह	ना		तु		
				रा		
	4 म	ज	5 मू	ई		
6 चू	क		ल		7 त	
	बू		तः		ड़ा	
8 बा	ज़ा	री			ना	

सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1					9		2	
	3		4				8	
9			5			4		
7		4		6	2		5	
2		6				3		7
	5		9			1		2
		2			3			6
	6				7		1	
	8		6					4

सुडोकू -50 का हल

2	6	1	4	8	7	5	9	3
3	9	5	6	1	2	4	7	8
8	7	4	9	3	5	1	2	6
1	2	6	3	5	8	9	4	7
9	4	3	1	7	6	8	5	2
7	5	8	2	4	9	3	6	1
4	1	7	5	6	3	2	8	9
5	8	2	7	9	1	6	3	4
6	3	9	8	2	4	7	1	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.11 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.21 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज अपने कार्यक्षेत्र को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों में दोबारा उलझने से बचें। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृष — आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है।

मिथुन — आज का दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। प्रियजनों की सलाह पर गम्भीरता से विचार करें। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं।

कर्क — आज आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकार का प्रदर्शन न करें। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार आने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

सिंह — आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा।

कन्या — आज नया कार्य शुरू कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताना पसन्द करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। परिवार के लोग आपके निर्णयों से काफी प्रसन्न रहेंगे। आपका काम समय पर पूर्ण हो जायेगा।

तुला — आज आपके घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी सामाजिक छवि सुधर सकती है। अकारण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में शांति रहेगी। धार्मिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।

वृश्चिक — आज प्रभावशाली लोगों के बीच आपका सम्पर्क मजबूत होगा। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं।

धनु — आज अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव रहेगा। नई सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करें।

मकर — आज आपकी कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। संतान को उचित मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। पूरा ध्यान अपने काम पर लगायें।

कुंभ — आज बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। किसी को बिना माँगी सलाह न दें।

मीन — आज वैवाहिक संबंधों में प्रसन्नता का भाव रहेगा। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। अधिकारियों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- स्वीकार किया मैंने — सुबह : 08.08
- शादी में जरूर आना — रात : 09.51

&pictures
- भोला — सुबह : 10.53
- विवाह — रात : 08.00

SONY PIX
- द कॉन्ज्यूरिंग — सुबह : 10.07
- चार्लीज एंजल्स — शाम : 05.51

ZEE CINEMA
- गंगूबाई काठियावाड़ी — सुबह : 11.43
- नाग भूमि — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- बेटिंग राजा — सुबह : 10.54
- भगवंत केसरी — रात : 07.58

आज की सुपरहिट फिल्म

बीफोरयू पर रात : 09.51 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शादी के अगले दिन ही अचानक पति अपनी बीवी को पीटने लगा।।।
लोगों ने पूछा क्यों मार रहे हो बेचारी को?
पति ने बोला।। इसने मेरी चाय में ताबीज डाला है, मुझे वश में करने के लिए।
मुझे मेरी मां से दूर करना चाहती है।
बीवी रोते हुए गुस्से में बोली, वो ताबीज नहीं टी बैग है।

पति : कल मेरे ख्वाब में एक लड़की आई थी,
वाह क्या लड़की थी।
पत्नी : अकेले आई होगी।
पति : तुम्हे कैसे पता?
पत्नी : उसका पति मेरें ख्वाब में आया था।

शिष्यों ने गुरुओं के चरण पखार लिया आशीर्वाद

धर्मनगरी नैमिषारण्य के विभिन्न आश्रमों एवं मंदिरों में स्थानीय व दूरदराज से आये श्रद्धालुओं की दिनभर रही भीड़

गुरु पूर्णिमा

संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर

अमृत विचार। 88 हजार ऋषि-मुनियों की धरा नैमिषारण्य में गुरु पूर्णिमा का त्योहार बड़े ही धूमधाम और आस्था से मनाया गया। नैमिषारण्य स्थित प्राचीन स्वामी नारदानंद आश्रम में पीठाधीश्वर जगदाचार्य स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती के सानिध्य में बड़ी संख्या में भक्तों ने ब्रह्मलीन नारदानंद सरस्वती की समाधि का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती के पांव पखारकर कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

शौनक कुटी परिसर में स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि गुरु ही हमें कृपा करके परमात्मा से मिलन और जीवन के कल्याण का मार्ग दिखाते हैं। इस अवसर पर शिक्षा सुधार समिति के अध्यक्ष अरविंद मोहन मिश्रा, मंत्री रामदास पाठक, कार्यवाहक मंत्री शांतिदेव त्रिपाठी, अनुभव पाण्डेय, आचार्य धनंजय भाई, सदस्य प्रकाश चन्द्र पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन किया। अपने गुरुजनों को श्रद्धासुमन अर्पित कर आशीष लिया।

नारदानंद आश्रम में ब्रह्मलीन नारदानंद सरस्वती की समाधि का पूजन करते पीठाधीश्वर जगदाचार्य स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती।

इस दौरान नैमिषारण्य के विभिन्न आश्रमों एवं मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। धर्म नगरी में गुरु पूर्णिमा को रौनक देखते ही बन पड़ रही थी। नैमिषारण्य में देश के अनेक स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने आदि गंगा गोमती एवं पौराणिक चक्रतीर्थ में स्नान कर ललिता देवी को शीश नवाया। इसके उपरांत अपने-अपने गुरुजनों का पूजन अर्चन किया। वहीं नैमिषारण्य के प्रसिद्ध मलैया आश्रम में कई जनपदों से आए भक्तों ने ब्रह्मलीन स्वामी श्री श्री 108 जयशंकराश्रम की प्रतिमा का पूजन अर्चन किया। साथ ही महंत देवाश्रम का भी पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं आश्रम के प्रतिनिधि शुभम बाजपेयी ने भी आश्रम पर गुरुदेव की प्रतिमा का पूजन किया। वेद व्यास धाम में पीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री के शिष्यों ने उनका पूजन किया। कालीपीठ मंदिर में भास्कर शास्त्री ने गुरु गोंदवलेकर की प्रतिमा का पूजन किया। शान्ति कुटी में स्वामी शाश्वतानंद सरस्वती, स्वामी आत्मानंद आश्रम, सूत गद्दी आश्रम, हनुमान गढ़ी, पहला आश्रम, अन्नपूर्णा आश्रम, स्वामी हरिहरानंद आश्रम, एवं बालाजी मंदिर समेत के सभी देव स्थानों में पूरे दिन श्रद्धालुओं के आने एवं पूजन का क्रम चलता रहा।

लहरपुर में भी आस्था के साथ मनी गुरु पूर्णिमा

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। गुरु पूर्णिमा पर्व पर क्षेत्र के प्राचीन शीतला देवी मातन मंदिर, मातनपुरवा में आषाढ़ी के दिन नगर एवं दूरदराज से श्रद्धालु महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में एक मेले का भी आयोजन किया गया। उदासीन आश्रम संगत पर गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम विधि विधान से पूजा-अर्चना कर धूमधाम से मनाया गया। संगत के सरवराकार पंकज यादव ने गुरु श्री चन्द्र महाराज का पाटी पूजन, भगवान सत्य नारायण कथा आरती के साथ हलुवा प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय प्रकाश टंडन, उमेश मेहरोत्रा, सोनू टंडन, अतुल शुक्ला, लव कुमार, निखिल मेहरोत्रा, शिवसागर मिश्र, डॉ. अंजू मेहरोत्रा, रामकरन बाजपेयी, रामानंद अवस्थी, बलराम लोधी, प्रवीण मेहरोत्रा, राजकुमार दत्ता, स्वदेश दत्ता, राधेश्याम पूरी, शैल्वी खन्ना, श्याम जी खन्ना, राम जी खन्ना, श्रीधर पांडेय, अखिलेन्द्र यादव, रिंकू यादव, जयदेवी यादव, नीलम यादव, सौम्या, रुद्र, शिल्पी यादव, शुभम यादव, सूर्य प्रकाश दीक्षित, मास्टर अमर सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

सार-संक्षेप

अब तक 70 की शूटिंग देखने के लिए उमड़ रही भीड़

शूटिंग के दौरान फिल्म का एक दृश्य। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। नगर क्षेत्र में हो रही हिंदी फिल्म अब तक 70 की शूटिंग को देखने के लिए भारी भीड उमड़ रही है। इस फिल्म में जहां भोजपुरी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता संग्राम सिंह और अभिनेत्री सुमबुल, फिल्म डायरेक्टर मोबीन वारसी के निर्देशन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं वहीं स्थानीय लोगों को भी फिल्म में काम करने का मौका मिल रहा है। नगर क्षेत्र के युवा हाशिम अंसारी को भी इस फिल्म के एक महत्वपूर्ण सीन में लिया गया। उन्होंने बेहद खूबसूरत अंदाज में अपना किरदार निभाया है। फिल्म की शूटिंग लहरपुर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर की जा रही है। फिल्म अब तक 70 में अभिनेता संग्राम सिंह पटेल पुलिस सुपरिटेंडेंट नवीन शेखावत की भूमिका निभा रहे हैं। अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बन रही हिंदी फिल्म की शूटिंग मजाशाह चौराहा, लहरपुर गेट, डीटी पैलेस सहित कई स्थानों पर की जा रही है।

फूलों की वर्षा और माला पहनाकर कांवरियों का किया स्वागत

माला पहनाकर कांवरियों का स्वागत करते एसडीएम व थाना प्रभारी।

नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार। रविवार को देवदेवेश्वर घाट से गोला गोकर्णनाथ श्यामनाथ इत्यादि मंदिरों को जाने वाले श्रद्धालुओं का उप जिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना एवं नैमिषारण्य थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उनको गंतव्य के लिए रवाना किया। इस दौरान कई विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। श्रावण मास में कांवरिए दूर दूर से जल लेकर अलग अलग शिवालयों में जाकर चढ़ाते हैं जिसको लेकर प्रदेश सरकार के द्वारा भी कांवर यात्रा को लेकर प्रत्येक वर्ष बेहतर व्यवस्थायें की जाती हैं। रविवार को देवदेवेश्वर घाट में भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला जहां संपूर्ण मंदिर परिसर बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने कांवरियो का माला पहनाकर स्वागत करते हुए उनको गंतव्य के लिए रवाना किया। इस दौरान नायब तहसीलदार रामसूरत यादव, क्षेत्रीय लेखपाल कुलदीप सिंह पंचायत, सचिव हरीश कुमार, पर्यटन चौकी प्रभारी राजेश शुक्ला, मंदिर संचालक राहुल सैनी, विजय सैनी, दुर्गेश सैनी इत्यादि मौजूद रहे।

कांवरियों के लिए दुरुस्त कराये जा रहे हैं मार्ग

बाबा जंगली नाथ मंदिर जाने वाले मार्ग को किया जा रहा दुरुस्त। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। सोमवार से शुरू हो रहे पवित्र श्रावण मास को लेकर नगर व क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों को विशेष रूप से सजाया-संवारा गया है। क्षेत्र के प्राचीन बाबा जंगली नाथ मंदिर को जाने वाले मार्ग को पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी दुरुस्त करने में लगे हैं। जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न उठानी पड़े। वहीं श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

एक नजर

ट्रैक्टर पर पेड़ गिरने से चालक की मौत

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। हरगांव थाना क्षेत्र मे रविवार को काटते समय यूकेलिप्टिस का पेड़ ट्रैक्टर पर गिर गया जिससे चालक की मौत हो गयी। हरगांव थाना क्षेत्र के मेवारामनगर के मजरा पूसूपुरवा गांव निवासी सुन्दर के यूकेलिप्टिस के पेड़ ठेकेदार द्वारा कटवाये जा रहे थे। ट्रैक्टर चालक लहरपुर थाना क्षेत्र के मूडीखेरा गांव निवासी कलामुद्दीन रस्से से अधकटे पेड़ को ट्रैक्टर से बांधकर खींच रहा था, उसी दौरान अचानक पेड़ ट्रैक्टर पर गिर गया जिससे ट्रैक्टर चालक कलामुद्दीन (21) गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी लहरपुर लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। हरगांव थाना प्रभारी ने अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित पक्ष से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगे 10 हजार

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र मे राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज में प्रवेश कराने के लिए जालसाज ने एक छात्र से 10 हजार रुपये हड़प लिए। हरगांव थाना क्षेत्र गांव मूडीखेरा निवासी आदर्श पुत्र शिवपाल त्रिवेदी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज नगवामऊ कला बख्शी का तालाब लखनऊ में प्रवेश दिलाने के नाम पर हरगांव थाना क्षेत्र के शंकरगढ़ी मिलकालोनी निवासी अंशुल पाण्डेय ने 10 हजार रुपये लिए थे, लेकिन सरकारी कॉलेज में प्रवेश नहीं कराया और मांगने पर पैसे भी वापस नहीं कर रहा। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच करायी जायेगी।

महिलाओं व लड़कियों को छेड़ने वाले दो गिरफ्तार

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के निर्देश के क्रम में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के चलते कोतवाली क्षेत्र में घूम रहे मनचलों पर नकेल कसने के लिए बिसवां पुलिस सक्रिय है। पुलिस ने दो मनचलों को पड़कर जेल भेज दिया। कोतवाली के उप निरीक्षक श्यामू कनौजिया ने एक मुखबिर की सूचना पर नसीरपुर मोड़ पर विनोद कुमार पुत्र मटरू निवासी अडू नसीरपुर थाना बिसवां को मौके पर धर दबोचा। वहीं कस्बे के एचआरडी इंटर कॉलेज के ग्राउंड के पास से उप निरीक्षक अतुल कुमार वर्मा ने अनीस उर्फ अजमेरी पुत्र दस्तगीर निवासी ग्राम सुल्तानपुर महमूदाबाद को पकड़ा गया।

गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु ही सकल जहान

कवि गोष्ठी

संवाददाता, सिधौली, सीतापुर

अमृत विचार। सत्ता सुख के हित बदले आचार विचार नहीं होते, तो आतंकवादियों के पग सीमा पार नहीं होते। कवि केदारनाथ शुक्ला की ओज की सम सामयिक यह पंक्तियां काव्य गोष्ठी में श्रोताओं के दिलों में घर कर गई। रविवार को गुरु पूर्णिमा पर कस्बे में साहित्य परिषद द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी की शुरुआत कवयित्री पिंकी प्रजापति ने मां सरस्वती की वंदना पढ़कर की। नवनीत मिश्रा ने पढ़ा लिखना गुरु की शान में नवल नहीं आसान, गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु गुरु ही सकल जहान। डॉ. देवेंद्र कश्यप निडर ने पढ़ा गुरु हैं ज्ञान के सागर सुनो। आचार्य नंदी लाल निराश ने तृष्णा घुटन और विघटन का जहर पिया करता है कविता सिर्फ कल्पना कागज कलम जिया करता है पढ़ा। संचालन सूर्यांश शुक्ला ने किया। उन्होने ज्ञान का दीपक जलाया और नित संबल दिया मुक्तक पढ़कर गुरु के प्रति अपना सर्मपण प्रकट किया।

साहित्य परिषद द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में अपनी रचना सुनाते कवि।

नदी में डूबी महिला का 5 दिन बाद मिला शव

सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। पांच दिन पूर्व नदी में डूबी महिला का शव रविवार की सुबह किवानी नदी में उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त सुमन देवी (20) पत्नी राजकिशोर निवासी क्योंटाना हरदेव पट्टी थाना सकरन के रूप में हुई। सुमन एक माह पूर्व अपने बाबा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मायके गई थी। बीती 16 जुलाई की सुबह किवानी नदी के उसका पैर फिसल गया, जिससे वह नदी में गिरकर डूब गई।

खूंटे में बंधे बैल को खींच ले गया बाघ

दहशत

▸▸ कारीपाकर गांव में बकरी को बनाया निवाला

संवाददाता, महोली, सीतापुर

अमृत विचार। रविवार की तड़के सुबह बाघ ने एक घर के बाहर खूंटे से बंधे बैल पर हमला बोल दिया और उसे करीब 300 मीटर दूर खेतों की ओर खींच ले गया। कुछ देर बाद खेत में बैल का शव मिलने के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। वहीं बाघ ने गांव में एक बकरी का भी शिकार किया है। ऐसे में ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है।

कारीपाकर गांव के छब्बा यादव पुत्र द्वारिका ने बताया कि उन्होंने खेत के किनारे अपना घर बना रखा है। प्रतिदिन की तरह उन्होंने अपने बैल को घर के बाहर खूंटे से बांध दिया और घर के अंदर जाकर सो गए। मध्यरात्रि के बाद करीब 3 बजे गांव की ओर दाखिल हुए बाघ ने घर के बाहर बंधे बैल पर हमला बोल दिया और उसे करीब 300 मीटर दूर लक्ष्मी नारायण वर्मा के खेत तक खींच ले गया। सुबह ग्रामीणों ने जब बैल का क्षत-विक्षत शव देखा तो दहशत में आ गये। अपने बैल को मृत अवस्था में देख किसान छब्बा यादव फूट-फूट कर रोए। इससे पूर्व बाघ ने गांव के भरोसे की बकरी का भी शिकार किया था। बाघ के गांव में आकर शिकार करने के बाद ग्रामीण अपने बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं, लेकिन वन विभाग अंजान हैं। वन विभाग की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है।

खेत में मिला बाघ के पगचिह्न।

कांबिंग कर रही है वन विभाग की टीम

संवाददाता, भदफर सीतापुर,

अमृत विचार। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरा सहित कई ग्रामों में बीती शनिवार रात को एक जंगली जानवर देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ग्रामीणों को जागरूक कर क्षेत्र में कांबिंग कर रही है।

ल्हरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिदनिया के मजरा बरुहीपुरवा में शनिवार देर शाम को खेत देखने जाते समय किसानों ने नाले के पास एक जंगली जानवर को देखा और वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन दरोगा अरविंद गिरी व टीम ने पगचिन्हों की जांच कर ग्रामीणों को जागरूक किया और समूह में ही खेत जाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पगचिन्हों के आधार पर हैना (लकड़बग्घा) हो सकता है। वहीं जंगली जानवर देखे जाने की सूचना क्षेत्र के ग्राम चौरा, मिदनिया, चनिया, बरूही पुरवा, मरसंडा आदि गांवों से भी मिली है। सभी प्रभावित गांवों में लगातार कांबिंग की जा रही है।

छोटे लाल नगर अध्यक्ष व शुभम बने नगर मंत्री

अभाविप

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरगांव नगर इकाई के शैक्षिक वर्ष 2024-2025 का पुनर्गठन किया गया। इसके लिए गुरुनानक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रवासी कार्यकर्ता के रूप मे जिला प्रमुख सुमित सिंह व जिला संगठन मंत्री ऋषभ कात्यायन की उपस्थिति रही। विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सुमित सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

आदर्श इंटर कॉलेज के अध्यापक छोटे लाल वर्मा को नगर अध्यक्ष व युवराजदत्त महाविद्यालय लखीमपुर के छात्र शुभम गुप्ता को नगर मंत्री घोषित किया गया। उसके उपरांत नगर अध्यक्ष ने नगर उपाध्यक्ष तहसीलदार चौरसिया, सत्यनारायण अवस्थी व नगर मंत्री शुभम गुप्ता व नगर सह मंत्री अभय सिंह चौहान, शोभित राज, अम्बिकेश्वर शुक्ला, अभिषेक सिंह, प्रियंका शर्मा व नगर एसएफडी प्रमुख आर्यन सिंह, सह प्रमुख ध्रुव तिवारी, एसएफएस प्रमुख प्रियांशु गौतम, सह प्रमुख प्रिंश कुमार ,नगर कला मंच प्रमुख ममता मौर्य, सह प्रमुख सर्वजीत सिंह, नगर सोशल मीडिया प्रमुख सचिन अवस्थी, सह प्रमुख आयुष बाजपेई, नगर इंटर कॉलेज प्रमुख सचित रस्तोगी, खेलो भारत प्रमुख नितिन मिश्रा, सह प्रमुख हर्षित सिंह, कार्यलय मंत्री अभी गुप्ता, नगर स्वाध्याय मंडल प्रमुख शिवम सिंह, सह प्रमुख आयुष सिंह, नगर कार्यकारिणी सदस्य प्रशुभ, निर्भय, दिव्य, महेंद्र, वैभव को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर आकाश अवस्थी, शिवा गोपाल मिश्रा, गुलशन व आदर्श मौजूद रहे। उन्होंने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

पुर्नगठन के बाद अभाविप की नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
पता : लाल कुआँ, मेन रोड (हुसैन गंज) लखनऊ
हर बुधवार सीतापुर में रोडवेज बस अड्डा के पास

महमूदाबाद सीएचसी | तीमारदारों का आरोप- अक्सर रात में इमर्जेंसी वार्ड से गायब रहते हैं चिकित्सक

प्रशिक्षु छात्र पर तीमारदार से अभद्रता का आरोप

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। शनिवार की देर रात सीएचसी के इमर्जेंसी वार्ड में ड्यूटी के दौरान डॉक्टर नदारद मिले। मालूम हो कि शनिवार रात सीएचसी के इमर्जेंसी वार्ड में चिकित्सक डॉ. रोहित खरे की ड्यूटी थी। बावजूद इसके वह नदारद मिले। वहां मौजूद प्रशिक्षु छात्र पर एक तीमारदार ने अभद्रता का आरोप लगाया है।

नगर के वार्ड रमुआपुर निवासी संजीव शुक्ला ने बताया कि कि शनिवार देर रात उनको घर से फोन आया कि उनके बेटे को तेज बुखार है। जिसके बाद वह अपने बेटे को सीएचसी के इमर्जेंसी वार्ड लेकर पहुंचे थे। यहां इमर्जेंसी में चिकित्सक नदारद थे और एक अप्रेंटिस करने वाले छात्र के सहारे इमर्जेंसी में उपचार जारी था।

संजीव ने बताया कि जब उन्होंने बेटे को दिखाने के लिए अप्रेंटिस छात्र से चिकित्सक का मोबाइल नंबर पूंछा तो, छात्र ने उनसे अभद्रता की। इससे नाराज होकर उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को फोन किया तब जाकर छात्र ने दवा दी।

उनका आरोप है कि छात्र ने अपना परिचय देने से भी मना कर दिया। ऐसे में तीमारदार ने जिम्मेदारों पर और आरोप मढ़े हैं। आरोप है कि अक्सर रात में इमर्जेंसी वार्ड में चिकित्सक नदारद रहते हैं। वार्ड सिर्फ अप्रेंटिस करने वाले छात्रों के सहारे चलता है।

विभागीय सूत्रों का दावा है कि तीमारदार से अभद्रता करने वाले छात्र का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। बावजूद इसके, वह यहां जमा हुआ है।

तीमारदार मस्ती में रहे होंगे : सीएचसी अधीक्षक

तीमारदार से अप्रेंटिस द्वारा की गई अभद्रता के मामले में महमूदाबाद सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा ने बताया कि यह सब तो जबरदस्ती का है। हंसते हुए बोले तीमारदार भी मस्ती में रहे होंगे, फुल-वुल रहे होंगे। अधीक्षक का कहना था किसी को जब पहचाना जायेगा तभी तो सम्मान मिलेगा। अधीक्षक ने बताया कि अप्रेंटिस छात्र लोकल का (गुडैचा) रहने वाला है। वह भी मेरे में दबाव बनवाएगा। इसलिए मैं खुद इस प्रकरण की जांच नहीं करूंगा, बल्कि इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिख कर वहीं से जांच करवाऊंगा।

दबंगों ने किसान को पीटा 50 हजार रुपये छीने

संवाददाता, लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार। गणेशपुर में भैंस खरीदने जा रहे किसान को रास्ते में रोककर दबंगों ने पीटा और उससे 50 हजार रुपये छीन लिये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है। रविवार को मोहम्मद यूनुस खां निवासी ग्राम तारनपुर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह भैंस खरीदने के लिए 50 हजार रुपये लेकर बाइक से गयासरायं जा रहा था। गणेशपुर में शौकत के मकान के पास इशहाक, मुनीम, मुजीम, कल्लू निवासी तारनपुर व फारूक निवासी गणेशपुर ने उसे रोक लिया और गालियां दीं। विरोध करने पर उन लोगों ने अपने साथ चलने को कहा और उसकी जेब में रखे 50 हजार रुपए निकाल लिए और पीटने लगे। शोर सुनकर जियाउद्दीन, शौकत, अलशवा निवासी गणेशपुर बीच-बचाव करने लगे तो उक्त लोगों ने उन्हें भी पीटा। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों में पैसों को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई है, जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर
पता:-तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर

मैन्युवल निविदा की प्रेस सूचना

पत्रांक- 485/ग्रा0अ0वि0/ निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2024-2025, दिनांक:-11-07-2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी,डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। जी0एस0टी0 की धनराशि जमा कर रसीद की मूल प्रति अन्य निविदा प्रपत्रों के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 स0	जनपद का नाम	योजना/कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0में)	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा/ऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
		विधायक निधि योजना				
1	सीतापुर	विकास खण्ड लहरपुर में लहरपुर-तम्बौर मार्ग से ढखेरा सम्पर्क मार्ग के मोड़ पर द्वार (गेट) निर्माण कार्य।	9.58	0.48	500+225+88= 813.00	03 माह
2	सीतापुर	ग्राम रसूलापुर विकास खण्ड परसेण्डी में इण्टरलाकिंग से कुंजबिहारी के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	8.36	0.42	500+225+88= 813.00	03 माह
3	सीतापुर	ग्राम गौरिया कला विकास खण्ड परसेण्डी में चौराहे से विश्वनाथ के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	3.80	0.19	500+150+78= 728.00	03 माह
4	सीतापुर	ग्राम पंचायत हथियामल्लपुर में जमुना के मकान से जगदीश के मकान तक 70 मी0 इण्टरलाकिंग कार्य।	6.98	0.35	500+225+88= 813.00	03 माह
5	सीतापुर	विकास खण्ड-रेउसा के ग्राम मूरतपुर में राममूरत के मकान से ब्रम्हचारी बाबा स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य ।	9.65	0.194	500+225+88= 813.00	03 माह
		निबन्धन विभाग				
6	सीतापुर	उपनिबन्धक महमूदाबाद के कार्यालय में रिकार्ड रूम, बरामदा एवं छतों की मरम्मत आदि का कार्य व रंगाई पुताई का कार्य।	2.91	0.15	500+150+78= 728.00	03 माह
7	सीतापुर	उपनिबन्धक बिसवां के कार्यालय में रंगाई पुताई, 2 वॉशरूम की मरम्मत व टायल्स का कार्य।	0.85	0.043	500+50+66= 616.00	03 माह

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:-24-07-24 से 27-07-24 (पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान:-29-07-24 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सीतापुर, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल लखनऊ, एवं जिलाधिकारी जनपद सीतापुर।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-30-07-24 को अपरान्ह 12:30 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सीतापुर में सम्पर्क करें।

UP - 217484 दिनांक : 18/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर।
राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए ।

संपादकीय

बुजुर्गों की आबादी

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में पिछले 50 वर्षों में लगातार जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण 60 वर्ष से अधिक आयु की आबादी में लगातार वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या (यूएनएफपीए) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में बुजुर्गों की आबादी 2050 तक दोगुनी होने की संभावना है। चिंता की बात है बुजुर्गों की आबादी में वृद्धि के साथ ही देश भर में रुग्णता और मृत्यु दर का अभूतपूर्व बोझ भी आएगा। ऐसे में उनके लिए गरीबी बड़ी समस्या रहेगी। वास्तव में देश में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी सरकार के लिए चिंता की बात है। ऐसे में बुजुर्गों को खास ध्यान में रखकर अभी से नीतियां बनाने की जरूरत है ताकि उन्हें स्वास्थ्य सेवा आवास और पेंशन मिल सके। इसकी जरूरत खासकर बुजुर्ग महिलाओं को रहेगी, जो बुढ़ापे में अकेली पड़ सकती हैं। यूएनएफपीए- इंडिया की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि देश में खासकर बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है। भारत में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य तक पहुंच की मुख्य चुनौतियों में शारीरिक बाधाओं में कम गतिशीलता, सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्वास्थ्य प्रणाली की सीमित पहुंच शामिल हैं। साथ ही भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य व्यय के लिए दी जाने वाली वित्तीय सुरक्षा की सीमाएं शामिल हैं।

बुजुर्गों के सामने आने वाली स्वास्थ्य और सामाजिक स्थितियां, स्वास्थ्य तक पहुंच में एक और सामाजिक बाधा है, जो भारतीय मामले में अनोखे तरीकों से प्रकट होती है बुढ़ापे में स्वस्थ और कार्यरत दोनों रहने की विरोधाभासी चुनौतियों का सामना करते हैं। बुजुर्गों का गिरता स्वास्थ्य और ऊर्जा नियोक्ताओं को उन्हें नियमित कार्यबल में काम पर रखने से हतोत्साहित करती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां रोजगार के अवसर आम तौर पर अवसर कम होते हैं। वोजनार ने कहा कि भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है। ऐसे में वायु प्रदूषण समेत दूसरी पर्यावरणीय समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भी स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का कोई जनसंख्या-व्यापी तंत्र नहीं है। भारत की दृष्टि से जलवायु परिवर्तन के अनुसार बदलाव को विकास योजनाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है। शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।

बाढ़ और सुखाड़ का संबंध जल प्रबंधन से

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है।

किसी भी देश में बाढ़ और सूखे जैसी समस्याओं से हर वर्ष आम आदमी का परेशान होना, ये जाहिर करता है कि पानी का प्रबंधन राज और समाज के द्वारा बेहतर तरीके से नहीं किया जा रहा है। तभी हर वर्ष हज़ारों करोड़ रूपये की संपदा का नुकसान होना, सैकड़ों लोगों का मौत के मुंह में जाना, इस बात की पुष्टि करता है कि, आज़ादी के 70 साल बाद भी हम इन बारिश की बूंदों से उत्पन्न आपदाओं से मुक्ति न पा सके। इतना ही नहीं भूमिगत जल को निचोड़ कर धरती का पेट खाली कर देना, अब नई तरह की समस्याओं को जन्म दे रहा है। गर्मियों के मौसम में देश की नदिया पानी की कमी व प्रदूषण के कारण से सिकुड़ती जा रही है एवं बारिश के समय बांधों के बाबजूद नदियों में बाढ़ का आना प्राकृतिक असंतुलन की तरफ इशारा करता है।

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में समस्त भू-मंडल, जल-मंडल और वायु-मंडल के सभी जीवों के जन्म-मरण और पालन पोषण का वर्णन किया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सृष्टि में असंख्य ब्रह्मांड है। वैज्ञानिक भी इस बात का समर्थन करता है। इस पुराण के अनुसार प्रकृति ईश्वर की कृति है, इसलिए जब भी हम धरती पर कोई भी योजना या परियोजना का निर्णय लेते है तब नीति निर्माताओं को डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रकृति वास्तव में ईश्वर की कृति है। और जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचते है या खनिजों का दोहन करते है तब ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमारा मुकाबला किसके साथ है। अक्सर यह देखा गया कि वैज्ञानिको व इंजीनियर्स ने प्रकृति से सबक लेने के बजाय लालच के चलते उसके नियमों के खिलाफ हम और ज्यादा दुर्दांत व्यवहार करने लगते है। वेदों, पुराणों में जो कुछ भी प्रकृति के किस तरह का बर्ताव होना चाहिए या उसके नियम कानून क्या कहते है। उसको

> बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था। अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए।

आज का समझदार व्यक्ति पोंगापंथी मानता है। यही कारण है कि प्रकृति द्वारा निर्धारित मर्यादा का उल्लंघन करते है। तब उसके परिणामों को झेलने के लिए हमको तैयार रहना चाहिए। आने वाली पीढ़ी जिसे आधुनिक विज्ञान का मास्टर बनाया जा रहा है। उनको ये भी बताया जाय कि हमारे बुजुर्गों द्वारा जो ज्ञान हमको दिया गया है। वो वर्षों के सहेजे गए अनुभवों पर आधारित है। किसी कल्पना व परिकल्पना पर आधारित नहीं है। अब समय आ गया है कि जिन नदियों ने हमको सभ्यता व संस्कृति दी, वह अब मौन हो चुकी है। उनका मुखर होना बहुत जरूरी है। क्योंकि नदियों में अब रस नहीं बचा, कारण नदियां अब सूखती जा रही है। इसलिए अगर हमें बोलती हुई नदियां, झीलें, तालाब चाहिए तो पुराने ज्ञान को पोंगापंथी न मानते हुए उनको अपने व्यवहार में लाना चाहिए। आज जिस तरह हम बाढ़ और सुखाड़ के नुकसान उठा रहे है उससे स्पष्ट है कि हमने पहले की घटनाओं से कुछ नहीं सीखा। उदाहरण के लिए अब ये आम सी बात हो गई है कि गहरा बोर वेल होने के कारण एक खेत में हरी भरी फसल लहलहा रही है और बगल के खेत में घास भी नहीं है। क्योंकि बगल वाले खेत के किसान के पास आर्थिक साधन उपलब्ध न होने के कारण वह गहरा बोर वेल नहीं करा पाया। इससे अब बगल के खेत वाला किसान रोज़ी रोटी कि खातिर, जिसके पास गहरा बोर वेल है यानी पानी है वो उसका मजदूर हो जाएगा। फिर एक दिन ऐसा आएगा की बोर का पानी भी ख़त्म हो जाएगा। तब दोनों खेत के किसान मजदूरी के लिए किसी तीसरे के पास जाएंगे या फिर शहर की ओर पलायन करेंगे। दिनेश मिश्रा, जिन्होंने पानी खासतौर पर बाढ़ के प्रबंधन पर काफी काम करके अनुभव प्राप्त किया है। उनका कहना है कि, आदमी की रीढ़ की हड्डी में 33 हड्डियां होती हैं और नौकरी करते-करते यानी एक अच्छे पद पहुंचने के बाद ही उसकी रीढ़ की सारी हड्डिया कमजोर होने लगती है। जब व्यक्ति की क्षमता क्षीण होने लगती है, तब वह तृष्णा के चलते खुशहाल बुढ़ापे के लिए अपना हित, स्वार्थ देखते हैं। यहीं से भ्रष्टाचार की शुरुआत हो जाती है। आज का वैज्ञानिक व पढ़ा लिखा व्यक्ति नक्षत्रों के बारे में कुछ नहीं जानता। उसको सिर्फ अंग्रेजी महीनों के नाम याद है। उसको नहीं मालूम कि रबी और खरीफ की फसल के लिए बीज किस नक्षत्र में बोना है। यानी वह विज्ञान जिस पर धरती पर जीवन आधारित है, जो असली विज्ञान है, जिसमें प्रकृति का प्रत्येक चक्र शामिल है, उसकी समस्या को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से हल करना चाहते है। जबकि तकनीकी हर प्राकृतिक नियम के विरूद्ध कार्य करती है। इसके अलावा कभी किसी नीति निर्माता ने किसी भी योजना-परियोजना के लिए स्थानीय बुजर्ग लोगों से सलाह नहीं ली। यही कारण है कि, किसी भी योजना के परिणाम व लाभ पूरी तरह आम आदमी को नहीं मिल पाते हैं।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था।

अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए। इसी तरह नदी के पानी के स्तर को देखते हुए उसका नाम व उसके प्रबंधन का तरीका बदल जाया करता था। जैसे अगर नदी का जल किसी मकान की खिड़की तक आ गया तो उसको "बोह", अगर छत तक तो कब उसको "हुमा", और अगर छप्पर यानी छत तक आ जाए तो "साह" कहा जाता था। "साह" के लिए तो बाकायदा यहां तक कहा गया है कोई व्यक्ति अपने जीवन में एक बार ही साह देख पाटा है। यानी "साह" 100 वर्ष में सिर्फ एक बार होती थी। इसी तरह भिन्न्न भिन्न स्तर तक पानी के आने को अलग-अलग नाम से बुलाया जाता था या है। मतलब भारत में बारिश के पानी को भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। इसी तरह सुखाड़ के लिए भी पानी प्रबंधन की व्यवस्था की जाती थी। जिसका उदाहरण भारत में प्रत्येक गांव व शहर में कुंए, बाबड़ी, तालाब के रूप में देखने को मिल जाएगा। पूरे भारत में खासतौर से दक्षिण, मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड और राजस्थान में आज भी सैंकड़ों वर्ष पुराने ये जल प्रबंधन के तरीके सूखे से निपटने के लिए जीवंत है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा तालाबों की महत्ता को देखते हुए अमृत सरोवर जैसी योजनाओं को लागू किया। नहीं तो ललितपुर जैसे जिले में एशिया में सबसे ज्यादा बांध है, वहां भी बाढ़ और सुखाड़ जैसी समस्याएं मुंह बाए प्रत्येक वर्ष खड़ी हो जाती हैं। इस परिस्थिति में आकर हमको बांध, नहर, नदियों का गठजोड़ नहीं बल्कि गांधी के बताए रास्ते व उनके विचार याद आते हैं।

प्रसंगवश

तलवार से ज्यादा ताकतवर कलम

सच्चाई के खुलासे और जनता को सूचित करने के लिए सद्भावनापूर्वक किया गया 'स्टिंग ऑपरेशन' अपराध की श्रेणी में यद्यपि नहीं आता है। लेकिन उन्हें सामान्य रूप से वैध नहीं कहा जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग -अलग किया जाना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय के एक निर्णय में मीडियाकर्मियों को अभियोजन से छूट दी गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने जेल के अंदर स्टिंग ऑपरेशन करने का प्रयास करने वाले दो पत्रकारों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस निर्णय में लोकतंत्र में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर गंभीर चिंतन है। उच्च न्यायालय का सुविचारित मत रहा कि 'एक लोकतांत्रिक देश में, अगर प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है, तो यह लोकतंत्र का अंत होगा।' निर्णय में अंग्रेजी लेखक और राजनीतिज्ञ एडवर्ड बुल्वर-लिटन के प्रसिद्ध वाक्यांश 'कलम तलवार से ज्यादा शक्तिशाली है' को उद्धरित किया गया है। कलम की ताकत बताते समय कोर्ट ने कहा कि इसका प्रयोग करते समय मीडिया को अति सचेत रहने की भी जरूरत है। रिपोर्टिंग की छोटी सी गलती व्यक्ति की निजता या संविधान प्रदत्त अधिकार को प्रभावित कर सकती है।

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने यह भी उल्लिखित है किया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए नागरिकों को सत्य और असत्य के बारे में जानकारी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आरके आनंद व अन्य बनाम रजिस्ट्रार, दिल्ली हाईकोर्ट (2009 के एच सी 863) और रजत प्रसाद बनाम सीबीआई (2014 के एचसी 4299) मामले में दिए दृष्टांत को संदर्भित किया गया है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि जनहित में किए गए स्टिंग ऑपरेशन को न्यायिक स्वीकृति तो मिली है, लेकिन उन्हें समान रूप से वैध नहीं बनाया जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग-अलग किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने स्टिंग ऑपरेशन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'यदि प्रेस द्वारा किसी दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से या किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाने और उसे अपमानित करने के लिए स्टिंग ऑपरेशन किया जाता है, तो ऐसे स्टिंग ऑपरेशन और ऐसे 'स्टिंग ऑपरेशन' पर आधारित रिपोर्टिंग के लिए मीडियाकर्मी को कानून का कोई समर्थन नहीं मिलेगा।' याचिकाकर्ता एक टीवी चैनल के पत्रकार प्रदीप और प्रशांत 16 जुलाई, 2013 को "सोलर स्कैम" मामले में पथनमथिट्टा जिला जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदी जोप्पन से प्रशासन की अनुमति से मिले थे। अभियोजन के अनुसार उन्होंने कथित तौर पर जेल-नियमों का उल्लंघन करते हुए मोबाइल फोन से उसका बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। जेल अधीक्षक की सूचना पर पत्रकारों के विरुद्ध केरल कारागार और सुधार सेवा (प्रबंधन) अधिनियम-2010 की धारा-86 और 87 के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ। याची गणों ने इस अपराध के संबंध में उनके विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट-I, पठानमथिट्टा के समक्ष लंबित एसटी.सं. 2065 /2014 की कार्यवाही को रद करने की मांग करते हुए केरल उच्च न्यायालय में याचिका योजित की थी। इस याचिका में उच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण प्रश्नों की जांच की। क्या कोई अपराध बनता है और क्या मीडियाकर्मियों द्वारा किया गया स्टिंग ऑपरेशन अपराध के बराबर है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि प्रथम दृष्टया अधिनियम की धारा-86 के तत्व इस मामले में दिखते हैं, लेकिन याचिकाकर्ताओं की मीडियाकर्मी के रूप में स्थिति को देखते हुए मामले को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि 'सोलर स्कैम' के चर्चित मामले की जानकारी को लेकर लोगों में जिज्ञासा थी और पत्रकारों ने अपने इसी दायित्व के तहत जेल के अंदर बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। याची पत्रकारों का इरादा केवल समाचार प्राप्त करना था न कि कानून का उल्लंघन करना। इस मामले में 'फोर्थ एस्टेट' का भी जिक्र हुआ है। कहा गया है कि लोकतांत्रिक समाज में फोर्थ एस्टेट की भूमिका एक वॉच डॉग की है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की प्रेस रिपोर्टिंग के उदघाटन के समय हुई बहस में एमपी एडमंड बर्क ने 1771 में फोर्थ एस्टेट का प्रयोग पहली बार किया था। हालांकि, इस मामले में, न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ताओं का कृत्य कानून का उल्लंघन करने के किसी जानबूझकर प्रयास के बिना समाचार एकत्र करने के इरादे से प्रेरित था। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसी परिस्थितियों में, न्यायालय का विचार है कि याचिकाकर्ताओं, जो निस्संदेह मीडियाकर्मी हैं, के खिलाफ अभियोजन जारी रखना आवश्यक नहीं है।

कांवड़ यात्रा में कई सच

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था।

भारत में अनुमान के अनुसार जनसंख्या 145 करोड़ हो रही। आबादी में चीन को पछाड़ कर हम इस सिलसिले में विश्व गुरु हैं। सरकारी आंकड़ों के (भी) मुताबिक हिंदू 80 प्रतिशत के आसपास हैं। कानूनों के तहत बौद्धों, जैनियों और सिक्खों को सिविल अधिकारों के लिए हिंदू धर्म के खांचे में रखा गया है। यानी सौ करोड़ के आसपास मांसाहारी नागरिक हैं। मुसलमान, ईसाई, पारसी वगैरह को मिलकर बीस करोड़ होंगे तो ज्यादातर हिंदू मांसाहारी ही हुए। हमने बचपन में पहली बार कांवड़ को देखा, सना, समझा इतिहास तथा संस्कृति में। जब आदर्श गरीब बेटा श्रवण कुमार माता पिता को कांवर पर बिठाए तीर्थाटन कराता रहा।

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, इलाज और शिक्षा की जरूरी सुविधाओं की कमी और तरह तरह के सामाजिक आर्थिक कारणों से बेरोजगार युवा कथित धार्मिक आयोजनों और नेताओं के पिछलग्गू बन रहे हैं। मस्जिद के सामने उनसे बजरंगबली की जय के नारे लगाने को उत्तेजित किया जाता है। सिखाया जाता है ऐसा नारा लगाओगे। तब इतिहास का शोध करने वाले छात्रों से कहीं ज्यादा समझोगे कि हिंदुओं पर कितना जुल्म अब तक होता रहता है। अतीत के अन्याय का बदला तुम्हें आज लेना है।

जुलूस तो पहले निकलते रहे हैं। प्रभात फेरियां होती रहीं। होली का समागम तो बहुत अनोखा है। ईद की मुबारकबाद तो सार्वजनिक होती है। बड़े दिन में ईसा मसीह की कुर्बानी देख सबकी आंखें नम होती हैं। उदार हिंदू हर मजहब के पूजा पाठ से आत्मीय होते हैं। बौद्ध विहारों में नमन करते हैं। पारसी की अग्नि को पूजते हैं। गर्ज यह कि धर्म और संस्कृति के इलाके में सच्चा हिंदू इंसानी संगीत की सिम्फनी में अपनी अभिव्यक्ति ही नहीं, अहसास ही नहीं, अपना अस्तित्व ढूंढ़ता रहा है। मैं कांवड़ यात्रा को इसलिए पवित्र भाव से देखता हूं। मीलों, कोसों दूर नंगे पैर चलते नौजवान औघड़ शिव की आराधना में धरती का सांस्कृतिक सच नापते हैं। उनके चेहरे का ओज देखकर मन में भुरभुरी होती है। यही तो पुरखों की नसीहत ने प्यार से हमें मनुष्य होना सिखाया है। हम मनुष्य होते रहे हैं। अब भी हैं! अचानक तुर्रा कि कांवड़ यात्रा के रास्ते की दुकानों के मालिक अपने और कर्मचारियों के नाम लिखें। भौगोलिक बनावट के कारण कांवड़ यात्रा कई मुस्लिम बहुल इलाकों से गुजरती है। प्रदेश सरकार ने सीधे नहीं कहा कि मुसलमान दुकानदार बैनर लगाकर अपने नाम उजागर करने का सरकारी फरमान मानें। आशय लेकिन यही है। फरमान संविधान के प्रावधानों और निजता के अधिकार का उल्लंघन है। मुसलमानों ने दुकानों के हिंदू नाम या हिंदुओं ने मुसलमान नाम पर दुकानें चलाते रहे हैं। कांवड़ यात्रा में हिंदू मांसाहारी भी होंगे। क्या मुसलमान होटलों में ही मांस ही परोसे जाने की संभावना होगी? हिंदू होटलों में भी तो मांस पकता है। मुसलमान फकत मांसाहारी नहीं होते। शीरा, खीर, सेवइयां और तमाम मिठाइयां और नमकीन मुसलमान होटलों में खूब मिलती हैं। हिंदू होटलों में मुसलमान कर्मचारी, रसोइये और मुसलमान होटलों में हिंदू कर्मचारी होते हैं। देश क्या पूरी दुनिया में मुसलमान रसोइए सबसे बेहतर होते हैं। ऐसी होटलें नामचीन होती हैं। विवेकानंद आश्रम रायपुर में सर्वधर्म सम्मेलन के दौरान बिहार के साधु विरागी जी महाराज ने कभी कहा था 'चौका हो हिंदू का, बनाए मुसलमान और खाए ईसाई।' उन्होंने हिंदू धर्म की पवित्रता, इस्लाम की सभ्यता और ईसाइयत के लोक व्यवहार की त्रिवणी में नहला दिया था।

मुसलमानों के बारे में धारणाओं के कारण केवल भाजपा और नरेंद्र मोदी को दोषी ठहराना मुनासिब नहीं है। कांग्रेसी सदस्य लोकनाथ मिश्र ने 3 तथा 6 दिसंबर 1948 को संविधान सभा में अपना भाषण दिया। कहा इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के प्रति दुश्मनी घोषित कर रखी है। उसे आज की सुप्रीम कोर्ट के नसीहत के दौर में समझो तो एक तरह की 'हेट स्पीच' थी। सेठ गोविंददास ने तो उर्दू भाषियों को कहा जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं। कांवड़ यात्रा में मुसलमानों के व्यवसाय पर तिरछा प्रहार सरकारी फरमान कर रहा है। कपड़ों से पहचाने जाने का फतवा प्रधानमंत्री ने दिया ही है। तो फिर नाम लिखने की क्या जरूरत? मजहब रहितता या मजहब सहिष्णुता के शांत जल में प्रदेश सरकार ने फरमानों का पत्थर फेंककर सियासी कुछ हासिल किया है। उसे तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समझेंगे।

सोशल फोरम

वेद व्यास का दिन

> वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है।

गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भारत के महानतम कवि, अन्वेषक, संकलनकर्ता, इतिहासकार और अध्यात्म गुरु महर्षि वेद व्यास का जन्मदिन है। वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। ये चारों वेद सनातन धर्म और भारतीय अध्यात्म की बुनियाद हैं। विश्व के सबसे बड़े महाकाव्यों में एक 'महाभारत' के रचयिता व्यास थे जिसके बारे में कहा जाता है कि इस संसार में जो कुछ है वह 'महाभारत' में है और जो 'महाभारत' में नहीं है वह कहीं नहीं है। माना जाता है कि हिंदुओं का पवित्रतम ग्रंथ, भारतीय अध्यात्म का सार 'गीता' इसी 'महाभारत' का अंश है। कुछ लोग पुराणों को भी वेद व्यास की रचना मानते हैं, मगर यह भ्रामक है। पुराण बहुत बाद लगभग गुप्त काल और उसके बहुत बाद की रचनाएं हैं जिन्हें संभवतः व्यास पीठ के उनके परवर्ती शिष्यों ने लिखा। व्यास पीठ के' प्रमुख भी अपने को व्यास ही कहते थे। ठीक वैसे जैसे आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पीठों के प्रमुख अपने को शंकराचार्य ही कहते हैं।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

महर्षि व्यास के जन्मदिन आषाढ़ पूर्णिमा को 'महाभारत' की रचना पूरी हुई थी।' आभारस्वरूप देश भर में फैले उनके सभी शिष्यों ने उस दिन एकत्र होकर उनकी पूजा-अर्चना की थी। यह गुरुपूर्णिमा की परंपरा का सूत्रपात था। तब से लोग अपने आध्यात्मिक गुरु में व्यास का अंश मानकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदन करते आ रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि व्यास को नमन और जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले सभी गुरुओं का आभार।

– फेसबुक वॉल से

माइक्रोसॉफ्ट गड़बड़ी: साइबर हमला या तकनीकी खामी

तेज़ गति वाले डिजिटल युग में, दुनिया संचार, उत्पादकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों पर बहुत अधिक निर्भर करती है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट में एक महत्वपूर्ण गड़बड़ी से जुड़ी एक हालिया घटना ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। व्यवधान का दायरा अभूतपूर्व था। व्यवधान की वैश्विक प्रकृति ने साइबर हमले के पीछे संभावित उद्देश्यों, जैसे वित्तीय लाभ, डेटा चोरी, या राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। दूसरी ओर, जटिल आईटी अवसंरचना में तकनीकी गड़बड़ियां असामान्य नहीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने घटना का मूल कारण निर्धारित करने के लिए एक व्यापक जांच शुरू की। इस जांच में शामिल हैं:

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

सिस्टम लॉग की विस्तृत जांच से व्यवधान उत्पन्न करने वाली घटनाओं के अनुक्रम का पता लगाने और विफलता के सटीक बिंदु की पहचान करने में मदद मिली। साइबर हमले की संभावना को खारिज करने या पुष्टि करने के लिए संपूर्ण सुरक्षा ऑडिट करना महत्वपूर्ण था। इसमें अनधिकृत पहुंच या दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों के किसी भी संकेत की जांच करना शामिल था। संपूर्ण और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और बाहरी सलाहकारों के साथ सहयोग किया।

आधुनिक आईटी अवसंरचना अविश्वसनीय रूप से जटिल है, जिसमें कई परस्पर जुड़े घटक शामिल हैं। यह जटिलता तकनीकी समस्याओं की संभावना को बढ़ाती है और संभावित कमजोरियों की पहचान करना और उनका समाधान करना चुनौतीपूर्ण बनाती है। साइबर खतरा परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, हमलावर तेजी से परिष्कृत तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। संगठनों को उन्नत सुरक्षा उपायों में निवेश करके और अपनी सुरक्षा को लगातार अद्यतन करके इन खतरों से आगे रहना चाहिए।

स्वचालन में प्रगति के बावजूद, मानवीय त्रुटि एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक बनी हुई है। उचित प्रशिक्षण, निरीक्षण और प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने से इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता है। डिजिटल बुनियादी ढांचे की वैश्विक प्रकृति का मतलब है कि व्यवधानों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सिस्टम के एक हिस्से में विफलता तेजी से फैल सकती है, जिससे दुनिया भर में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। भविष्य में व्यवधानों के प्रभाव को कम करने के लिए, संगठनों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए:

विस्तृत जांच के बाद, माइक्रोसॉफ्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना साइबर हमले के बजाय मुख्य रूप से एक तकनीकी गड़बड़ी थी। मूल कारण उनके डेटा केंद्रों में उपयोग किए जाने वाले नेटवर्किंग उपकरण में गलत कॉन्फ़िगरेशन से पता लगाया गया था। इस ग़लत कॉन्फ़िगरेशन के कारण व्यापक विफलता हुई, जिससे एक साथ कई सेवाएं बाधित हुईं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निवेश, सहयोग और सतर्कता की आवश्यकता होगी। हालाँकि हम कभी भी व्यवधानों के जोखिम को पूरी तरह से समाप्त नहीं कर सकते हैं, हम उनके प्रभाव को कम करने और अधिक लचीला डिजिटल भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयास कर सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट सर्वर की गड़बड़ी जिसने दुनिया को रोक दिया, वह डिजिटल सेवाओं पर हमारी निर्भरता की स्पष्ट याद दिलाती थी। जबकि साइबर हमले के बारे में प्रारंभिक चिंताएं वैध थीं, इस घटना ने अंततः आधुनिक आईटी बुनियादी ढांचे की जटिलताओं और कमजोरियों को उजागर किया। इस घटना से सीखकर और मजबूत निवारक उपायों को लागू करके, तकनीकी समुदाय भविष्य के व्यवधानों के प्रभाव को बेहतर ढंग से तैयार और कम कर सकता है।

निजीकरण का विरोध क्यों

अभी हाल ही में बैंकों का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया। राष्ट्रीयकरण का उजाला पक्ष बताता है कि देश में तमाम सार्वजनिक उपक्रमों ने उत्साह जनक परिणाम दिए हैं वित्त वर्ष 2024में 5 लाख करोड़ के लगभग लाभ कमाकर इतिहास रचा है इनमें स्टेट बैंक, एलआईसी, इंडियन ऑयल, ओएनजीसी, कोल इंडिया, एनटीपीसी, बीपीसीएल, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक, हिंडालको, भेल, आईआरटीसी के नाम प्रमुख हैं।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

निजीकरण के पक्षधर कितने भी तर्क रख लें लेकिन देश के असली नवरत्न तो यह सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ही हैं जिस तरह से लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम देश की रीढ़ को मजबूती प्रदान कर रहे हैं और नई बुनियाद तैयार कर रहे हैं, यह जरूरी है कि इनको और अधिक स्वायत्तता मिले।

हमे बैंकों के राष्ट्रीयकरण के इतिहास से भी कुछ सीखना होगा। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने निजी बैंकों को पूंजीपतियों के चंगुल से छुड़ा कर जनता का भरोसा जीता था, आशातीत लाभ कमा कर सार्वजनिक उपक्रमों ने एक बार फिर से उत्साह दिखाया है। लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम वास्तव में देश की धरोहर हैं। इन्होंने जनता का विश्वास भी जीता हैं और निजीकरण की पैरवी

संगम में आस्था की लगाई डुबकी, गुरुजनों के पखारे पांव

प्रयागराज। अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा पर्व पर रविवार कों संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भोर से ही श्रृद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई और अपने गरुजनों के पांव पखाकर दान पुण्य अर्जित किया और उन्का आशीर्वाद लिया। रविवार को गुरुपूर्णिमा पर्व संगम नगरी प्रयागराज में भी पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रयागराज के मठों- आश्रमों व गुरुकुलों में खास आयोजन किये गये। शिष्य व भक्त अपने गुरु के पांव पखारकर उनका आशीर्वाद लिया। गुरुजनों और संत भी अपने भक्तों को गुरु मंत्र व आशीर्वाद दिया। वही शंकराचार्य वासुदेवानंद के आश्रम वा जगद्गुरु श्रीधराचार्य वैकुंठ धाम आश्रम में भी गुरु पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रयागराज में यमुना तट पर स्थित ओम नम: शिवाय आश्रम में गुरु पूर्णिमा के मौके पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां आने वाले श्रद्धालु सिर पर पगड़ी बांधकर आश्रम के प्रमुख गुरु के पांव पखारकर उनका आशीर्वाद लिया। गुरु ने भी कान में गुरु मंत्र देकर अपने शिष्यों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। मौके पर गीतों और भजनों के जरिए गुरु की महिमा का बखान किया जा रहा है।

एसडीएम के निर्देश पर प्रजापति धर्मशाला ध्वस्त

संवाददाता,फाफामऊ

अमृत विचार: गंगापार पँडिला क्षेत्र अंतर्गत 52 बीघे में फैला प्राचीन महाभारत कालीन शिव मंदिर जिसे क्षेत्रवासी पांडेश्वर नाथ धाम से जानते हैं। मंदिर प्रांगण में प्रत्येक हिन्दू धर्म के अनुयायियों द्वारा धर्मशाला का निर्माण कराया गया था। जिसमें आज भी अपने समुदाय के आधार पर दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु शरणार्थी के तौर पर विश्राम करते हैं। इतना ही नहीं इन धर्मशालाओं में प्राचीन समय में पंचायत का स्थान माना जाता था।

किन्ही विषम परिस्थितियों में कमजोर आशहाय लोगों के बच्चों के शादी विवाह के लिए यह उपयुक्त स्थान आज भी माना जाता है। मंदिर के सौंदर्यीकरण के नाम पर इन प्राचीन स्थलों को मनमानी तरीके से गिराया जा रहा है। उपजिलाधिकारी ने इस पर जबाब ना देते हुए धर्मशाला का ध्वस्तीकरण करा रहे हैं। पूछे जाने पर बता रहे हैं इस पर शौचालय निर्माण कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने जिला अधिकारी एवं उन तमाम अधिकारियों को संज्ञान में दिलाने हेतु जोरदार आवाज उठाई है। समय रहते पुराने दस्तावेज के आधार पर मंदिर प्रांगण को सुरक्षित करते हुए जबरन अपना अधिकार समझ बैठे स्थानीय लोगों से मंदिर को मुक्त करने अपने पूर्वजों की निशानी को सुरक्षित रखने के लिए मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री की शरण में जाने को तैयार हैं।

सार-संक्षेप

राज्य मंत्री ने सहायता का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान

संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार : राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव ने उमरपुर, हरिबंधनपुर (नईगंज) के निवासी शुभम सोनकर पुत्र रवि कुमार सोनकर का विगत दिनों गोमती नदी में डूबने से मृत्यु हो गया था। उनके घर जाकर शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदनायें प्रकट किया गया। उनके पिता रवि कुमार सोनकर को राज्य आपदा मोचक निधि के अंतर्गत चार लाख रुपये की सहायता का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। परिवार को हर सम्भव मदत दिलाने का वादा किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर सहित अन्य उपस्थित रहे।

गुरू पूर्णिमा पर गुरू के नाम पर लगाया पौधा

संवाददाता, सीखड़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार : गुरूपूर्णिमा के पावन अवसर पर महर्षि ऋष्य श्रृंग सेवा संस्थान गृहस्थ आश्रम, नारायण नगर पचरॉव हॉसीपुर मिर्जापुर में वृक्षारोपण करके एक वृक्ष माता के नाम ,एक वृक्ष गुरू के नाम पर लगाए गये। संस्थान के प्रबन्धक विचित्रानन्द ने बताया कि बगीचे मे बबूल का वृक्षारोपण और बैर का वृक्ष नही लगाना चाहिए। क्योंकि यह वृक्षारोपण 24 घंटे कार्बन डायआक्साइड गैस छोड़ती है। और नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव फैलता है। इसके आसपास रहने वाला व्यक्ति हमेशा बिमार रहता है। नीम, पीपल, बरगद, गूलर, पाकड़ सब एकही परिवार के है। सब 12 घंटे आक्सीजन गैस छोड़ते है। इन्हें जरुर लगाना चाहिए। संस्थान के संरक्षक पंडित ज्ञानधर शुक्ला ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर केडी सिंह, सुरेन्द्र शुक्ला, अरूण कुमार सिंह, राजनारायण सिंह मास्टर, सीता राम भरद्वाज, सुरेश सिंह प्रधान मुख्य रूप से उपस्थित थे। संस्थाअध्यक्षा सबिता सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया। इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यकम हुआ।

नहर में शव मिलने से मचा हड़कंप, हत्या का आरोप

संवाददाता, मेजा, नैनी। अमृत विचार : मेजा में रविवार कों संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूबने से युवक की मौत हो गई। जिसके शरीर पर जले-कटे का निशान है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और छानबीन में जुट गई। जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के तेन्दुआ कला (उस्मान का डेरा) निवासी बुध्दिराज विश्वकर्मा पुत्र मुन्नीलाल विश्वकर्मा शनिवार को लकड़ी काटने मेजा के अमकछा गांव के समीप गया था। दोपहर बाद में उसके घर सूचना पहुंची की बुध्दिराज विश्वकर्मा (45) नहर में नहा रहे थे और डूब गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि मृतक के शरीर पर जले-कटे के निशान हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी सोना देवी ने कोतवाली में तहरीर देकर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कार्यवाहक थानाध्यक्ष सुभाष कुमार गौतम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुटे।

मुहर्रम : अखाड़ेदार के खिलाड़ियों ने दिखाया करतब

संवाददाता, मिर्जापुर। शनिवार रात को अहरौरा टिकरा खरंजा के मैदान में बूढ़ादेई, मानिकपुर, भुइली, बेलखरा,केराय गांव आदी के अखाड़ेदार के खिलाड़ियों द्वारा अपने-अपने हुनर का जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रोग्राम के शुरुआत में सभी अखाड़े व ताजियादार के उस्तादों का मल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं, सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद के द्वारा खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन करने पर उत्साहवर्धन के लिए इनामों की लड़ी लगाया गया। संचालन असलम खान के द्वारा किया गया। व्यवस्थापक गुलाम-ए-मुस्तफा व मोबीन अहमद ने किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी व कार्यकर्ता इरशाद आलम सभासद, डॉ. मो. इस्लाम सपा महासचिव, प्रमोद मौर्य सभासद, रजायत खान युवजन सभा सपा नगर अध्यक्ष, रमजान अली, सहजादे, चांद बाबू, छुन्ना मिस्त्री, शौकत ट्रेलर, अतीस, मो. शमीम, जावेद आलम, परवेज आलम, छोटू खान, छोटू मिस्त्री, इरफान टेलर, शब्बीर अहमद, शाकिर अहमद, महबूब कुरैशी, सोनू कुरैशी, मिजान अंसारी, अब्दुल समद, बन्ने हाफिज, मो अजीम, बरकत अली आदि उपस्थित रहे।

मोहब्बत की दुकान का नंबर : हिंदू- मुसलमान

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : कांवड़ यात्रा कों लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा आदेश जारी किया है। जिसके बाद कांवड़ यात्रा के रूट पर लगी दुकान पर नाम-पहचान लिखे जाने का विरोध पूरे प्रदेश में शुरु हो चुका है। रविवार कों दुकान और नाम और पहचान लिखे जाने के खिलाफ प्रयागराज में कांग्रेसियों ने जगह-जगह पोस्टर चस्पा कर इसका विरोध जताया है। पोस्ट में लिखा है मोहब्बत की दुकान नंबर हिंदू और मुसलमान है। उस पोस्ट में नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी की फोटो लगाई गयी है। दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से ये फैसला कांवड़ यात्रियों के लिए जारी किया है। कांग्रेस नेता ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला लोकतांत्रिक और संवैधानिक है। यह देश के गंगा जमुनी तहजीब की संस्कृति के खिलाफ है। देश में मोहब्बत भाईचारा एकता की बात होनी चाहिए। सरकार हिंदू और मुसलमान को अलग करने की बात कर रही है जो गलत है। यह अध्यादेश वापस होना चाहिए। मुस्लिम भाई कावड़ियों यात्रा में फूलों की वर्षा करते हैं, पानी शरबत, लंगर करके उनका स्वागत करते हैं। प्रदेश सरकार के इस आदेश का हम विरोध करते है।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर हजारों भक्तों ने किया दर्शन-पूजन

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : स्थानीय विकासखंड स्थित परमहंस आश्रम औरा में रविवार की भोर से ही भक्तों का जमावड़ा सुरू हो गया।अस्थावान भक्त आश्रम में बनी धुएं पर स्वामी अडगडानंद महराज के सिर से उतारे गये चांदी के रखे मुकुट व तस्वीर का ध्यान करते हुए दंडवत प्रणाम किया आश्रम के संत् तुलसीदास महाराज के प्रबचन स्थल पर गुरु को नमन किया । इसके बाद शिब्बू बाबा व बब्बल बाबा का आशिर्वाद लेकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर घर वापसी किया। आश्रम में रहने वाले संत तुलसीदास महाराज जी को सतेसगढ में होने के बावजूद भी आश्रम से जुड़े हजारों भक्तों ने गुरु पूर्णिमा के दिन जो भक्त सतेशगढ नहीं पहुंच पाए उनके दर्शन पूजन व प्रसाद ग्रहण करने की ब्यवस्था आश्रम में की गयी थी जहाँ प्रसाद ग्रहण करने के बाद भक्त घर वापस गये। इसी तरह से चौतू महारा के आश्रम वीरपुर व तपस्थली सोनगढा तथा कोटार शिव धाम में पहुँच कर लोगों ने गुरु पुर्णिमा पर गुरु स्वरूप में नमन करते हुए आशिर्वाद लिया है। इस दौरान भक्तों के सहयोग में वॉलिंटियर्स के साथ शिब्बू महराज, बब्बल महाराज, दीपक बाबा, मुन्ना बाबा, अंशुमान, विपिन बाबा, विनय बाबा, लक्षमण बाबा, शंकराचार्य बाबा, कैलाश बाबा, जगमुनि बाबा आदि लोग भक्तों के सहयोग में लगे रहे। सुरक्षा ब्यवस्था में स्थानीय पुलिस कर्मियों के साथ महिला कांस्टेबल मौजूद रहे।

नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए जनसुनवाई पूरी

दरों को अंतिम रूप देने के लिए नियामक आयोग ने 24 को बुलाई बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से चल रही जन सुनवाई पूरी हो गई है। दरों को अंतिम रूप देने के लिए आयोग ने 24 जुलाई को आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक बुलाई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर कड़ा विरोध किया है।

नियामक आयोग ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत सभी वितरण कंपनियों, उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन व एसएलडीसी कंपनी के वार्षिक राजस्व आवश्यकता के प्रस्तावों पर अलग-अलग जन सुनवाई की। इस दौरान कंपनियों ने अपना घाटा पूरा करने के लिए आयोग से उचित कदम उठाने पर जोर दिया, जबकि उपभोक्ताओं ने दरों में बढ़ोतरी किए जाने का सख्त विरोध किया। सुनवाई के दौरान उपभोक्ता परिषद ने तर्क दिया कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के ही 33,122 करोड़ रुपये सरप्लस निकल रहे हैं, ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने के बजाय घटाने की जरूरत है। आयोग अब अगली बैठक में उपभोक्ताओं से मिले सुझावों पर मंथन करेगा, इसके लिए नई दरों के निर्धारण पर निर्णय लेगा।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों को बिजली दरें बढ़ाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनियों में फिजूलखर्ची बड़े पैमाने पर हो रही है। इसके अलावा वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। शिकायतों के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

ऊर्जा निगमों में भी लागू की जाए पुरानी पेंशन योजना

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग शुरू हो गई है। बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री से इसका लाभ दिए जाने की मांग की है।इस सिलसिले में रविवार को हाइडिल फील्ड हॉस्टल में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ की बैठक हुई, जिसमें 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गईं रिक्तियों के अंतर्गत नियुक्त अभियंताओं को भी पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि 28 जून 2024 को शासनादेश के जरिये उन सभी कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने का विकल्प उपलब्ध कराया गया है जिनकी रिक्तियां 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गई थीं। इस शासनादेश के तहत परिषदीय विद्यालयों, शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं व प्रदेश सरकार की ओर से अनुदानित स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्मिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम प्रदेश की आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत हैं, इसलिए शासनादेश के अनुरूप ऊर्जा निगमों के अभियंताओं को भी इसका लाभ दिया जाए। बैठक में आलोक कुमार श्रीवास्तव, बीपी अग्रवाल, प्रवीण कुमार, संतोष कुमार, एमके गौतम, लेखराम वर्मा, अजय सिंह कटियार, बृजेश सिंह, संजय कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, विजय तिवारी आदि शामिल हुए।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बनाई गईं तीन कंट्री डेस्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार : प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए तीन कंट्री डेस्क बनाई गई हैं। कंट्री डेस्क में अमेरिका, यूरोप व जापान को शामिल किया गया है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि ये डेस्क परियोजना स्थलों की पहचान करने व भूमि अधिग्रहण में कंपनियों की सहायता करेंगी। सार्वजनिक-निजी-भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित करने के साथ ही, निवेशकों को समयबद्ध तरीके से स्वीकृतियां व अनुमोदन प्राप्त करने में सहायता करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने व फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने एक समर्पित एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 व फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति-2023 की घोषणा की है।

कार्यकर्ताओं के सम्मान में हम सब कुछ न्योछावर करने को तैयार: पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पश्चिम विधानसभा के लेबर कॉलोनी वार्ड स्थित किंग बैंक्विट हॉल में पश्चिम विधानसभा मतदाता अभिनंदन सम्मेलन का रविवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और विधानसभा उप विजेता अंजनी श्रीवास्तव ने मतदाताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश की नीतियों और लखनऊ में रक्षा मंत्री ने अटल जी के कार्यों को पूरा करने के लिए जो विकास कार्य किए उनको घर-घर पहुंचाने का कार्य किया। आगामी चुनाव में हम दोगुनी ताकत से लड़ेंगे और फिर एक बार बड़ी जीत हासिल करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं ने बड़े परिश्रम के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लगातार तीसरी बार लखनऊ से सांसद चुनकर केंद्र में भेजा है। इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। जिसमें पुरुषोत्तम पुरी, अवनीश वैद्य, उमाशंकरी लोधी, रविकांत मिश्रा, राधिका प्रसाद कश्यप, सीमा साहू, माधुरी शुक्ला, रामनरेश मिश्रा, श्याम बहादुर सिंह, आशा पाठक, राधे श्याम वर्मा, रामचंद्र मौर्य, रामनाथ मिश्रा को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और जनप्रतिनिधियों ने भाजपा का अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष जया शुक्ला, सीता नेगी, सत्येंद्र सिंह, विजय भुर्जी, अनुराग मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा सहित सभी पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बांघबरी मठ में गुरु पूर्णिमा पर भव्य आयोजन

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: श्री दिव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर श्री मठ बांघबरी गद्दी में परंपरानुसार सुबह ब्रह्ममुहूर्त चार बजे पूजन शुरू हुआ। भगवान श्री बांघबरेश्वर महादेव का पूजन 51 ब्राह्माचार्यों के द्वारा किया गया। महाभिषेक के बाद श्री विष्णु सहस्त्रनाम महायज्ञ एवं ग्रहशांति प्रयोग पूजन 21 ब्राह्मणों द्वारा संपन्न हुआ। इस दौरान मठ के महंत बलबीर गिरी जी महाराज से शिष्यों ने गुरु दीक्षा भी ली।

रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का बांघबरी मठ में भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान मठ के महंत बलबीर गिरी महाराज के साथ-साथ ब्राह्मण आचार्यों ने भी पूजन किया। सुबह सात बजे गुरुदेव महंत नरेंद्र गिरी महाराज जी की समाधि पर अभिषेक एवं गुरु पूजन किया गया। सुबह आठ बजे श्रीमठ बांघबरी पीठाधिश्वर महंत बलबीर गिरी महाराज का शिष्यों ने चरण पूजन कर गुरु मंत्र दीक्षा ली जो 1 बजे तक चलती रही। शिष्यों के द्वारा गुरु पूजन कर गुरु मंत्र ग्रहण किया गया। मंत्र दीक्षा के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उडीसा महाराष्ट्र, उत्तराखंड के हरिद्वार वा अन्य अन्य ज़िला सहित दक्षिण के अनेक राज्यों से शिष्यमंडली श्री मठ बाघंबरी गद्दी पधारी। दोपहर 11 के बाद भोग, आरती और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग दस हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी अखाड़ों के महात्मा और महंत भी आए।

जाति प्रमाण पत्र का किया सत्यापन

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

अमृत विचार। लालगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठी लहंगपुर का एडीएम एएलए एसपी सिंह व एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने मौके पर पंहुचकर जाति प्रमाण पत्र का पहला सत्यापन किया है। शिविर में गोपाल गोड़ एवं उनके पारिवारिक व्यक्तियों को उपस्थित कराया गया शिविर में तहसीलदार लालगंज आशीष कुमार पांडेय राजस्व निरीक्षक ओपी उपाध्याय लेखपाल रितेंद्र तिवारी पंकज सिंह व महिलाएं ग्रामीणों की उपस्थिति में। एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने गोपाल गोड़ के भाड़ भुजने के स्थल का भी निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों ने बताया गया की गोपाल गोड़ भाड़ भूजने का कार्य बहुत पहले से करते आ रहे हैं। सत्यापन में गोंड जाति का होना नहीं पाया गया सत्यापन में गोंड जाति को होना नहीं पाया गया है। इस, संबंध में एसडीएम गुलाब चंद्र ने बताया कि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर एसडीएम एलए, एसपी के साथ मौके पर पंहुचकर निरीक्षण सत्यापन किया गया है।

दिवाकर अध्यक्ष , सुधीर बने महामंत्री

संवाददाता, जौनपुर

अमृत विचार। केमिस्ट्स एंड ड्रागिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन कार्यकारिणी एवं सम्मान समारोह सभा का आयोजन एक होटल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष शकील अहमद ने विगत दिनों संपन्न हुए प्रादेशिक दवा संगठन ओसीडी यूपी के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष दिवाकर सिंह, महामंत्री सुधीर अग्रवाल एवं जोन महामंत्री श्याम सिंह का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।

अपने अध्यक्षीय उद्धबोधन शकील अहमद ने प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व एवं कार्यकुशलता की सराहना की और आगे के कार्यकाल के लिए दवा व्यवसाय की समस्या व निराकरण की प्रतिबद्धता की आशा की। ओसीडी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह और महामंत्री सुधीर अग्रवाल को शकील अहमद प्रशांत मौर्य और श्याम सिंह ने माल्यार्पण अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मानित किया। जोन महामंत्री श्याम सिंह को

केमिस्ट्स एंड ड्रागिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन कार्यकारिणी व सम्मान समारोह सभा का आयोजन संपन्न

महेश पाण्डेय और सुनील गुप्ता में माल्यार्पण और अंगवस्त्रम से स्वागत एवं सम्मानित किया। प्रादेशिक अध्यक्ष व जिला महामंत्री दिवाकर सिंह ने जिले में एक अन्य समानांतर संस्था से आए सदस्य लालजी गुप्ता, प्रमोद मौर्य, स्वतंत्र जायसवाल और दयाराम मौर्य का परिचय कराते हुए स्वागत किया। उसी संस्था के शीर्ष पदाधिकारी सोमेश्वर केशरवानी अध्यक्ष और विनय गुप्ता महामंत्री के साथ आए अन्य पदाधिकारीयों एवं सदस्यों की सूची सुधीर अग्रवाल को सौंपी, सुधीर अग्रवाल में विनय गुप्ता और सोमेश्वर केशरवानी का अंगवस्त्रम और माल्यार्पण कर स्वागत किया और केमिस्ट्स एंड ड्रेगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन का सदस्यता प्रमाणपत्र देकर संस्था की सदस्यता ग्रहण कराया। विनय गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था को छोड़ना तात्कालिक परिस्थिति वश एक गलत निर्णय था, जिसका परिमार्जन स्वच्छ मन से वापसी है। आगे संस्था के हित के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा, सोमेश्वर केशरवानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भावुकतावश और मतिभ्रम के कारण संस्था एक गलत निर्णय था लेकिन परिवार में वापसी से अभिभूत हूं, प्रादेशिक महामंत्री ने संस्था के संरक्षक मंडल से राजदेव यादव, राजेश सिंह, अरूण त्रिपाठी एवं संजय सिंह का स्वागत किया।

पीएम कुसुम योजना से किसानों को कम खर्च में मिलेगी बिजली

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

प्रयागराज में पीएम कुसुम योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल

वित्तीय वर्ष 2024-25 में दो गुना से अधिक का लक्ष्य तय, रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी

अमृत विचार: डबल इंजन की सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के लिए कई तरह से प्रयास कर रही है। किसान सिंचाई के लिए डीजल पंप या बिजली का उपयोग करते हैं। किसानों की सिंचाई की लागत को कम करने के लिए पीएम कुसुम योजना वरदान साबित हो रही है। प्रयागराज जनपद में इस योजना ने शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया करने के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी लक्ष्य तय करने के बाद रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तेज हो गई है।

सरकार दे रही है फीसदी सब्सिडी : सरकार इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश के 54,000 से अधिक किसानों को रियायती दरों पर सौर पंप प्रदान करने का लक्ष्य तय किया गया है। पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों पर सोलर पैनल लगाने से सरकार की ओर से 90 फीसदी तक की मदद मिलती है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से किसानों को 30 फीसदी, राज्य सरकार की तरफ से 30 फीसदी और अन्य वित्तीय संस्थानों की तरफ से 30 फीसदी की सब्सिडी दी जाती है। इस तरह योजना में सिर्फ 10 फीसदी ही किसानों को देना होता है। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा ये है कि किसानों का बिजली और डीजल का खर्च नहीं होता है और बिजली के ऊपर निर्भरता भी कम होती है। इससे खेती की लागत काफी हद तक कम होती है। इसके लिए किसान को सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इसका ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसान इससे पैदा होने वाली सौर ऊर्जा बेचकर भी कमाई कर सकता है। सोलर पंप का उपयोग सिर्फ खेती और सिंचाई में ही नहीं बल्कि बिजली उत्पादन में भी किया जा सकता है। इस योजना के जरिए बिजली या डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप को सोलर एनर्जी से चलने वाले पंप में बदला जा सकता है। इसके बाद जो भी बिजली बचती है उसे वितरण कंपनियों को बेचा जा सकता है। इस तरह इस योजना से एक तरफ उसकी अतिरिक्त आमदनी हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ डीजल का उसका खर्च भी कम हो रहा है।

योजना में जनपद ने हासिल किया शत प्रतिशत लक्ष्य

कृषि में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना और डीजल और बिजली पर निर्भरता को कम करने में पीएम कुसुम योजना मददगार साबित हो रही है। प्रयागराज में इस योजना के लिए बड़ी संख्या में किसान आगे आए हैं। प्रयागराज के कृषि उप निदेशक एसपी श्रीवास्तव बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रयागराज में 894 सोलर पंप लगवाने का लक्ष्य तय किया था जिसका सौ फीसदी लक्ष्य हासिल हो चुका है। जिले में किसानों ने ट्यूबबेल के लिए सौर पैनल लगवाने में गहरी रुचि दिखाई है जिसे देखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1968 सोलर पम्प लगवाने का लक्ष्य तय किया गया है जो पिछले वर्ष से दो गुना है। उप निदेशक कृषि के मुताबिक इसके लिए पंजीकरण का कार्य भी पूरा हो चुका है। पंजीकरण में 3 एचपी डीसी के लिए 396, 7 .5 एच ऐसी के लिए 72, 5 एचपी डीसी के लिए 480, 3 एचपी ऐसी के लिए 310, 2 एचपी डीसी के लिए 100 और 10 एचपी ऐसी के लिए 38 सोलर पम्प का पंजीकरण हो चुका है। इन किसानों ने इसके लिए धनराशि भी जमा कर दी है।

400 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज

पनाह देने वाला शख्स भी नोएडा से पकड़ा गया

अमृत विचार: पुलिस के लिए नासूर बना 400 करोड़ की ठगी करने वाला आरोपी और कंपनी का एमडी अभिषेक द्विवेदी रविवार कों हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की तीन टीमें अभिषेक की तलाश में कई जगहों पर छापेमारी की थी। अभिषेक को पनाह देने वाले एक शख्स को भी नोएडा से पकड़ा गया है। उसका नाम टीकम चंद जायसवाल है। पुलिस दोनों को लेकर प्रयागराज पहुंच गई है और उनसे पूछताछ की जा रही है। अभिषेक पानीपत में एक मकान में फरारी काट रहा था।

सटीक सूचना के बाद पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। अभिषेक की गिरफ्तारी के बाद 400 करोड़ की इस ठगी के कई राज खुलेंगे। माना जा रहा है कि अभिषेक के साथ इस कांड में कई रसूखदार लोग शामिल थे। अब उनके नाम भी सामने आने की उम्मीद है। शिवकुटी के गोविंदपुर निवासी अभिषेक द्विवेदी ने पत्नी निहारिका के नाम पर निहारिका वेंचर्स कंपनी खोली थी। सिविल लाइंस समेत कई शहरों में ऑफिस बनाया था। आरोप है कि इसमें रियल स्टेट व शेयर बाजार में लाभ का लालच देकर लोगों को ठगा गया। रियल स्टेट में रुपए लगाने वालों से कहा गया था कि उन्हें अयोध्या के बक्शी रोड व प्रयागराज के रीवा रोड स्थित गौहनिया में जमीन दी जाएगी। छह जून को एमडी अभिषेक द्विवेदी को उसके पिता डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी ने अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया था। जिसकी जानकारी लोगों को हुई तो शिवकुटी थाने में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी को सात जून को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि अभिषेक व निहारिका हाथ नहीं लगे थे। इधर करीब दो सप्ताह पहले निहारिका की मां को भी पकड़कर जेल भेजा गया था। शिवकुटी पुलिस व एसओजी लगातार दोनों की तलाश कर रही है। एमडी अभिषेक द्विवेदी और उसकी पत्नी निहारिका पर पुलिस शिकंजा कस रही है।

एक नजर

सड़क पर फैली गिट्टियों पर फिसली बाइक, मौत

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : घुंघटेर थाना क्षेत्र के पल्टूपुर गांव निवासी प्रेम कुमार 38 वर्ष शनिवार शाम को बाबागंज कस्बे से वापस घर लौट रहे थे। टिकतगंज-घुंघटेर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के चलते सड़क पर गिट्टियां बिछीं हुई हैं। गांव से पहले ही बाइक गिट्टियों में फिसल गई। सड़क पर गिरने से सिर में गंभीर चोटें आ गई। परिवारजन ने पास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चार बच्चे हैं। जिसमें दो पुत्र ओर दो पुत्रियां हैं। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि सड़क पर गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पांच दंपति एक साथ रहने को हुए राजी

बाराबंकी, अमृत विचार : महिला थाने में रविवार को परामर्श केन्द्र द्वारा पति-पत्नी के परिवारिक विवाद संबंधी आठ मामलों में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित हुए। जिसमें काउंसिलिंग करने के बाद पांच प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया और दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक-दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला थाना प्रभारी काउंसलरों द्वारा 15 दिन बाद दंपति की कुशल क्षेम पूंछने को दोबारा बुलाया गया है।

झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शम्शीपुर निवासी सुशीला देवी (66) जो बीते रविवार को घर में खाना बना रही थी। इस दौरान गैस का पाइप लीक होने के कारण आग लग गयी। जिसकी चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलस गयी थी। जिनका उपचार लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला दो बार जिला पंचायत सदस्य रहे रामशंकर वर्मा की पत्नी थीं।

नासूर बना अतिक्रमण, कार्यवाही मात्र औपचारिकता

सड़कों पर पटरी दुकनदारों का है कब्जा, सजी हैं बाइक व बक्सों की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार : शहर मे अतिक्रमण लाइलाज बीमारी की तरह नासूर बनता चला रहा है। वहीं इसके खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान अब तो बस औपचारिकता बनकर रह गए हैं। प्रशासनिक कार्रवाई पटरी दुकानदारों के सामान हटवाने से लेकर उन पर जुर्माना लगाने तक सीमित रहती है। जबकि सच्चाई यह है कि इन कब्जादारों पर प्रभावी कार्रवाई न होने से अतिक्रमण हटवाने के एक-दो दिन बाद ही यह दुकानदार फिर से अपनी दुकानें सजाकर पटरियों पर कब्जा कर लेते हैं। इसके चलते अक्सर लोग जाम से जूझते रहते हैं।

सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ करीब 6 माह पहले अभियान चलाकर सख्ती बरती गई थी और जुर्माना भी लगाया गया था। बावजूद इसके अतिक्रमणकारियों ने फिर से पटरियों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद भी जिला पंचायत के मुख्य गेट से लेकर सीएमओ कार्यालय के पास व केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने दोनों पटरियों के फुटपाथों पर गाड़ियों की मरम्मत करने वालों के साथ पुरानी मोटरसाइकिलों की बिक्री के लिए रोड पर बाइक खड़ी करने से आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। यही नहीं शहर के मुख्य सड़क नाका से धनोखर जाने वाले मार्ग के दोनों ओर दुकानदारों ने फिर से फुटपाथ पर सामान सजा दिया है। इनमें धनोखर से लेकर लइया मंडी तक जो दुकाने संचालित होती हैं। उनमें अधिकतर दुकानें किराना स्टोर की हैं। ऐसे ही बेगमगंज में दुकानदारों ने बक्से और अलमारी रखकर फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया। साथ ही शाम को इन दुकानों के सामने वाहन खड़े होने से लोगों का सड़क पर निकलना दुश्वार हो गया है। फिर भी जिला प्रशासन की अतिक्रमण के चलते लोगों की परेशानी दिखाई नहीं दे रही है। साथ ही दिन-पर-दिन फुटपाथों पर दुकानदारों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।

वहीं इस संबंध में ईओ नगर पालिका संजय शुक्ला ने बताया कि शहर में जल्द ही रूपरेखा बनाकर पुलिस की मौजूदगी में फुटपाथों से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। जिससे कि सड़क पर आवागमन सुचारू रूप से कायम हो सके।

शहर में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने सड़क किनारे सजी बाइक की दुकानें। अमृत विचार

धनोखर से नाका जाने वाले मार्ग पर सजी पटरी दुकानें, जहां अतिक्रमण के चलते अक्सर लगता है जाम। अमृत विचार

श्रमिक के घर से नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी

सतरिख बाराबंकी:

- घर में रखा मेंथा आयल भी उठा ले गए चोर

अमृत विचार: चोरों को पुलिस का खौफ नहीं दिख रहा है। मकान में घुस बक्सा का ताला तोड़ कर उसमें रखे जेवरात और नकदी के अलावा कमरे में रखा मेंथा आयल पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। बिखरा सामान देख श्रमिक के होश उड़ गए। तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

सतरिख थाना क्षेत्र के जफ़रपुर गांव के निवासी श्रमिक सुधीर कुमार अपनी बहन के वहां जाने के लिए कमरा में कपड़ा पहनने गया था। वहां बक्सा का ताला टूटा पड़ा था और सामान बिखरा पड़ा हुआ देख उसके होश उड़ गए। सुधीर के अनुसार बक्से में पत्नी के रखे टप्स, झुमकी, मांग टीका सोने का और कमर पेटी, पायल,पायजेब, बाल चोटी चांदी के जेवरात के साथ ही 4700 रुपये की नगदी के अलावा कमरे में रखा 20 लीटर मेंथा आयल भी चोर चोरी कर ले गए हैं। जबकी परिवार के लोग इसी मकान में सो रहे थे। उनको चोरी की भनक तक नहीं लगी। जेवरात की क़ीमत लाखों रुपये में बताई जा रही है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

वहीं चोरों को पुलिस का खौफ नहीं दिख रहा है। चोरी की घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज़ किया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

हाईवे किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला अधिवक्ता का शव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

- परिजनों ने लगाया हत्या कर शव को फेंकने का आरोप
- पुलिस ने कही पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात

अमृत विचार: कचहरी से काम खत्म करके घर जा रहे एक अधिवक्ता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में हाईवे किनारे पड़ा मिला। वकील के चेहरे पर चोट के निशान थे। जबकि उनकी मोटरसाइकिल पास में ही खड़ी थी और उस पर हेलमेट टंगा हुआ था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है। जबकि मृतक के परिजनों का कहना है कि उनकी हत्या की गई है। परिजनों के मुताबिक कहीं और हत्या की वारदात को अंजाम देकर शव को हाईवे किनारे फेंक दिया गया।

रुदौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मिर मऊ जनपद आयोध्या के अवनीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र भवानीशाह श्रीवास्तव उम्र करीब 50 वर्ष जो तहसील रुदौली में पेशे से अधिवक्ता थे। उन्होंने अपना एक निवास बाराबंकी में भी बनवा रखा था। कचहेरी का काम निपटाकर शनिवार को वह अपनी मोटर साइकिल से बाराबंकी शहर आ रहे थे। इसके बाद कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र अंतर्गत भावनियापुर मोड़ के पास हाईवे किनारे देर रात वह मृत अवस्था में पाए गए। वहीं वकील के साले अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि जीजा का फोन शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे दीदी के पास आया था। उन्होंने कहा था कि आज वह घर जल्दी आ जाएंगे, लेकिन जब देर शाम तक वह नहीं आए तो उनके साथियों से बात की गई। सभी ने बताया कि वह साढ़े चार बजे ही कचेहरी से जा चुके हैं। हम सभी परिवार के लोग पता लगाते हुए कोतवाली रामसनेहीघाट पहुंचे। जहां पर इनका शव मिलने की जानकारी हुई। साले ने आरोप लगाया कि किसी ने घटना को अंजाम देने के बाद शव को यहां छोड़ दिया है,

वहीं कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया कि शनिवार रात 112 सिपाही का फोन आया कि कि अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि व्यक्ति की मौत लघुशंका करने के दौरान औंधे मुंह गिर जाने से हुई या किसी ने हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद शव को हाईवे पर फेंक दिया। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पति की मौत

फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार: जनपद सीतापुर के थाना तालगांव क्षेत्र के ग्राम सदनापुर निवासी रामसरन (30) अपनी पत्नी आरती देवी (28) व पुत्र विशाल (6) विकास (4) पुत्री निधि (2) के साथ रविवार की सुबह फतेहपुर से घर को जाने के लिए बाइक से निकले थे। फतेहपुर भगौली मार्ग पर बड्डूपुर थाना क्षेत्र के कसियापुर रेलवे क्रासिंग के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी। वाहन रामसरन को रौंदता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेन्स से फतेहपुर सीएचसी भेजवाया। जहां पर मां समेत दो पुत्रों की हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया गया। वहीं कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि हादसा करने वाले वाहन का पता किया जा रहा है।

वाहन सही करते समय डीसीएम ने मारी टक्कर, खलासी की मौत

देवा, बाराबंकी

- निजी कंपनी के तीन मैकेनिक घायल, चल रहा इलाज
- देवा क्षेत्र के किसान पथ पर टिकरिया गांव के पास हुई घटना

घटना के बाद क्षतिग्रस्त डीसीएम।।

अमृत विचार: किसान पथ पर दिल्ली से माल लादकर पटना बिहार जा रही एक डीसीएम अचानक खराब हो गई। जिसे मैकेनिक सही कर रहे थे कि उसके पीछे से आ रही है एक डीसीएम ने ठोकर मार दी। जिससे एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटना देवा कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया गांव के पास किसान पथ पर हुई। पुलिस के अनुसार एक डीसीएम दिल्ली से माल लादकर बिहार के पटना जा रही थी। देवा कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया गांव के पास किसान पथ पर डीसीएम अचानक खराब हो गई। डीसीएम चालक ने ऑनलाइन इसकी शिकायत दर्ज कराई। जिस पर लखनऊ क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी के मैकेनिक आकर डीसीएम को ठीक कर रहे थे और डीसीएम का खलासी वहीं पर बैठा खाना खा रहा था। तभी रविवार की सुबह करीब चार बजे उस डीसीएम में अचानक पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने ठोकर मार दी। जिसकी चपेट में आने से डीसीएम के खलासी पंचानंद मंडल उम्र 35 वर्ष निवासी बिहार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि डीसीएम को सही कर रहे मैकेनिक समीउल्लाह , मुस्तफा और छोटू घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी माती धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अपने साथी पुलिस कर्मियों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

वहीं चौकी प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायलों का इलाज चल रहा है। अभी किसी तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस घटना की जांचकर रही है।

सार-संक्षेप

हैदरगढ़ में ट्रैक्टर से गिरकर बच्चे की मौत

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : मासूम की ट्रैक्टर पर बैठने की ज़िद आज सुबह उस समय भारी पड़ गई जब ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना लोनीकटरा अंतर्गत बड़वल गांव निवासी दिनेश रावत का पांच वर्षीय पुत्र हरवंश अपने चाचा विशाल से ट्रैक्टर पर बैठने की जिद कर रहा था। विशाल गांव के मनोज कुमार के रोटावेटर से गांव के रामदीन के खेत की जुताई कर रहा था। बच्चे की जिद पर चाचा ने उसे ट्रैक्टर पर बैठा लिया। बताया जाता है की इसी बीच बच्चे को नींद आ गई और वह नीचे गिर गया और रोटावेटर की चपेट में आकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया । बड़ी संख्या में खेत पर गांव के लोग जमा हो गए । घर वाले उसे चीख पुकार के बीच नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को बगैर सूचना दिए घर वालों ने बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया है।

47 के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों से 47 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की। जबकि तीन वारंटी व तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

मां से झगड़ा कर नहर में कूदा युवक, लापता

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : नशे की हालत में अपनी मां से झगड़ा करने के बाद एक युवक ने नहर में छलांग लगा दी। देखते ही देखते वह पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम बुलाकर उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस के अनुसार देवा कस्बा के मोहल्ला शेख निवासी अजमत अली उर्फ मन्ना उम्र 20 वर्ष जो कि नशीली दवाओं का नशा करता है। शनिवार की रात करीब 11 बजे नशे की हालत में अपनी मां से झगड़ने लगा और मां के डांटने पर वह अपना मोबाइल मां को देकर घर से बाहर चला गया। इसके बाद युवक ने देवा कुर्सी मार्ग पर पुल से नहर में छलांग लगा दी और पानी के तेज बहाव में कहीं बह गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची देवा पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर युवक की तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। वहीं कस्बा इंचार्ज शैलेश यादव ने बताया कि नहर में पानी काफी ज्यादा है। एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी है। खबर लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल सका था।

नहर में युवक की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल

हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर रविवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में पति पत्नी सहित चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज अंतर्गत पूरे नइया मजरे महिया सिंदुरिया निवासी मंसाराम यादव पुत्र रामदेव यादव 40 वर्ष अपनी पत्नी रामवती के साथ नई सड़क की ओर से लौट रहे थे कि तभी कोतवाली हैदरगढ़ के करौंधिया चौराहे पर हैदरगढ़ की ओर से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें पति पत्नी के अलावा दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार थाना सुबेहा के गोसिया मऊ गांव निवासी रवि पुत्र रामसरन 25 वर्ष के अलावा बाइक पर बैठी भाभी सरोज पत्नी छोटू घायल हो गये। घटना के समय रवि अपनी भाभी को लेकर नाग देवता मेला देखने जा रहा था। घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद मंसाराम एवं रवि को गंभीर चोट लगने से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है।

बिजली चोरों के खिलाफ चला अभियान

हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार : अधिशासी अभियंता पीके गौतम के नेतृत्व में मॉर्निंग रेड अभियान चला कर आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई। अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता अंकित वर्मा ने टीम के साथ कैसरगंज चौराहा पर राम सुमिरन, मोहम्मदपुर कोठी निवासी माधुरी मिश्रा पत्नी जयचंद मिश्रा, सरांय मांदू कोठी निवासी रंजीत कुमार कोठी कस्बा निवासी मोहम्मद इसरार व शिवराज गुप्ता व मोहम्मदपुर कोठी निवासी देवनारायण आदि के खिलाफ कटिया तथा स्वीकृत लोड से अधिक लोड पाए जाने पर कार्यवाही की। वहीं चेकिंग के दौरान हड़कंप मचा रहा।

कार्यालय ग्राम पंचायत अमलोरा, विकासखंड- रामनगर, जिला- बाराबंकी

पत्रांक : ग्रा0पं0का0/2024–25 दिनांक 21/07/2024

निविदा आपूर्ति सूचना

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण,खडंजा, नाली,नाला, इंटरलाकिंग निर्माण, आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 22 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट,सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण,भूसा, हरा चारा,चोकर,पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईट, मौरंग, बालू,सरिया,टाइल्स,रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी हूयम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया,ई0–रिक्शा ऑटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 22 जुलाई से 29/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व वंचित पत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के टेंडर बाक्स में डालना सुनिश्चित करें।

नियम एवं शर्तें :–

1– जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकार करते हुए सामग्री आपूर्ति के लिए सूचित किया जाएगा। यदि आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं कर पाता है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत निविदा निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति करवाने के लिए स्वतंत्र होगी।
2– जिस फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो व आयकर दाता हो की प्रमाणित छाया प्रति संकलन करना आवश्यक है।
3– यह की ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम पंचायत द्वारा नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आपूर्ति करता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी।
4– सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत करो से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5– जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरें जीएसटी, धुलाई ,चढ़ाई उतराई तथा अन्य करो को जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
6– सामग्री आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाए।
7– प्रस्तुत रेट पी डब्लू डी व एस0 ओ 0आर 0 के स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8– स्वीकृत आपूर्ति का भुगतान तकनीकी सहायक /अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत की जाए।

नोट–सामग्री की गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

सचिव ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत अमलोरा विकास खंड रामनगर जिला बाराबंकी।

कार्यालय ग्राम पंचायत धौखरिया, विकासखंड- रामनगर, जिला- बाराबंकी

पत्रांक : ग्रा0पं0का0/2024–25 दिनांक 21/07/2024

निविदा आपूर्ति सूचना

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण,खडंजा, नाली,नाला, इंटरलाकिंग निर्माण, आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 22 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट,सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण,भूसा, हरा चारा,चोकर,पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईट, मौरंग, बालू,सरिया,टाइल्स,रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी हूयम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया,ई0–रिक्शा ऑटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 22 जुलाई से 29/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व वंचित पत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के टेंडर बाक्स में डालना सुनिश्चित करें।

नियम एवं शर्तें :–

1– जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकार करते हुए सामग्री आपूर्ति के लिए सूचित किया जाएगा। यदि आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं कर पाता है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत निविदा निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति करवाने के लिए स्वतंत्र होगी।
2– जिस फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो व आयकर दाता हो की प्रमाणित छाया प्रति संकलन करना आवश्यक है।
3– यह की ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम पंचायत द्वारा नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आपूर्ति करता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी।
4– सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत करो से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5– जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरें जीएसटी, धुलाई ,चढ़ाई उतराई तथा अन्य करो को जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
6– सामग्री आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाए।
7– प्रस्तुत रेट पी डब्लू डी व एस0 ओ 0आर 0 के स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8– स्वीकृत आपूर्ति का भुगतान तकनीकी सहायक /अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत की जाए।

नोट–सामग्री की गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

सचिव ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत धौखरिया, विकास खंड रामनगर जिला बाराबंकी।

कार्यालय ग्राम पंचायत नहामऊ, विकासखंड- रामनगर, जिला- बाराबंकी

पत्रांक : ग्रा0पं0का0/2024–25 दिनांक 21/07/2024

निविदा आपूर्ति सूचना

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण,खडंजा, नाली,नाला, इंटरलाकिंग निर्माण, आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 22 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट,सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण,भूसा, हरा चारा,चोकर,पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईट, मौरंग, बालू,सरिया,टाइल्स,रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी हूयम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया,ई0–रिक्शा ऑटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 22 जुलाई से 29/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व वंचित पत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के टेंडर बाक्स में डालना सुनिश्चित करें।

नियम एवं शर्तें :–

1– जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसी की निविदा स्वीकार करते हुए सामग्री आपूर्ति के लिए सूचित किया जाएगा। यदि आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं कर पाता है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत निविदा निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति करवाने के लिए स्वतंत्र होगी।
2– जिस फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो व आयकर दाता हो की प्रमाणित छाया प्रति संकलन करना आवश्यक है।
3– यह की ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम पंचायत द्वारा नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आपूर्ति करता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी।
4– सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत करो से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5– जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरें जीएसटी, धुलाई ,चढ़ाई उतराई तथा अन्य करो को जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
6– सामग्री आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाए।
7– प्रस्तुत रेट पी डब्लू डी व एस0 ओ 0आर 0 के स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8– स्वीकृत आपूर्ति का भुगतान तकनीकी सहायक /अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत की जाए।

नोट–सामग्री की गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

सचिव ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत नहामऊ, विकास खंड रामनगर जिला बाराबंकी।

कार्यालय ग्राम पंचायत सैदनपुर, विकासखंड- रामनगर, जिला- बाराबंकी

पत्रांक : ग्रा0पं0का0/2024–25 दिनांक 21/07/2024

निविदा आपूर्ति सूचना

मनरेगा योजना अंतर्गत /15वां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन अभियान/ग्राम निधि/एस0बी0एम0 (आर0आर0सी0) अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एवं मरम्मत, अन्नपूर्णा खाद्य भंडार निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, पंचायत भवन निर्माण एवं विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यालय एवं पंचायत भवन चहरदीवार निर्माण, साजसज्जा, सामुदायिक शौचायलयों का निर्माण एवं मरम्मत, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, डेक्स बेंच आदि क्रय, अमृत सरोवर निर्माण,खडंजा, नाली,नाला, इंटरलाकिंग निर्माण, आर0सी0सी0 रोड, पेयजल आपूर्ति, आरओ वाटर कूलर सिस्टम, फागिंग मशीन क्रय व मरम्मत, 22 वेटरीफाइट टाइल्स, व्यक्तिगत कार्य, साफ सफाई किट, हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट,सोलर लाइट, गौ/पशु आश्रय स्थल निर्माण एवं मरम्मत, समतलीकरण,भूसा, हरा चारा,चोकर,पी एल सी, सी एस सी, प्रवेश द्वार निर्माण, अन्य आकस्मिक कार्य, इत्यादि विकास कार्यो के लिए सीमेंट ईट प्रथम श्रेणी, सीधा तांबड़ा ईट, मौरंग, बालू,सरिया,टाइल्स,रंगाई पुताई तथा वायरिंग, गिट्टी हूयम पाइप पत्थर गिट्टी, सीमेंट ईट, हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री, पशु देखभाल एवं उपचार सामग्री, ठेलिया,ई0–रिक्शा ऑटो इत्यादि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के दिनांक 22 जुलाई से 29/7/2024 के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपने निविदा दर व

एक नजर

लोधेश्वर महादेवा रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था

फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार : सावन के पहले सोमवार को रामनगर क्षेत्र के लोधेश्वर महादेवा मंदिर में जल चढाने के लिए कावांड़ियों का जत्था जयकारा लगाते हुए निकला। शिवभक्तों के लिए जगह-जगह भण्डारे का आयोजन भी किया गया। तहसील क्षेत्र के श्री प्रसन्नाथ भगौली तीर्थ मन्दिर से शिवभक्त जल लेकर लोधेश्वर महोदवा के लिए जाते हैं। इसी क्रम में रविवार को सीतापुर, लहरपुर, खैराबाद, लखीमपुर, बिसवां, महमूदाबाद, रेउसा, पैतेपुर, सिधौली आदि कई स्थानों से हजारों की संख्या में शिवभक्त जयकारा लगाते हुए निकले। उनके स्वागत सत्कार के लिए दादनपुर चौराहे पर समाजसेवी डॉ. संजय कुमार द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। जहां पर हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने प्रसाद के रूप में भण्डारे को ग्रहण किया। इसके बाद डीजे पर बज रहे शिव भजनों पर थिरकते हुए शिवभक्त लोधेश्वर महादेवा के लिए निकल गये। इस मौके पर बलराज यादव, राजीव नयन तिवारी, जगदीश गुप्ता, रामू तिवारी, सीताराम गुप्ता, अशोक कुमार, रामलखन यादव, सरवन सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

79 डिब्बा देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार कै देवा पुलिस टीम ने जनपद बहराइच के थाना क्षेत्र हुजूर पुर के गाँव बसन्तपुर निवासी पिंटू पुत्र स्वामी दयाल को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से पुलिस ने 79 डिब्बा देशी शराब बरामद किया। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

रोटावेटर की चपेट में आकर मासूम की मौत

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : रोटावेटर की चपेट में आकर एक मासूम की मौत हो गई। हादसा रविवार सुबह करीब आठ बजे थाना लोनीकटरा के बड़वल गांव में हुआ। गांव निवासी दिनेश के खेत की ट्रैक्टर रोटावेटर से जुताई हो रही थी। इसी बीच दिनेश का पांच वर्षीय पुत्र हरिवंश अचानक रोटावेटर की चपेट में गया। गम्भीर रूप से घायल को परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

सरयू नदी का जलस्तर स्थिर, कटान तेज

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : सरयू नदी का जलस्तर रविवार को स्थिर रहा। जलस्तर स्थिर होने के बाद भी नदी आधा दर्जन से अधिक गांवों में दलदल जमीन को काटते हुए गांव के भीतर और बंधे की तरफ तेजी से बढ़ रही है। शनिवार की शाम से नदी के उग्र रूप धारण करने से हेतमापुर तटवर्ती इलाकों सहित एक दर्जन से अधिक गांव के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है।

पहला सोमवार आज, दर्शन को उमड़ेंगे भक्त

लोधेश्वर महादेवा में शिवलिंग पर जल चढ़ाने को लेकर रविवार रात से ही पहुंचे श्रद्धालु

भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे भगौली के कांवड़िए। अमृत विचार

मंदिर में सजा लोधेश्वर बाबा का दरबार। अमृत विचार

मंदिर के प्रवेश द्वार से दर्शन को जाते भक्त। अमृत विचार

रामनगर बाराबंकी:

अमृत विचार: सावन मास के प्रथम सोमवार पर सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा में भारी संख्या में श्रद्धालु आदि देव महादेव स्वयंभू शिवलिंग का जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना करेंगे। रविवार की शाम से ही शिवभक्त महादेवा पहुंच रहे हैं। भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद रखने के लिए प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहाँ आने वाले शिवभक्तों के लिए पेयजल, प्रकाश, शौचालय, स्वास्थ्य आदि के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अभरन सरोवर पर श्रद्धालु स्नान करेंगे जिसकी सुरक्षा के लिए तालाब में जाल लगाया गया है। यहां महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम भी बनाएं गए हैं। शिवभक्तों को कतार बद्ध तरीके से जलाभिषेक करवाने के लिए बैरिकेडिंग की गई है।

▸▸ महादेवा मेला को चार जोन नौ सेक्टर में बांटा, पीएसी व भारी पुलिस बल तैनात

सुदूर जनपदों से आने वाले शिवभक्तों का जमावड़ा रविवार की शाम से ही महादेवा पहुंचने लगा है। तमाम श्रद्धालु पैदल व छोटे-बड़े वाहनों से हर हर बम बम के जयकारे लगाते हुए महादेव की नगरी में पहुँचकर जगह जगह भजन कीर्तन कर रहे है। मेले में तमाम दुकानें सज गई हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एक एडिशनल एसपी, चार सीओ, 11 एसएचओ, 14 इंस्पेक्टर, 110 उपनिरीक्षक, 7 महिला उपनिरीक्षक, 90 महिला आरक्षी, 380 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, पांच टीएसआई, 25 ट्रैफिक हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 140 होमगार्ड, 30 ट्रैफिक पुलिस होमगार्ड, एक कम्पनी पीएससी, एक बम निरोधक दस्ता, तैनात रहेंगे। मेले को चार जोन नौ सेक्टरों में में बांटा गया है। मेले क्षेत्र की निगरानी के लिए 45 कंट्रोल रूम से जुड़े सीसीटीवी कैमरे तथा 15 प्राईवेट कैमरे व ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। अभरन सरोवर पर एक मोटरबोट के साथ फ्लड कंपनी व चार गोताखोर तैनात रहेंगे।

मेले की व्यवस्थाओं पर पांच अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नजर रखेंगे। इसके अलावा एसडीएम पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक कुमार पाठक, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय, मेला प्रभारी महादेवा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी मेले की व्यवस्था में जुटे हैं। जिलाधिकारी व पुलिस प्रमुख भी समय-समय पर मेला पहुंचकर कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। श्रद्धालुओं के वाहनों को खड़े करने के लिए चार पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

जिले के अन्य शिव मंदिरों में भी किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हैदरगढ़ के अवशानेश्वर, फतेहपुर के महादेव तालाब, भगौली के प्रसन्नातीर्थ, सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध सिधेश्वर शिव मंदिरों समेत शहर के कैलाश आश्रम, नागेश्वरनाथ मंदिर समेत अन्य कई शिव मंदिरों में आज सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार देखने को मिलेगी। सावन के पहले सोमवार के चलते भक्त भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। पूजन सामग्री को लेकर बाजारों में भी रौनक देखी गई। सभी शिव मंदिरों में भी सुरक्षा को लेकर स्थानीय पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा नगर पालिका समेत सभी निकायों द्वारा संबंधित शिव मंदिरों के आसपास साफ-सफाई के साथ चूना आदि का छिड़काव कराया गया है। इसके साथ ही रविवार से ही कई शिव मंदिरों के साथ घरों में शिव जाप भी शुरू हो गया है। मंदिरों के सेवादारों ने बताया कि भक्तों के दर्शन करने को लेकर सारी तैयारियां कर ली गईं हैं।

मंदिर प्रांगण में भक्तों के लिए लगाई बैरिकेडिंग। अमृत विचार

नाग देवता मंदिर में सुबह से भक्तों की लंबी कतार

सतरिख बाराबंकी:

अमृत विचार: गुरु पूर्णिमा की जय हो, हर हर महादेव, नाग देवता की जय हो के उदघोषों के बीच गुरु पूर्णिमा की रात मंजीठा धाम स्थित नाग देवता के मंदिर पर श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सूर्य उदय होने के साथ हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग से लेकर मंदिर तक करीब आठ सौ मीटर दूर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने नाग बाबा की मठ पर दूध,चावल, बेलपत्र तथा धतूरा चढ़ाकर मनवांछित फल की कामनाएं की।

बंकी विकास खंड के सैकड़ों वर्ष पूर्व से मंजीठा के नाग बाबा मंदिर पर गुरु पूर्णिमा को मेला लगता चला आ रहा है। जो करीब एक महीना नाग पंचमी तक चलता है। बरसात न होने के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या बीते वर्ष से अधिक बताई जा रही है। भारी भीड़ के कारण मंदिर का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया है। मंदिर के पीछे बनी बैरिकेडिंग से होकर श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचा दूसरे रास्ते से बाहर निकाला जा रहा है। करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र की परिधि में बसा श्रद्धालु बाग, खेत और खलिहान में लगे पेड़ों की छांव के नीचे ठहरे देखे गए। हर तरफ नाग बाबा की जय जयकार सुनाई दे रही है। मेला में जिले के अलावा सीतापुर, लखनऊ, अयोध्या, लखीमपुर, फैजाबाद, गोंडा, बहराइच, रायबरेली सहित कई अन्य जिलों के श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। इसी बीच नाग देवता मंदिर परिसर में चोर उचक्के पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी भारी पड़ गए। वहीं लखनऊ जिले के मोतीलालपुरवा निवासी एक महिला के कान की टॉप्स तथा राधा दीक्षित के गले से सोने की चेन छिन गई। इसके अलावा दो अन्य महिलाएं भी अपने जेवर छिन जाने की बात कह रही थी। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं इसके अलावा मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात है। इसके बाद भी चोर सक्रिय रहे और महिलाओं के साथ घटनाएं हो रही हैं।तो मेला के अन्य क्षेत्र में क्या हाल होगा। प्रभारी निरीक्षक सतरिख अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि दो महिलाओं के साथ चेन छिनने की घटना हुई है,जानकारी मिली थी। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सक्रिय है,सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

मंजीठा स्थित नाग देवता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार का इंतजार

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : कस्बा देवा से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में लोगों की अपार आस्था है। सावन मास के अन्य दिनों में भी इस मंदिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। इसके बाद भी इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराने को लेकर किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान इधर नहीं गया है। जिसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है।

कस्बा देवा के फतेहपुर मार्ग पर भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है। जो कि ग्राम पंचायत मामापुर के अन्तर्गत आता है इस मंदिर को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। यहां लोगों की अपार आस्था है। हरितालिका तीज, शिवरात्रि, सावन मास सहित प्रत्येक सोमवार को यहां

▸▸ नेताओं को नहीं है ध्यान, सावन के अलावा भी उमड़ती है भीड़

शिव भक्तों की काफी भीड़ उमड़ती है। इसके बावजूद भी जनप्रतिनिधियों की इस मंदिर के प्रति अनदेखी लोगों को रास नहीं आ रही है। क्षेत्र के कुछ समाजसेवी लोगों ने इस मंदिर के प्रति आस्था दिखाते हुए इसकी मरम्मत में कुछ योगदान जरूर दिया लेकिन इसके वावजूद भी मंदिर का समुचित विकास नहीं हो सका। वहीं ग्राम पंचायत सचिव कुंवर स्वरूप ने बताया कि मंदिर के सामने स्थित तालाब की गाटा संख्या काफी बड़ी है। इसको दो पार्ट में एस्टीमेट बनवाकर अमृत सरोवर के रुप में विकसित करने को लेकर ब्लॉक प्रमुख से बात की गई है और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मंदिर के कुंड सहित तालाब का सौंदरीकरण कराया जाएगा।

गुरु पूर्णिमा पर संत-महात्माओं की पूजा, भंडारे में छका प्रसाद

फतेहपुर बाराबंकी:

अमृत विचार: गुरु पूर्णिमा पर जगह जगह मंदिरों और आश्रमों पर संत, महत्माओं की पूर्जा अर्चना करके श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। शक्ति धाम महादेव तालाब मन्दिर फतेहपुर, बाबा साहेब मन्दिर बेलहरा, प्रसन्नाथ भोले शिव मन्दिर भगौली तीर्थ, मूर्ति स्वामी मन्दिर बड्डूपुर, श्री रामजानकी मन्दिर पचघरा में प्रातः 10 बजे से लेकर करीब 2 बजे तक विधिवत् पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रमनगरा आश्रम इसरौली में गुरू पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 102 वर्षीय बाबा नन्दकिशोर दास टाटम्बरी की लोगों ने पूजा अर्चना करते हुए उनको फूल माला पहनाकर उनके दीर्घायु होने की कामना श्रद्धालुओं द्वारा की गई। आश्रम द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के बाद भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर महन्त रामेश्वर दास, ग्राम प्रधान हरिवंश वर्मा, सुशील जायसवाल, शिव कुमार वर्मा, विद्या प्रसाद, रामखेलावन दास, रमेश दास, रामनरेश दास, भगौती दास आदि समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने संगीत शिक्षक को किया सम्मानित: गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बहार सुगम संगीत प्रभाग संस्था के छात्र एवं छात्रों द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या ने संगीत अध्यापक प्रभात नारायण दीक्षित का सम्मान किया। इसी श्रृंखला में राम कुमारी मौर्या ने अकादमी की कोषाध्यक्ष पूनम दीक्षित का माला पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा प्रमोद तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

महंत के भंडारे में पहुंचे शिष्य: रामसनेहीघाट क्षेत्र के श्री हनुमंत वाटिका आश्रम कल्याणी तट गाजीपुर में महंत रमेश दास पुजारी ने एक विशाल भंडारा का आयोजन किया। जहां पर तमाम शिष्य पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करके अपने गुरु से आशीर्वाद लेकर अपना लोक परलोक बनाया। भंडारे में खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, ब्लॉक बनीकोडर चंद्रशेखर वर्मा, प्रधान लल्ला रावत, प्रधान प्रतिनिधि जटाशंकर तिवारी, राम प्रताप मुंशी, अयोध्या प्रसाद मौर्य , सर्वेश मौर्य, डॉ एम एल साहू, सहित तमाम भक्त एवं वरिष्ठ नेता गण वरिष्ठ नागरिक पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री महामंत्र का अखंड जप एवं सात कुंडीए गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी ने गुरु महिमा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुरु ही हमें इस जीवन से मुक्ति दिलाता है तथा अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। वहीं 7 से 10 बजे तक सात कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

एक जोड़ी सर्प ने दिए दर्शन लोगों में बना कौतूहल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : आषाढ़ मास की गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी इब्राहिमाबाद स्थित नाग देवता का मेला लगा हुआ है। जहां पर नाग देवता जोड़ी के साथ आकर श्रद्धालुओं को दर्शन दिया। जिसकी चर्चा क्षेत्र में हो रही है। हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद के अंतर्गत नाग देवता मेला परिसर में वर्षो पुराना इमली का पेड़ लगा हुआ था। जो वर्षों पूर्व टूटकर समाप्त हो गया। जिसकी जड़ अभी भी है। इस पर श्रद्धालुओं द्वारा चबूतरा बना दिया गया जहां पर आषाढ़ पूर्णिमा के दिन सुबह जब श्रद्धालु दूध, चावल चढ़ाने लगे तभी नाग देवता अपने जोड़े के साथ दिखे। श्रद्धालुओं ने दूध चावल चढ़ाया दर्शन किया। जिसकी चर्चा फैलने लगी। लोग दर्शनों के लिए आने लगे तभी वह सर्प अदृश्य हो गए। जिसकी चर्चा क्षेत्र में कतूहल बनी है।

इमली पेड़ के जड़ के पास मौजूद सर्प का जोड़ा। अमृत विचार

चोरों ने चार लाख के माल पर हाथ किया साफ

निन्दूरा बाराबंकी:

अमृत विचार: घुंघटेर थाना क्षेत्र के कुशवाहा नगर मजरे अखैईपुर मे बीती रात शनिवार को चोरों ने धावा बोला एक मकान में घुसकर लगभग चार लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों की तलाश में जुट गई है।

पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि गांव के बाहर लगी मेंथा ऑयल की टंकी पर पेराई कर रहे थे। पत्नी, बेटी, मां घर पर थे। पत्नी और मां रात में सो गए। बिजली न होने की वजह से अंधेरे का फायदा उठाकर चोर दरवाजा खोलकर अंदर घुस गए। जब पत्नी को घर के अंदर से कुछ आवाज सुनाई दी तो अचानक उसकी नींद खुली देखा कि कुछ लोग घर के अंदर हैं। पत्नी ने शोर मचाना शुरू कर दिया उतने में ही बगल में खड़े एक चोर ने तत्काल उसका मुंह बंद कर दिया तथा दूसरा साथी कोई नशीली पदार्थ की दवा हाथ में लेकर मुंह में पकड़ कर दबा दिया। जिससे वह बेहोश हो गई लेकिन बगल में सोई बड़ी बेटी ने शोर मचाना शुरु कर दिया। तब तक चोर अंधेरे का फायदा उठाकर लाखों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। मनोज मेंथा की पेराई कर रहा था भागता हुआ घर आया पता चला कि उसके घर में चोरी हो गई। इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी।

डीएम ने अस्पताल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

बाराबंकी, अमृत विचार: जिला पुरुष अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने के लिए डीएम सत्येंद्र कुमार झा ने अस्पताल का रविवार को औचक निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। औचक निरीक्षण पर निकले डीएम ने नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण कर इमरजेंसी में मरीज को दी जाने वाली सुविधाओं की जमीनी हकीकत की पड़ताल की। मौके पर मौजूद सीएमएस डॉ. बृजेश कुमार को आवश्यक निर्देश दिए। इस बीच डीएम के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम भी उनके साथ मौजूद रही। डीएम ने एक अगस्त से ओपीडी की शुरुआत से पहले चिकित्सकों के साथ विचार-विमर्श किया।

गांवों में सट्टा प्रदर्शन शुरू, किसान दूर कराएं त्रुटियां

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: चीनी मिल में पेराई सत्र से किसानों से गन्ना खरीदने जाने को लेकर जिले में 20 जुलाई से ग्रामवार गन्ना सट्टा (गन्ना सर्वे) का प्रदर्शन शुरु हो गया है। ग्रामवार इस प्रदर्शन में गन्ना समिति व चीनी मिलों के कर्मचारी सट्टा प्रदर्शन में किसानों को सर्वे समेत 63 कालम प्रदर्शित करेंगे। यदि किसी किसान से गन्ना सर्वे, खतौनी आदि में कमी होगी, तो उसे मौके पर निस्तारित करेंगे।

आगामी गन्ना पेराई सीजन की तैयारी में चीनी मिलें व गन्ना विभाग जुटे हुए हैं। गन्ना सर्वे के उपरांत विभाग के गन्ना निरीक्षक व चीनी मिल कर्मचारियों के साथ गांव-गांव जाकर

▸▸ 30 अगस्त तक चलेगा प्रदर्शन 63 कॉलम की होगी सूचना

सट्टा प्रदर्शन करेंगे। इस बार प्रदर्शन कर्मचारियों को 63 कालम पर करेंगे। विभाग के अनुसार कर्मचारी पौधे का गन्ना सर्वे, सट्टा में लगी खतौनी का ग्रामवार, किसान वार प्रदर्शन करेंगे। गन्ना पौधा के प्लाटों का पारिवारिक बंटवारा, जमीन संबंधित संशोधन, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, सप्लाई मोड, सप्लाई प्वाइंट, बेसिक कोटा, कुल गन्ना क्षेत्रफल आदि सभी आंकड़ों का किसान वार प्रदर्शन करें। विभाग किसानों से अपील कर रहा है कि सट्टा प्रदर्शन में शामिल कर अवलोकन करें। कर्मचारी प्रदर्शन दिखाने के बाद किसानों के हस्ताक्षर कराएंगे। गन्ना विभाग के अनुसार गन्ना सर्वे अर्थात सट्टा प्रदर्शन ग्राम वार होगा। परंतु जिस गांव में सट्टा प्रदर्शन किया जाएगा। उसकी सूचना गांवों के किसानों को एक दो दिन पहले फोन मैसेज आदि के माध्यम से भेजी जाएगी। सट्टा प्रदर्शन के दौरान किसानों को अपना गन्ना सर्वे, पर्ची, आधार, मोबाइल नंबर आदि बारीकी से देखना होगा कोई त्रुटि होने पर उसे सही करा सकेंगे। ताकि बाद में परेशानी न उठानी पड़े। सट्टा प्रदर्शन को लेकर गन्ना सचिवों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इस संबंध में जिला गन्ना अधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि गांवों में सट्टा प्रदर्शन शुरु हो चुका है। जो 30 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान गन्ना किसान अपने सर्वे को देख लें कोई त्रुटि हो तो उसे सही करा लें।

सार-संक्षेप

युवक ने प्रधान को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : बिना वजह एक युवक ने ग्राम प्रधान के पास जाकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर लाठी डंडे से पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया और बीच बचाव करने पहुंचे पूर्व प्रधान की भी पिटाई कर उन्हें भी घायल कर दिया। पीड़ित प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अहीरगाव के प्रधान पंचम रावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम लगभग 7 बजे अपने घर के दरवाजे पर खड़े हुए थे। तभी अहिरगाव गांव निवासी शिवशरण पाण्डेय पुत्र जमुना प्रसाद दरवाजे पर आए और बेवजह जाति सूचक गालियां देना शुरू कर दिया और कहने लगे की बहुत बड़े प्रधान बनते हो। तुम्हारी हेकड़ी निकालता हूं। विरोध करने पर मुझे लात घूंसे व डंडे से मारना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला के सिर पर डंडे से वार कर उन्हें भी घायल कर दिया। इस मारपीट के दरमियान जहां मुझे हाथ व पैर में चोटें लगीं तो वहीं पूर्व प्रधान विनोद कुमार का सिर फट गया।

जगतसांई अब एसडीएम सदर, विजय उपजिलाधिकारी न्यायिक

बाराबंकी, अमृत विचार : जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जिले के अलग अलग तहसीलों मे कार्यरत पांच उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया है। इस कड़ी में उप जिलाधिकारी फतेहपुर रहे राल्ला पल्ली जगत साईं को अब उप जिलाधिकारी नबाबगंज बनाया गया है। जबकि उपजिलाधिकारी न्यायिक प्रशासनिक पद पर तैनात राजेश कुमार विश्वकर्मा को उपजिलाधिकारी फतेहपुर में तैनाती दी गई है। इसी तरह उप जिलाधिकारी न्यायिक हैदरगढ़ में कार्यभार संभाल रहे मो. शम्स तबरेज़ खां को उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ के पद पर नई तैनाती दी गई है। वहीं उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ अनुराग सिंह को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट तृतीय कलेक्ट्रेट का चार्ज सौंपा गया है। अभी तक उपजिलाधिकारी नबाबगंज का कार्यभार देख रहे विजय कुमार त्रिवेदी को उपजिलाधिकारी न्यायिक पद पर भेजा गया है। डीएम के आदेश पर प्रशासनिक अफसरों को दी गई तैनाती तत्काल प्रभाव से लागू की गई है।

नर्सिंग छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार : जेबीएस इंस्टीट्यूट के नर्सिंग विभाग के छात्राओं द्वारा जिले में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह शैक्षणिक भ्रमण संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी रामकिशोर वर्मा के संरक्षण में आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण की अगुवाई नर्सिंग विभाग के विभागाध्यक्ष लवकुश विश्वकर्मा के द्वारा की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बाराबंकी जिले में स्थित जुग एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में फर्टिलाइजर्स बनाने की विधियों एवं उससे होने वाले फायदे तथा फर्टिलाइजर्स के उपयोग से स्वास्थ्य से संबंधित होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रबंधक पूनम सिंह, प्राध्यापिका बबली सिंह एवं अंशिका सिंह शामिल रहीं।

पौधे लगाकर की गई देखभाल की अपील

मसौली/ सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड मसौली के ग्राम पंचायत अकबरपुर में अमृत सरोवर पर भी पौधरोपण किया गया। अमृत सरोवर को रंगबिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी, सीओ सुमित त्रिपाठी, बीडीओ डॉ. संस्कृता मिश्रा, एडीओ सहकारिता खूशबु राय ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। इसके बाद सभी लोगों ने मौजूद ग्रामीणों को सहजन का पौधे भेंट किए। और इसे रोपित कर देखभाल करने की बात कही। वहीं बड़ागांव के आर्दश तालाब पर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत वर्मा, जिला मंत्री युवा मोर्चा डॉ.सुधाकर सोनी आदि ने पौधे रोपित कर उनके संरक्षण की बात कही। इसी तरह आदर्श नगर पंचायत सुबेहा के कार्यालय सहित विभिन्न वार्ड महतेली, किला दरवाजा, हवेली, सुलेमानपुर, पट्टी, पलिया सहित विभिन्न वार्डो में कुल 1700 पौधे रोपित किए गए। जिसमें पाम, चन्दन, नारियल सहित कई प्रजाति के पौधे शामिल रहे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव चौधरी अदनान ने भी कार्यालय परिसर में पौधा रोपित कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

योजना व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए चलेगा 21 दिवसीय विशेष अभियान

वंचित पात्रों को शौचालय निर्माण को मिलेगी धनराशि

सचिन कुमार, सतरिख बाराबंकी:

अमृत विचार: स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों में 21 दिवसीय विशेष अभियान ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के द्वारा चलाया जाएगा। इस अभियान से सभी पंचायतों को ओडीएफ प्लस करने की तैयारी की जा रही है।

मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के आदेश पर सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सचिव के द्वारा ग्राम पंचायतों में बैठक आयोजित कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत फेज-2 के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 21 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में व्यक्तिगत शौचालय से वंचित परिवार को तेज गति से प्राथमिकता के आधार पर शौचालय की सुविधा प्रदान की जाएगी। वंचित परिवार को आवेदन कराकर पूरी ग्राम पंचायत को संतृप्त किया जाएगा। शौचालय विहीन परिवार के चिन्हिकरण के लिए ग्राम प्रधान के नेतृत्व में पंचायत सचिव व पंचायत सहायक की एक टीम का गठन किया जाएगा। डीएम के अनुमोदन के बाद पात्र लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की धनराशि भेजते हुए व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा इसी अभियान के दौरान अपात्र पाए गए शौचालय विहीन परिवारों का शौचालय निर्माण उनके द्वारा स्वयं के संसाधनों से किए जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उसके बाद पंचायत सचिव के द्वारा अभियान के बाद ग्राम पंचायत की तरफ से एक प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराना होगा कि अब इस पंचायत में शौचालय से कोई भी परिवार शेष नहीं है। इस अभियान से सभी पंचायतों को ओडीएफ प्लस करने की तैयारी की जा रही है। यह विशेष अभियान 29 जुलाई से 18 अगस्त तक चलेगा।

गांव में बना क्षतिग्रस्त शौचालय।

▸▸ लोगों से कराएं जाएंगे आवेदन सचिव और प्रधान गांव को बनाएंगे ओडीएफ प्लस

> स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए सभी सचिवों को पत्र जारी कर 21 दिवसीय अभियान ग्राम पंचायतों में चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे गांव को शौचालय से संतृप्त कर ओडीएफ प्लस बनाया जाएगा।
>
> **-शंभूनाथ पाठक, एडीओ पंचायत, हरख।**

धान के बीज की बिक्री में हो रहे खेल के चलते किसान परेशान

रामसनेहीघाट बाराबंकी:

अमृत विचार: खरीफ फसल की तैयारी में किसान जुट गए हैं। खाद व बीज का समय रहते खरीदारी भी कर रहे हैं। राजकीय कृषि बीज भंडार विकास खंड दरियाबाद में धान के बीज की बिक्री में बड़ा खेल हो रहा है। गोदाम के अधिकारी व कर्मचारी किसानों की जेब खाली करने में जुट गए हैं। राज्य सरकार ने पंत 28 धान का प्रति 22 रुपये किलो और सांभा मंसूरी धान का प्रति 31 रुपये किलो कीमत तय किया है। गोदाम अधिकारी व कर्मचारी अलग ही रेट चल रहे हैं। किसानों को प्रति एक किलो पंत 28 धान 28 रुपये और सांभा मंसूरी 33 रुपये किलो में बेच रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट जिलाध्यक्ष मायाराम यादव ने फर्जीवाड़ा की शिकायत जिलाधिकारी से किया था। जिसकी जांच बीज गोदाम प्रभारी दरियाबाद को ही दी गई। जिसमें प्रभारी द्वारा जांच प्रक्रिया जारी है। हालांकि लिखकर शिकायत का निस्तारण कर दिया। इसके बाद जिलाध्यक्ष मायाराम यादव द्वारा द्वारा इसकी शिकायत तहसील दिवस रामसनेहीघाट में की गई तो जांच अधिकारी द्वारा गोदाम प्रभारी के बयान लेकर शिकायत का मनगढ़ंत निस्तारण कर दिया गया। गोदाम प्रभारी उमेश सिंह के बयान में लिखा गया बिना रसीद उनके द्वारा किसी को धान नहीं दिया गया है। जबकि मायाराम द्वारा फोन वार्ता में गोदाम प्रभारी द्वारा स्पष्ट कहा जाता है कि जिसका अंगूठा नहीं लगता उन

चार वर्ष पहले गांव से निकला जीशान बना करोड़ों का मालिक

अवैध निवास प्रमाणपत्र बनाने का मामला: भाजपा के पूर्व लोस प्रत्याशी ने कहा - आईएसआई का हाथ संभव

संवाददाता, लखनऊ/रायबरेली

- लखनऊ में दो फ्लैट, सलोन में पांच मकान और वाणिज्यिक संपत्तियों की चर्चा
- रायबरेली के सलोन में 19,700 निवास प्रमाण पत्र बनने का मामला

अमृत विचार : चार वर्ष पहले रायबरेली के गढ़ी इस्लाम नगर से रोजगार करने के लिए सलोन कस्बे पहुंचा जीशान देखते ही देखते करोड़ों का मालिक बन गया।

बताया जा रहा है कि उसने अवैध निवास प्रमाण पत्र के जरिए करोड़ों रुपये कमाए और खूब संपत्तियां खरीदीं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह भी जीशान के समानांतर रुपये कमाता रहा और संपत्तियां खरीदता रहा। पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है।

बताते चलें कि सलोन के एक गांव में 19,700 अवैध निवास प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया है। विधायक अशोक कुमार ने दावा किया कि इसमें से ज्यादातर प्रमाण पत्र बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए बनाए गए थे। असम की जेल में बंद एक बांग्लादेशी कैदी के आईडी कार्ड में सलोन का पता दर्ज था, जिसके बाद असम की सुरक्षा एजेंसियां रायबरेली पहुंची थीं और शिनाख्त की थी।

बाद में पता चला कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह, जीशान व रियाज ने मिलकर 19,700 अवैध निवास प्रमाणपत्र बनाए। जिला प्रशासन भी इतने बड़े पैमाने पर बने निवास प्रमाण पत्र को लेकर कोई संज्ञान नहीं ले सका। विधायक के प्रयास से एटीएस की टीम मौके पर पहुंची, बाद में एनआईए ने भी जांच शुरू करने का दावा विधायक अशोक कुमार की ओर से किया गया। रविवार को आरोपियों की संपत्तियों पर चर्चा शुरू हुई। एटीएस सूत्रों के मुताबिक जीशान ने प्रमाण पत्र बनाकर करीब 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अर्जित की हैं। दो फ्लैट लखनऊ स्थित गोमती नगर विस्तार में खरीदे हैं, जबकि पांच मकान सलोन कस्बे में खरीदे हैं। बताया जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसियों ने घर से भी काफी धनराशि जब्त की है। इतनी ही संपत्तियां ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह के पास भी पाई गई हैं। अब सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज करते हुए आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी की है।

आईएसआई की संलिप्तता की संभावना जताते हुए गृह मंत्री को लिखा पत्र

अमृत विचार, रायबरेली : सलोन में फर्जी प्रमाण पत्र मामले में तार आईएसआई से जुड़े होने की आशंका है। यह दावा करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी भाजपा नेता व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सिलसिले में विगत 17 जुलाई को आपके समक्ष पत्र भेजा जा चुका है। पुन: लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम में आईएसआई की संलिप्तता की संभावना अधिक है। जनसुविधा केंद्र संचालक जीशान खान व उसके पिता रियाज खान मास्टर माइंड हैं। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव की भी संलिप्तता प्रतीत होती है। कहा कि इन्होंने करोड़ों की संपत्ति फर्जी प्रमाण पत्रों को बनाने से अर्जित की है। यह सारा पैसा विदेशों से आया है, इसकी संभावना प्रतीत हो रही है।

करंट की चपेट में आने से दो लाइनमैन झुलसे, भर्ती

लालगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। लालगंज पावर हाउस में संविदा पर नियुक्त दो लाइनमैन पूरे जालिम सिंह मठ निवासी बबलू पुत्र श्रीपाल और गौरा रुपई निवासी धर्मेंद्र पुत्र राजेंद्र करंट की चपेट में आने से झुलस गए है।

लालगंज सरकारी अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कस्बे के आलमपुर रोड में सरकारी अस्पताल के पास स्थित ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। संविदा बिजली लाइनमैन बबलू और धर्मेंद्र नया ट्रांसफार्मर लगाने पहुंचे थे। इनके साथ दो और लाइनमैन भी थे। शटडाउन लेकर पहले हाइड्रा से ट्रांसफार्मर उतारा गया, ट्रांसफार्मर चढ़ाने का काम चल ही रहा था कि दो लाइनमैन पास में ही दूसरी जगह बिजली मरम्मत करने चले गए थे और मरम्मत करने के बाद उन्होंने पावर हाउस शटडाउन वापस कर दिया, जिससे बिजली सप्लाई चालू हो गई। पर उधर, ट्रांसफार्मर चढ़ा रहे बबलू व धर्मेंद्र को शटडाउन वापस होने की जानकारी न मिलने से दोनों दोनों लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गए। जेई बृजेश मौर्य अस्पताल पहुंचे और दोनों लाइनमैनों का इलाज कराया।

गुरु की पूजा और आशीर्वाद से सुखमय होता है जीवन

बड़ा मठ डलमऊ में स्वामी देवेंद्रा नंद गिरि महराज का आशीर्वाद प्राप्त करते शिष्य।

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।

अमृत विचार। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ में कई प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वामी देवेंद्रा नंद गिरि महराज ने बताया कि मान्यता है कि गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इसीलिए इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुओं की पूजा अर्चना करने का विधान है, जो लोग इस दिन गुरुओं की पूजा एवं दान पुण्य कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं उनका जीवन सदा सुखमय रहता है और भव तरिणी पार करने में किसी प्रकार की बाधा नहीं आती। परम्परा के अनुसार बडा मठ डलमऊ मे गुरू पूजा और गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे शिष्य द्वारा महमंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रा नंद गिरि महराज की पूजा अर्चना करते हुए गुरु दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी देवेंद्रा नंद गिरी द्वारा 151 नए शिष्यों को गुरु दीक्षा दी गई। आयोजित कार्यक्रम में अयोध्या प्रसाद विश्व द्वारा कथक नृत्य का आयोजन किया गया। डलमऊ के स्वामी गीता नंद दतिया, मध्य प्रदेश के स्वामी ब्रह्मानंद, चित्रकूट के स्वामी आत्मानंद द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वामी दिव्यानंद महराज, स्वामी रामचैतन्य महराज, सुधाकर शास्त्री, सुशील शास्त्री, उमाकांत व भक्त उपस्थित रहे।

गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

कांवड़ियों ने भरा जल, सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में करेंगे जलाभिषेक

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।

अमृत विचार। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने देवी देवताओं के मंदिरों में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के साथ-साथ बड़े मठ के शिष्यों ने भी अपने गुरु स्वामी देवेंद्रानंद गिरि की विधिवत पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरु पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं ने एक दिन पूर्व ही अपने तीर्थ पुरोहितों एवं गंगा तटों पर पहुंचकर अपना-अपना डेरा डाल लिया था। सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ बड़े मठ और छोटे मठ पर रही। श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर रात्रि में ढोल मजीरो की धुन में भक्ति गीतों के साथ जागरण किया।प्रातः काल होने पर श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के अंदर हर-हर गंगे के जयकारों के साथ नदी में स्नान करना प्रारंभ कर दिया था। सुबह 5 बजे से लेकर 10 बजे तक स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही जो धीरे-धीरे कम होती गई। इस दौरान समिति की ओर से लोगों से गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

जयकारों से गूंजे गंगा तट, उमड़ी आस्था

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली। अमृत विचार। गुरु व्यास के अवतरण दिवस गुरु पूर्णिमा पर रविवार को गंगा तटों पर आस्था और भक्ति का सैलाब उमड़ा रहा। हर हर गंगे के उद्घोष से गंगा तट गुंजायमान होते रहे। आषाढ़ मास की पूर्णिमा का खासा महत्व है। पौराणिक धार्मिक कथाओं में विशिष्ट स्थान रखने वाले गोकर्ण ऋषि की तपोस्थली गोकना गंगा घाट पर आसपास के कई जनपदों के लोग इस मौके पर यहां पहुंचे और स्नान दान करके पुण्य अर्जित किया। गोकना गंगा घाट को पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण के लिए खोद डाला गया है। इसके बावजूद लोगों ने गंगा तट पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई है। भारी भीड़ के बावजूद सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं था। गंगा तट पर एक भी पुलिस कर्मी तैनात नहीं था। गंगा तट को जाने वाले रास्तों की भी बड़ी बदतर दशा है। कुल मिलाकर बड़े दुर्गम रास्तों से होते हुए श्रद्धालु गंगा तट पर पहुंचे थे। क्षेत्र के पूरे तीर, बादशाहपुर, गोला घाट आदि गंगा तटों पर भी हजारों की संख्या में लोगों ने स्थान दान करके पूजा अर्चना की है। इसी के साथ सोमवार से शुरू रहे भगवान भोलेनाथ को समर्पित सावन मास में शिवमंदिरों पर जलाभिषेक के लिए कांवरियों व अन्य भक्तों ने गंगा जल भरा। बाद में कांवरियों का जत्था अपने अपने आराध्य मंदिरों की ओर रवाना हुआ। क्षेत्र के अलावा दूर दराज से आए स्नानार्थियों व कांवरियों की बड़ी तादात में आमद से गोकना घाट लोगों से खचाखच भरा रहा। समिति के सचिव व पुरोहित पं. जितेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर पवित्र नदियों व सरोवरों में स्नान दान का विशेष महत्व है।

जाम की समस्या से जूझे राहगीर

गंगा स्नान को लेकर मुराई बाग मुख्य चौराहे पर जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। सुबह भोर से ही मुख्य चौराहे से लेकर स्नान घाट को जाने वाली सड़क पर राहगीरों का तांता लगा रहा। उमश भरी गर्मी में राहगीर घंटों जाम की समस्या से जूझते रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन को भी कड़ी मशक्कत उठानी पड़ी।

डलमऊ कस्बे में जाम में फंसे राहगीर। अमृत विचार

गोकना घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

कुएं में कूदे पूर्व प्रधान के बेटे समेत दो भाइयों की मौत

संवाददाता, प्रतापगढ़।

अमृत विचार : कुएं में आत्महत्या करने के लिए कूदे भाई को बचाने के लिए चचेरा भाई भी कूद पड़ा। कुएं में डूबने से दोनों भाइयों की मौत हो गई, जबकि चाचा का गम्भीर हालत में इलाज चल रहा है। दो भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली देहात के बढ़नी गांव गांव निवासी पूर्व प्रधान सुभाष वर्मा का 24 वर्षीय बेटा राहुल वर्मा गंभीर चिकन पॉक्स से ग्रसित था। रविवार सुबह वह घर के पास कुएं की जगत पर बैठा था। आत्महत्या करने के लिए अचानक कुएं में कूद गया। उसे बचाने के लिए चचेरा भाई 22 वर्षीय चचेरा भाई सूरज वर्मा भी कूद गया। दोनों को बचाने में चाचा 45 वर्षीय बेचू वर्मा भी कुएं में उतर गये। तीनों में से कोई भी कुएं से बाहर नहीं निकल सका तो परिजनों व ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद एसओ कोतवाली देहात विनीत उपाध्याय मयफोर्स मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने तीनों को कुएं से बाहर निकाला। गम्भीर हालत में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने राहुल वर्मा और सूरज वर्मा को मृत घोषित कर दिया। गम्भीर हालत में चाचा बेचू वर्मा का राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया की दोनों पारिवारिक भाइयों की मौत हो गई। घायल चाचा का अस्पताल में चल रहा है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

पट्टी प्रतापगढ़ अमृत विचार : आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रमगढा निवासी 55 वर्षीय राम अचल तिवारी पुत्र इंद्र प्रसाद तिवारी घर पर रह कर खेती करते थे। शनिवार शाम किसी बात को लेकर परिवार में कहासुनी हो गई। राम अचल ने घर से कुछ दूर आंवले के पेड़ पर गमछा का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। एसओ असपुर देवसरा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया खुदकुशी लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

घर से लापता बालक का तालाब में मिला शव

प्रतापगढ़ अमृत विचार : लीलापुर थाना क्षेत्र में एक दिन पहले लापता 10 वर्षीय बालक का शव तालाब में उतराया मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालक की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने किसी से रंजिश होने से इन्कार किया है। मृतक के माता-पिता की तीन साल पहले हादसे में मौत हो गई थी। पुलिस हत्या और हादसा को लेकर भी जांच कर रही है।लीलापुर थाना के डीहमेहंदी बाबूगंज निवासी स्व. शिवम जायसवाल का दस वर्षीय पुत्र कार्तिक गांव के प्राइमरी स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। शनिवार को दोपहर कार्तिक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने कार्तिक की काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। रविवार को सुबह गांव के समीप एक तालाब में उसका शव उतराया मिलने से सनसनी फैल गई।

कार्तिक (फाइल फोटो)

आस्था के साथ मना गुरु पूर्णिमा का पर्व

संवाददाता, प्रतापगढ़।

अमृत विचार : जनपद में रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व रआस्था और विश्वास के साथ मनाया गया। लोगों ने अपने- अपने गुरु को भगवान के रूप में पूजन किया। बलीपुर के साई मंदिर में तीन दिवसीय साई नाथ महोत्सव के दूसरे दिन गुरु पूजन किया गया।

दोपहर में धूप आरती श्रद्धालुओं ने मिलकर की। आरती के बाद अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने कहा कि सद्गुरु साई बाबा से जुड़कर जीवन में प्रकाश पाया जा सकता है। वह कहते हैं कि जो मेरी ओर एक कदम आता है, मैं उसकी ओर 10 कदम बढ़ जाता हूं। गुरु के बिना जीवन में अंधकार होता है। इसलिए गुरु का सहारा जरूर लेना चाहिए। आरती के दौरान आचार्य आलोक ऋषिवंश, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, विधायक के पुत्र आशीष मौर्य, शिक्षक विनोद सिंह, देवव्रत मिश्र, विजय कुमार शुक्ला, ऋषभ सिंह राकेश सादवानी, रिंकू सरदार व सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। मुख्य ट्रस्टी चंद्रिका सिंह ने कहा कि गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने इस देश-दुनिया को संस्कार और अध्यात्म की शक्ति से प्रकाशित किया है। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद शुक्ल महाकाल आदि लोगों ने हवन और पूजन किया। कुंडा प्रतिनिधि के अनुसार गुरु पूर्णिमा पर मनगढ़ स्थित भक्तिधाम में भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर प्रबन्ध रहे। रविवार को भोर से ही भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी। भक्ति धाम में आकर्षक झांकियां सजाई गई जो भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रही थी।

गुरु पूर्णिमा पर भक्तिधाम में उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में मारपीट, 6 लोग घायल

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पाल्हीपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों से दर्जनों लोगों ने लाठी, ठंडे, कुल्हाड़ी से एक दूसरे पर हमला बोल दिया। हमले में दोनों पक्षों से छह से अधिक लोग घायल हुए है। वहीं कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर दोनों पक्षों के तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों का संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

सार-संक्षेप

कांग्रेस अध्यक्ष के जन्मदिन पर जरूरतमंदों को आर्थिक मदद

डीह कस्बे में दलित परिवार को आर्थिक मदद करते कांग्रेसी। अमृत विचार

सूची, रायबरेली, अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र के अन्तर्गत कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में असहाय दलित परिवार की बेटियों की आर्थिक सहायता की गई। डीह ब्लॉक स्वरूप दास बाबा की कुटी पर असहाय दलित परिवार की साधना, शारदा को पीसीसी सदस्य किरन देवी ने अंग वस्त्र, भोजन सामग्री व जिला सचिव एसपी सिंह, यूथ कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष यूथ मजहर अली, दिनेश सिंह ने आर्थिक सहायता की। इस मौके पर अन्य कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वेशभूषा से हरियाली का सन्देश देकर बच्चों ने किया पौधरोपण

मॉडल उ.प्रा. विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में पौधरोपण करते बच्चे।

प्रतापगढ़, अमृत विचार : मानधाता ब्लॉक के मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में वेशभूषा से हरियाली का सन्देश देते हुए छात्र - छात्राओं ने पौधरोपण किया।बीईओ प्रभाकर यादव के निर्देश पर प्रधानाध्यापक मो. फरहीम के मार्गदर्शन में हरे रंग की वेशभूषा में सज धज कर बच्चों ने फलदार एवं औषधीय पौधे लगाये। राजवीर अग्रहरि, विनायक पांडेय दीपांशु शर्मा, नैंसी, कल्पना शिवांश सिंह, आशीष शर्मा, मो. रेहान, रघुराज यादव, प्रियांशु यादव, मैविश समीर आदि बच्चों ने पौधरोपित कर उस पर अपना नामांकन किया और संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षक पितामह यादव, नीतू वर्मा, रोशन आदि मौजूद रहे।

गोतस्करों व पुलिस के बीच मुठभेड़, छह गिरफ्तार

प्रतापगढ़ अमृत विचार : लीलापुर पुलिस की गोतस्करों से आधी रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक अंतर्जनपदीय शातिर बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। अन्य तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास कार, पिकअप आदि सामान बरामद कर जेल भेज दिया। शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे लीलापुर पुलिस गश्त पर निकली थी। देवली के जंगल में गोवंश लेकर कटने के लिए पश्चिम बंगाल जा रहे गोतस्करों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देखकर तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में लीलापुर हन्डौर के अंतर्जनपदीय शातिर बदमाश 28 वर्षीय इश्तियाक के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उपचार के लिए उसे ट्रामा सेंटर लालगंज भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घेराबंदी व मुठभेड़ के दौरान घायल के साथी करदहा, जलालपुर जौनपुर 29 वर्षीय विजय वर्मा, बिंदा फूलपुर, वाराणसी का 26 वर्षीय राकेश यादव, रामपुर सुबरी खरका, जलालपुर जौनपुर का 30 वर्षीय संदीप, बिंदा, फूलपुर वाराणसी का 29 वर्षीय दीपक यादव और हन्डौर निवासी 55 वर्षीय अब्बास को गिरफ्तार कर लिया।

खेती -किसानी

सुभाष पालेकर कृषि पद्धति से तैयार की मल्टीलेवल बागवानी, एक एकड़ में सात से आठ लाख का लाभ

पंचस्तरीय बागवानी से कमा रहे लाखों रुपये का मुनाफा

संवाददाता, अंगद राही, शिवगढ़।

रायबरेली, अमृत विचार। रसायन मुक्त सुभाष पालेकर कृषि करने वाले क्षेत्र के कसना गांव के रहने वाले प्रगतिशील कृषक शेषपाल सिंह ने मल्टीलेवल पर बागवानी का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसे अपनाकर कृषक एक एकड़ में सात से आठ लाख रुपये वार्षिक मुनाफा कमा सकते हैं। इस मल्टीलेवल बागवानी के मॉडल को साझा करते हुए शेषपाल सिंह ने बताया कि 'सुभाष पालेकर कृषि पद्धति' से तैयार की गई पंचस्तरीय बागवानी है। इसमें पहले साल से ही किसानों की एक से डेढ़ लाख रुपए आमदनी होनी शुरू हो जाती है। उन्होंने बताया कि पंचस्तरीय बागवानी का मॉडल विकसित करने के लिए पहले लेयर में बड़े पेड़ जैसे आम, बेल, जामुन, आंवला, कटहल, बड़हल, सहजन आदि पेड़ लगाते हैं। दूसरे लेयर में नीबू, बेर, मुसम्मी, संतरा आदि झाड़ियोंनुमा फल वाले पौधे अथवा औषधीय पौधे लगाते हैं। तीसरे लेयर में केला, पपीता, अरहर और बेल वर्गीय पौधे परवल, कुंदरु, करेला, लौकी, तोरई, कद्दू आदि लगाते हैं। चौथे लेयर में गेंदा, गुलाब, शतावर, रजनीगंधा, सुगंधा, ग्लेडियस, भिंडी, बैंगन, मिर्च आदि के पौधे लगाते हैं। वहीं अन्त में पांचवें लेयर में कन्द वाली फसलें जैसे आलू, प्याज, लहसुन, हल्दी, अदरक, घुइयां, बंडा, अरुई, शकरकंद, जिमीकंद, सूरन आदि उगाते हैं। उन्होंने बताया कि इस मॉडल की सबसे बड़ी खासियत है कि एक बार यह मॉडल विकसित हो जाने के बाद लागत बिल्कुल न के बराबर हो जाती है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के स्थान पर आवश्यकता पड़ने पर जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत एवं दस पर्णी अर्क का प्रयोग करते हैं।

पंचस्तरीय बागवानी में लगे पेड़ों को दिखाते हुए शेषपाल सिंह। अमृत विचार

पर्यावरण संतुलन में सहायक पंचस्तरीय बागवानी

शेषपाल सिंह ने बताया कि पंचस्तरीय बागवानी पर्यावरण संतुलन में सहायक है। इससे आस पास का वातावरण हमेशा शुद्ध रहता है। पत्तियों के सड़ने से खाद बन जाती है, जिससे मिट्टी उपजाऊ बनी रहती है।

रसायन मुक्त फल एवं सब्जियों की भारी मांग : पंचस्तरीय बागवानी में तैयार किए जाने वाले रसायन मुक्त फलों एवं सब्जियों की बाजार में भारी मांग रहती है। रासायनिक उर्वरकों एवं रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से तैयार की गई सब्जियों एवं फलों की अपेक्षा दोगुने, तीन गुना मूल्य पर पंचस्तरीय बागवानी में तैयार फल और सब्जियां बिकते हैं।

मेजबान रायबरेली प्रथम पाली सेमीफाइनल में

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में 53वीं संभागीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि बीपी श्रीवास्तव जिला विज्ञान इंफॉर्मेटिक्स अधिकारी द्वारा किया। उद्घाटन मैच अंडर-17 में केन्द्रीय विद्यालय कानपुर कैंट ने 3-0 से विजय हासिल किया। वहीं अंडर 14 में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली ने केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ को 3-0 से हराया। आज कुल 12 लीग मैच आयोजित हुए। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली प्रथम टीम होने का गौरव प्राप्त किया।

एक नजर

कृषि निवेश मेला एवं कृषक प्रशिक्षण आज

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत आज सोमवार को पूर्वाहन 11 बजे से शिवगढ़ ब्लाक परिसर में विकास खण्ड़ स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं उत्तर प्रदेश श्रीअन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी शिवगढ़ राजकीय बीज भण्डार प्रभारी शिवशंकर वर्मा द्वारा दी गई। शिवशंकर वर्मा ने बताया कि कृषि निवेश मेले में कृषि विशेषज्ञों के साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी, पुश चिकित्साधिकारी मौजूद रहेंगे। किसानों को कृषि तकनीकी के साथ ही जैविक खेती, प्राकृतिक खेती तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

घर में घुसकर मारपीट चार नामजद

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव अधारखेड़ा मजरे धुराई निवासी राहुल लोधी पुत्र कमलेंद्र लोधी ने आरोप लगाया कि जमीन विवाद में उसके गांव के कृष्ण कुमार उर्फ कमलेश, शिव बहादुर उर्फ शेरा, सुनील, अनिल सहित चार लोगों ने उसके घर में घुसकर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अचानक साइकिल से गिरा अधेड़, अस्पताल में मौत

ऊंचाहार, रायबरेली। भीषण गर्मी के कारण अचानक चक्कर आने से एक अधेड़ साइकिल से गिर गया। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई है। यह घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव सरपतहा मोड के पास हुआ है। क्षेत्र के गांव सलीमपुर बहेरवार निवासी अधेड़ मुच्छड़ पल्लेदार साइकिल से जा रहा था। भीषण उमस भरी गर्मी में वह पसीने से तर-बतर था। जिसके कारण अचानक उसको चक्कर आया और वह साइकिल से सड़क पर गिर गया। आसपास के लोगों ने दौड़कर उसे उठाया, किंतु वह अचेत था। उसके बस एंबुलेंस की मदद से उसको सीएचसी भेजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच सूचना पाकर अधेड़ के परिजन सीएचसी पहुंचे, किंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अधेड़ की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। चिकित्सकों ने संभावना जताई है कि गर्मी के कारण उसका ब्रेन हैमरेज हुआ है।

आईडीटीआर में शिक्षकों ने किया पौध रोपण

पौधरोपण करते शिक्षक।

रायबरेली, अमृत विचार। शासन के निर्देशानुसार जिले के हरचंदपुर मे स्थित वाहन प्रशिक्षण विद्यालय इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग ट्रेंनिंग एंड रिसर्च परिसर में वृहद पौधरोपण किया गया। एआरटीओ मनोज सिंह, आरआई संजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख पीयूष सिंह, बीडीओ हरचंदपुर, प्राचार्या बबिता व उप प्राचार्या अनामिका शुक्ला ने परिसर में पौधे लगाकर लोगों को जागरूक किया। पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत प्राचार्या ने सभी को सम्बोधित किया और मानव जीवन में वृक्षों की उपयोगिता पर चर्चा की। संभागीय निरीक्षक संजीत सिंह ने बताया कि परिसर को लगभग पांच सौ पौधों से हरा भरा किया गया है। इस मौके पर अनुराग, आदर्श तिवारी, अभिषेक गौतम, संजू, शीतांशु सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

कंटेनर की टक्कर से कार सवार युवती की मौत, तीन लोग घायल

रफ्तार की मार : लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली।

अमृत विचार। लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित कंटेनर ने फुटपाथ पर लगी दुकानों सहित कार में टक्कर मार दी। इसमें कार सवार युवती की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन लोग घायल हो गए। घटना 20 जुलाई को शनिवार की देर शाम की है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

लखनऊ- प्रयागराज हाईवे पर स्थित कुंदनगंज कस्बे में रायबरेली की ओर से लखनऊ जा रहा एक कंटेनर अचानक अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित कंटेनर ने हाईवे के किनारे फुटपाथ पर लगी अंडे की दुकान सहित अन्य कई दुकानों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी कार को रौंद दिया।

जिससे कार में बैठी वर्षा अवस्थी पुत्री दशरथ अवस्थी निवासी जबरौली थाना मोहनलालगंज, जिला लखनऊ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गनीमत रही कि जब यह हादसा हुआ तब कार चला रहा प्रदीप गौड़ पुत्र रामगोपाल गौड़ निवासी

वर्षा अवस्थी (फाइल फोटो)।

थाने में खड़ी क्षतिग्रस्त कार।

मऊ थाना मोहनलालगंज अंडे की दुकान पर खड़ा था। वहीं फुटपाथ पर खड़े सलाउद्दीन पुत्र बहुरूद्दीन (28) निवासी कुंदनगंज एवं सानू पुत्र मुन्ना (25) निवासी कुंदनगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में कार कंटेनर में फंस गई और करीब 100 मीटर तक कार सड़क पर रगड़ती रही। घटना को देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसी युवती को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित किया।

घटना की जानकारी होते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस तथा स्थानीय लोग पहुंच गए। हाईवे पर करीब आधा घंटा जाम रहा। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना कि जानकारी प्राप्त हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सम्मान में खड़े न होने पर गरीब को मारी रॉड, बहन से दुर्व्यवहार

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। गांव में एक गरीब को मात्र इसके लिए बुरी तरह पीटा गया, क्योंकि वह गांव के एक रसूखदार के सम्मान में चारपाई से उठकर खड़ा नहीं हुआ था। बीच बचाव में आई पीड़ित की बहन के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। मामला क्षेत्र के गांव इटौरा बुजुर्ग का है।

गांव के निवासी फिरोज हासमी का कहना है कि शनिवार की शाम उनके दरवाजे पर गांव का एक व्यक्ति आया था। उसने आवाज दी तो उसने कहा कि बताओ क्या काम है। इसके बाद वह अचानक गाली-गलौज करने लगा। उसने कहा कि तुम्हारी इतनी औकात कि मेरे सामने चारपाई से उठ नहीं सकते। इतना कह कर वह चला गया। रविवार की सुबह फिर वह अपने भाई के साथ उसके दरवाजे पहुंचा और गाली देते हुए लोहे की राड से उसे पीटना शुरू कर दिया। उसकी चीख पुकार सुनकर उसकी छोटी बहन बीच बचाव करने आई तो उसे घसीटकर अपने पास ले गया और बोला कि तुम्हारा ऐसा हश्र करूंगा कि कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी। इस घटना के बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचा और उसने मामले की लिखित तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

महिला को पीटने का वीडियो वायरल

ऊंचाहार, रायबरेली। रास्ते के विवाद में दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कोतवाली में मामले की तहरीर दी गई है। माधौपुर सुल्तान मजरे शुकरुल्ला गांव निवासी बाल जी द्विवेदी व अंजनी सगे भाई हैं। जिनके बीच काफी समय से रास्ते का विवाद चल रहा है। रविवार की सुबह इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि अंजनी के परिवार के लोग गाली-गलौज कर रहे थे, जब बाल जी की पत्नी शकुंतला ने इस बात का विरोध किया तो आरोप है कि एकजुट कई लोगों ने महिला की सरेआम पिटाई कर दी। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराकर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

रायबरेली। गुरु पूर्णिमा के पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि वेद-मूर्ति, तपोनिष्ठ, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, देश-विदेश के करोड़ों परिजनों के आध्यात्मिक गुरु हैं। शक्तिपीठ पर गुरुदेव के साहित्य आधे मूल्य पर जनमानस को उपलब्ध कराने के लिए आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

सवैया तिराहा राजमार्ग से जुड़ेगा सलोन मार्ग

ऊंचाहार, रायबरेली। सलोन मार्ग को फोर लेन के रूप में चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के बीच कार्य योजना तैयार की जा रही है। जिसके तहत ऊंचाहार सलोन मार्ग को क्षेत्र के सवैया तिराहा के पास लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग से जोड़ा जाएगा। ऊंचाहार-सलोन मार्ग का चौड़ीकरण होगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने एनएचएआई को प्रस्ताव भेजा है, जिसमें पूरी कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें सलोन मार्ग के किनारे स्थित कई बाजार और मकान जद में आएंगे, जिन्हे ध्वस्त किया जाएगा। इस मार्ग को लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग से जोड़ा जाएगा, जिससे सलोन मार्ग से आने-जाने वाले वाहन सीधे प्रयागराज, लखनऊ और कानपुर के लिए आसानी से आ जा सकेंगे। पीडब्ल्यूडी सूत्रों ने बताया कि सलोन मार्ग को क्षेत्र के सवैया तिराहा के पास राजमार्ग से जोड़ने का प्रस्ताव है। इसके लिए सर्वे का काम चल रहा है, जिसमें कुछ गांव और बड़ी संख्या में किसानों की जमीन प्रभावित होगी जिसका अधिग्रहण किया जाएगा।

सावन का पहला सोमवार आज

डीएम के निर्देश पर कांवरियों के मार्गों को किया दुरुस्त, ईओ व सीओ ने मार्गों किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। सावन का पहले सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। एक दिन पहले ही गंगा तटों पर कांवरियों की भीड़ उमड़ी रही। गंगा जल लेकर अलग-अलग शिवालयों के लिए कांवरियां निकल पड़े। सोमवार को जिले के साथ ही आसपास के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रूद्राभिषेक कराया जाएगा। इसको लेकर मंदिरों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

जिले के शिव मंदिरों में रंगरोगन के साथ साफ-सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। पहले सोमवार को लेकर भक्तों में उल्लास रहता है। छोटा हो या फिर बड़ा, स्त्री हो या पुरूष, बच्चा हो या फिर वृद्ध हर कोई शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए आतुर रहता है। यह क्रम पूरे माह चलता रहता है। भक्तों के आने का सिलसिला बढ़ता ही जाता है। मंदिरों में भोले बाबा के जयकारें की गूंज रहती है। महीने भर आसपास मेला जैसा माहौल रहता है। वहीं गंगातट के मंदिरों में लोगों के आकर्षण का केंद्र है। डलमऊ, गोकना, गेंगासों गंगा तटों पर स्नान के बाद श्रद्धालु शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं।

राजघाट के निकट सड़क मरम्मत कार्य देखते ईओ स्वर्ण सिंह और सीओ अमित सिंह।

उधर, गदागंज प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के धूतेश्वर धाम मंदिर में रविवार को रामचरित मानस का पाठ शुरू हुआ। पुजारी सहदेवानंद महाराज ने पूजा अर्चना कराई। फतेहपुर के रमाकांत तिवारी, रामानुज शुक्ला, संत प्रसाद पांडेय, कृपाशंकर मिश्रा, सोनू, मोहित की अगुवाई में सोमवार को भंडारा होगा। इस मौके पर शिवकरन शुक्ला, बनवारीलाल द्विवेदी, राम प्रताप शुक्ला, राजेश, कमलेश मौजूद रहे।

ऐसे करें पूजा

सावन में भगवान शिव की पूजा पूरे विधि विधान से करना चाहिए। पहले जल, दूध दही, घी, शक्कर, गंगाजल, गन्ना रस आदि से स्नान कराकर अभिषेक करे। बाद में बेलपत्र, शमीपत्र, दूब, कुशा, मदार, नीलकमल, कमल, कनेर जवाफूल आदि अर्पित करें।

इन मंदिरों पर उमड़ेंगे भक्त

शहर के प्रसिद्ध जगमोहनेश्वर मंदिर, डिग्री कालेज चौराहा स्थित पहलवार वीरबाबा मंदिर, इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर के अलावा ऐहार के बाल्हेश्वर मंदिर, कुर्री सुदौली के भंवरेश्वर मंदिर, भीमगंज के झारखंडेश्वर मंदिर, डीह के गल्थरेश्वर मंदिर, सूची के महेश्वर मंदिर, भवानी नगर के सेवारेश्वर महादेव मंदिर, हरचंदपुर के अचलेश्वर मंदिर, सरेनी के सोहलेश्वर मंदिर, लालगंज के गहिरेश्वर मंदिर, ऊंचाहार के गौरीशंकर महादेव मंदिर, कुंदनगंज के मंतेश्वर महादेव मंदिर, राजामऊ के कंजेश्वर मंदिर, जगतपुर के झारखंडेश्वर मंदिर में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए आते हैं।

सार-संक्षेप

अराजकतत्वों ने हाथ-पैर बांधकर नशेड़ी युवक को नहर में फेंका

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। घर से बाजार सामान लेने जा रहे एक नशेड़ी युवक को रास्ते में दो लोगों ने पकड़कर उसके हाथ पैर बांध कर उसे नहर में पुल के नीचे फेंक दिया। कुछ देर बाद आसपास के युवक खेतों में पानी लगाने के लिए नहर किनारे पहुंचे तो उसकी आवाज सुनकर उसे बाहर निकाला, तब कहीं जाकर उसकी जान बची। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे गुरू देवली निवासी महेश यादव जो नशे का आदी है। शनिवार शाम को अपने घर से मलियापुर बाजार सामान लेने के लिए जा रहा था, तभी रायपुर टप्पा हवेली के आगे उसे दो युवक मिल गए जिन्होंने उसका मुंह पकड़ कर उसके हाथ पैर बांध दिए और पुल के नीचे नहर में फेंक दिया। घंटो बाद जब खेतों में पानी लगाने के लिए उधर से कुछ युवक गुजरे तो उसकी आवाज सुनकर उसके पास पहुंचे और नहर से उसे बाहर निकाला। जब युवक को नहर से बाहर निकाला गया तो उसके हाथ पैर बंधे हुए थे। बाहर आने पर उसने बताया कि कुछ दूर पहले उसे दो लोग मिले थे जिन्होंने उसका मुंह दबाकर हाथ पैर बांध दिए और नहर में फेंक दिया। सूचना पर पीआरबी ने पहुंचकर युवक से पूछताछ की। हालांकि डलमऊ पुलिस ने युवक के हाथ पैर बांधे जाने के बाबत इनकार किया है। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि युवक भांग और शराब के नशे का आदी है। अधिक नशे में होने के चलते वह नहर में कूद गया था जिसे कुछ देर बाद परिजन घर ले गए है।

चार माह बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत 20 मार्च को एक युवक ने अपने गांव की एक 15 वर्षीय किशोरी को अपने घर में बुलाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां चार महीने तक थाने से लेकर पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की चौखट के चक्कर काटती रही। लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। घटना के चार महीने बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पीड़िता की मां के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता की मां ने न्यायालय में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि विगत 20 मार्च की रात लगभग आठ बजे उसके गांव के रावेंद्र कुमार ने उसकी 15 वर्षीय बेटी को अपने घर में बुलाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसने थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक शिकायती पत्र दिया। चार महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय की शरण ली। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता की मां के शिकायती पत्र के आधार पर न्यायालय के आदेश पर नामजद आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व सांसद मसूरियादीन पासी को किया याद, दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद मसूरियादीन पासी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमेठी सांसद केएल शर्मा ने पूर्व सांसद के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए मसूरियादीन पासी जी कई बार जेल गए। सांसद रहते हुए उन्होंने जनसेवा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि 2 अक्टूबर 1911 को जन्मे बापू मसूरियादीन पासी ने समाज को देश की मुख्य धारा में लाने का कार्य किया। नगर पालिका चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने मसूरियादीन पासी जी को श्रद्धांजलि अर्पित। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री पं .जवाहर लाल नेहरू जी के साथ जेल में रहें और आजाद भारत में सांसद रहते हुए पासी समाज पर अंग्रेजों द्वारा लगाये गये, क्रिमिनल एक्ट से मुक्ति दिलाई। वीके शुक्ल, सुधा द्विवेदी, अतुल सिंह, हाजी इलियास, वीरेन्द्र यादव, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, पुष्पा यादव, संजय श्रीवास्तव, अभय त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

पूर्व सांसद मसूरियादीन पासी के चित्र पर माल्यार्पण करते अमेठी सांसद केएल शर्मा।

होमगार्ड जवानों ने चौकी पर किया पौधरोपण

पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होमगार्ड। अमृत विचार

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत होमगार्ड व अधिकारियों एवं जवानों द्वारा सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चुरुवा चौकी पर जवानों ने पौधरोपण किया गया है। पौधरोपण के दौरान फलदार वृक्ष के साथ-साथ ऑक्सीजन देने वाले पौधों को भी आरोपित किया गया। इस दौरान कंपनी के कमांडर सुरेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है कि कम से कम पांच पौधों का रोपण प्रत्येक वर्ष करना चाहिए, जिससे कि प्राकृतिक आपदाओं में कमी होगी। जल भराव एवं कब बारिश के लक्षण ही आपदा को जन्म देते हैं। इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति के वातावरण को संतुलित रखा जा सकता है। इस मौके पर बीओ भारत भूषण सिंह, पीसी जागेश्वर, पीसी प्रशांत सिंह, रामचंद्र सहित बड़ी संख्या में होमगार्ड के जवान मौजूद रहे।

सत्संग सुनने से संवर जाता है कर्म

जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन रविवार को सत्संग सुनते श्रद्धालु।

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। संत निरंकारी सत्संग भवन रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महात्मा विजय बहादुर ने किया। सत्संग को संबोधित करते हुए महात्मा ने कहा कि सत्संग की निरंतरता हमारे जीवन में बनी रहती है तो हमारे कर्म संवर जाते हैं। सत्संग से ही वह साधन है, जहां पर इंसान अपने मन के मैल को धोता है। सतगुरु के वचनों और संत महापुरुषों की संगत इस मन को मिलती है। फिर ज्ञान के प्रकाश से सब अंधेरा दूर हो जाता है। यह मन और निर्मल बन जाता है। फिर मन भक्ति में रुकावट नहीं बनता संसार और संसार की वस्तुओं की तरफ हमें भ्रमित नहीं करता फिर भक्ति में स्वयं सड़क बन जाता है। इस मौके पर बसंत सिंह, राम लखन, राम प्रसाद, हरकेश, शिव मूरत, रूपेश, कमल, जगन्नाथ, वंदना, उषा, कर्मावती, रेखा पांडे, पूनम, कमला, धनदेवी, सुनीता आदि साध संगत मौजूद रहे।

दुकानों में नाम लिखने का आदेश गलत : केएल शर्मा

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। रविवार को अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सुपर मार्केट स्थित नगर पालिका कार्यालय में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच कर उनका हाल जाना और संवाद किया।

इसी दौरान योगी सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर दुकानों में नाम लिखने के दिए गए आदेश को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार के इस आदेश को मैं गलत मानता हूँ। हमारा देश एक सेकुलर देश है। इस तरीके का कोई आदेश ठीक नही है।

सांसद किशोरी लाल शर्मा नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर व नगर पालिका ईओ स्वर्ण सिंह के बीच पैदा हुए विवाद को लेकर मिलने आये थे। उन्होंने कहा कि हो सकता है सरकार ने यह अच्छे के लिए किया हो लेकिन इससे संदेश गलत जा रहा है। उन्होंने कहाकि सभी धर्म व जातियों का विकास करना, सब की भावना का ख्याल रखना सरकार का कार्य होता है। सरकार को राजधर्म का पालन करना चाहिए।

लालगंज के लोगों ने सरकार के फैसले का किया स्वागत

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी ने कांवड यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के बाहर दुकानदारों का नाम लिखाए जाने के आदेश का चौतरफा स्वागत हो रहा है। वास्तव में यूपी में गर्माई सियासत पर सीएम योगी फ्रंटफुट पर आ गए हैं। योगी ने कहा है कि पूरे यूपी में कांवड मार्गों पर खाने पीने की दुकानों पर संचालक मालिक का नाम पहचान लिखना होगा। यह फैसला कांवड यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए लिया गया है।

सीएम योगी ने कहा है कि हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर भी कार्रवाई होगी। प्रदेश की योगी सरकार के इस फैसले का लालगंज के लोगों ने भी जोरदार स्वागत किया है। लालगंज क्षेत्र के सुशील शुक्ला, मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, दिवाकर मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, कैलाश बाजपेई, ब्रह्मेंद्र विक्रम सिंह, राजन अवस्थी, सतीश पटवा, संतोष सिंह, दिनेश दीक्षित, सुनील मिश्रा, रिंकू बाजपेई, राजेश निर्मल, बीके सिंह, नवल मौर्य, बबलू पांडे, बृजेंद्र सिंह, बाबू तिवारी, मंटू वाजपेई, संजय बाजपेई, सुशील दीक्षित, नीरज बाजपेई, अभिषेक शुक्ला, बबलू तिवारी, नागेंद्र गुप्ता, नागेंद्र सिंह, रमेश शुक्ला, बाबूलाल लोधी, अशोक यादव आदि लोगों ने मुख्यमंत्री योगी के आदेश का स्वागत किया है।

सर्पदंश से किशोर की हालत गंभीर

अटौरा, रायबरेली। गुरबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के दुर्जन का पुरवा मजरे सुल्तानपुर खेड़ा गांव में रविवार की सुबह करीब 10 बजे एक 17 वर्षीय किशोर को सर्प ने डस लिया। किशोर को इलाज के लिए सीएचसी जतुआ टप्पा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। अमन कुमार (17) रविवार की सुबह करीब 10 बजे जानवरों को चराने ले गया था। तभी विषैले सर्प ने उसके पैर मे डस लिया। नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुआ टप्पा ले गये, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

नए थाना प्रभारी ने की बैठक

बछरावां, रायबरेली। निवर्तमान थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा के लाइन हाजिर होने के पश्चात बछरावां कोतवाली की कमान संभालने पहुंचे नवागंतुक थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने रविवार को क्षेत्र के पत्रकारों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कई समस्याओं पर गहनता पूर्वक चर्चा की। नवागंतुक थाना प्रभारी ने बताया कि हमारा प्रथम उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं को जल्द से जल्द समाप्त करना है, ताकि आम लोगों को बार-बार थाने के चक्कर न काटने पड़े। हमें पुलिसिंग की ऐसी व्यवस्था बनाकर रखनी है ताकि लोगों को यह ना लगे की पुलिस हमारे ऊपर शासन कर रही है अपितु लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि पुलिस हर समस्या में सेवा भाव के साथ हमारे साथ मौजूद है।

सराहनीय | प्राथमिक विद्यालय राजापुर में आयोजित किया गया पठन उत्सव

शिक्षक की मेहनत से बच्चों में पढ़ने की बढ़ रही ललक

संवाददाता, राही, रायबरेली।

अमृत विचार। मूल शिक्षण वही है जो बच्चों को इतना प्रेरित कर दे व जिज्ञासु बना दे कि वह स्वयं ही बेहतर करने हेतु हर क्षण सजग रहें। कुछ ऐसा ही शिक्षण कौशल शिक्षक अजय सिंह के द्वारा देखने को मिलता है।

हर बार अजय सिंह के द्वारा आम शिक्षण से हटकर शिक्षण तकनीक प्रयोग में लाई जाती है। उसी क्रम में 'मेरा शनिवार, प्यारा शनिवार' शीर्षक के अंतर्गत हर शनिवार को प्रथम चक्र से मध्यावकाश तक पठन उत्सव व मध्यावकाश के बाद हर शनिवार को अलग-अलग गतिविधियां सुलेख, श्रुतलेख, रंगोली, ड्राइंग, भाषण, डांस, लोकगीत, अंत्याक्षरी आदि के माध्यम से बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षक अजय सिंह ने बताया कि समझ, पठन व लेखन के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को कक्षा 2 से 5 तक के सभी बच्चों को पुस्तकालय कालांश में उनके मनपसंद व स्तर के अनुसार पुस्तकें घर में पढ़ने के लिए उन्हें उपलब्ध कराई जाती हैं। उसके बाद शनिवार को ही एक घंटे पुनः बच्चों को पढ़ने का अवसर दिया जाता है। इसके बाद अध्यापक अपने आवंटित बच्चों को क्रमश निर्धारित प्रारूप (जिसमें बच्चे का नाम, समझ, पठन व लेखन कालम पर अंक प्रदान किया जाता है। प्रत्येक बच्चे से पुस्तक की समझ से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं जिसके लिए अंक निर्धारित होते हैं। उसी पुस्तक से 10 शब्द पढ़वाए जाते हैं, इसके लिए भी 5 अंक और अंत में 5 शब्द लिखवाए जाते हैं, इसके भी 5 अंक निर्धारित होते हैं। इस तरह से बच्चों के समक्ष ही उनके प्रदर्शन के अनुसार अंक प्रदान किया जाता है। परिणाम को विद्यालय रिकॉर्ड में दर्ज कर सम्बंधित कक्षा में भी चस्पा किया जाता है, जिससे बच्चे स्वयं ही देखकर स्वप्रेरित हों व आगामी शनिवार हेतु और अच्छे से अपने को तैयार कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन हेतु माह के अंत में प्राप्तांकों को जोड़कर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कर प्रत्येक कक्षा के टॉप-5 बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही हर उस बच्चे को सम्मानित किया जाता है, जिसने क्रमिक वृद्धि दर्ज हासिल की है, जैसे पहले शनिवार को 2 अंक, फिर 3 अंक उसके बाद 4 अंक इस तरह से वृद्धि। इस तरह से बच्चे शनिवार को लेकर बहुत ही उत्साहित रहते हैं और स्वप्रेरित होकर पुस्तकालय की भिन्न-भिन्न पुस्तकों को पढ़कर समझ विकसित करते हैं।

प्राथमिक विद्यालय राजापुर में पढ़ाई करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

एक नजर

पांच लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली हरेंद्र उर्फ हुरा कुंजाम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली हरेंद्र कुंजाम पर सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था। हरेंद्र प्लाटून पार्टी कमेटी मेंम्बर पीपीसीएम रैंक का उत्तर सब जोनल ब्यूरो राजनैतिक टीम का कमांडर था। वह 2015 से नक्सल संगठन में कार्यरत आत्मसमर्पित माओवादी गंगालूर एरिया कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में और उत्तर सब जोनल ब्यूरो पीपीसीएम/राजनैतिक टीम कमांडर के पद में कार्य कर चुका है।

अलवर में मालगाड़ी के तीन डिब्बे हुए बेपटरी

नयी दिल्ली/जयपुर। राजस्थान के अलवर यार्ड में मालगाड़ी के तीन डिब्बे शनिवार देर रात पटरी से उतर गए। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना यार्ड में हुई, लेकिन इससे दिल्ली-अलवर मार्ग पर ट्रेन परिचालन अप्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना देर रात ढाई बजे हुई। उन्होंने कहा कि अलवर-मथुरा मार्ग प्रभावित हुआ लेकिन उस दौरान कोई यात्री ट्रेन या मालगाड़ी नहीं होने से रेल परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

पूर्व विधायक की कार से महिला की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के हनुमाकोंडा जिले में पूर्व बीआरएस विधायक टी राजैया की कार से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात उस समय हुई जब महिला जिले के मदिकोंडा में सड़क को पार कर रही थी। घटना के समय कार को राजैया का चालक चला रहा था। उस समय राजैया कार में थे। पुलिस के अनुसार, पूर्व विधायक ने दुर्घटना में शामिल कार को नजदीकी थाने भिजवा दिया तथा दूसरी कार से वहां से रवाना हो गए। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।

राजौरी में कैब खाई में गिरी, तीन की मौत

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार सुबह एक कैब के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कैब सवार थांदिकास्सी से लाम की ओर जा रहे थे, तभी चलान गांव के पास हादसा हुआ। कैब चालक अरुण की मौके पर मौत हो गई, जबकि बगलाव के मोहम्मद दीन और उसके बेटे मोहम्मद असलम ने नौशेरा के उपजिला अस्पताल और राजकीय चिकित्सा कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मानसून सत्र : 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध

राज्यसभा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक तथा नागरिकता कानून पर भी हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा में सूचीबद्ध निजी विधेयकों में, न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में उनके शामिल होने पर रोक लगाने से संबंधित विधेयक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक पर विधेयक, तथा नागरिकता कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक शामिल है। आगामी सत्र में, संसद के उच्च सदन में पेश करने के लिए कुल 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं।

सूत्र ने कहा कि राजद सांसद

● पति की ओर से पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग

एडी सिंह द्वारा सूचीबद्ध संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य (अनुच्छेद 124, 148, 319 और 324 का संशोधन और नए अनुच्छेद 220ए और 309ए को सम्मिलित करना), न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों से सेवानिवृत्त होने वालों और निर्वाचन आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक दलों में शामिल होने से रोकना है। ये विधेयक हालिया विवादों की पृष्ठभूमि में लाये गए हैं।

ऐसा ही एक विवाद कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय से जुड़ा है, जिन्होंने पांच मार्च को अपने न्यायिक पद से इस्तीफा दे दिया था और दो दिन में भाजपा में शामिल हो गये थे। जुलाई में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य अपनी सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद भाजपा में शामिल हो गये थे। सिंह द्वारा सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन कर पति द्वारा पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग की गई है।

डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग

माकपा सांसद वी. शिवदासन ने दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मौसम नूर ने भी दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। इनमें से एक का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना है जबकि दूसरा डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग से संबंधित है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी नियामक प्राधिकरण बनाने के लिए एक विधेयक सूचीबद्ध किया है। निजी विधेयक ऐसा विधेयक होता है जिसे वह सांसद पेश करता है जो सरकार का हिस्सा नहीं होता। वर्ष 1952 से अब तक दोनों सदनों द्वारा केवल 14 ऐसे विधेयक पारित किए गए हैं।

शरद पवार भ्रष्टाचार के सरगना हैं, उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के प्रमुख : शाह

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला किया और उन्हें भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया। पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन में शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का आरोप लगाया।

उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख करार दिया और कहा कि वह 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। भाजपा नीत महायुति

● राहुल गांधी पर चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का लगाया आरोप

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2014 और 2019 के चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

भाजपा नेता ने कहा कि शरद पवार ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी जीत के बाद राहुल गांधी का अहंकार चूर-चूर हो जाएगा। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगा था। औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो (26/11 आतंकी हमले के दोषी) कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगते हैं, जो (विवादित इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो (प्रतिबंधित इस्लामी संगठन) पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र में भाजपा ने 2019 में लोकसभा की 23 सीट जीती थी, जो 2024 में नौ रह गई।

चुनावी बॉण्ड संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ दो गैर सरकारी संगठनों कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर आज को सुनवाई कर सकती है। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच स्पष्ट लेन-देन का आरोप लगाया गया है।

नीटः 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या माइनस मार्क्स मिले

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा इस साल विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रवार घोषित परिणामों के अनुसार 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या नकारात्मक अंक मिले हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्राप्त न्यूनतम अंक बिहार के एक केंद्र पर 'माइनस 180' हैं।

शहर और केंद्रवार परिणामों के अनुसार, 2,250 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य अंक मिले हैं, जबकि 9,400 से अधिक अभ्यर्थियों को नकारात्मक अंक मिले हैं। झारखंड के हजारीबाग में जांच के दायरे में आए केंद्र पर

● परीक्षा में किसी उम्मीदवार की ओर से प्राप्त किए न्यूनतम अंक माइनस 180 हैं

कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य से भी कम अंक प्राप्त किए हैं। कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन कोई बड़ा समूह नहीं देखा गया है, क्योंकि प्रत्येक केंद्र पर ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या अधिक नहीं है। नीट परीक्षा पेपर लीक सहित कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है। पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से लाभान्वित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन कुछ केंद्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है।

असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 1.30 लाख लोग अब भी प्रभावित

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और 10 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1.30 लाख रह गई। प्रदेश में ब्रह्मपुत्र समेत दो प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों वाली केंद्रीय टीम ने इस साल दो बार आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव मिहिर की अगुवाई में एक दल ने कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

देश में वायु प्रदूषण का संकट सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर वायु प्रदूषण से निपटने में खराब नीति-निर्माण का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने रविवार को मांग की कि केंद्रीय बजट में इस गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए देश के निकायों, राज्य सरकारों और केंद्र को संसाधन संपन्न बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महीने की शुरुआत में कहा था कि देश में होने वाली मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से जुड़ी हैं और हर साल सिर्फ 10 शहरों में 34,000 लोगों

● कांग्रेस ने केंद्र सरकार प र खराब नीति-निर्माण का लगाया आरोप

की मौत इससे होती है। दिल्ली में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवॉयरमेंट द्वारा किए अध्ययन में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का मूल्यांकन किया गया है और इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को पैदा करने वाली नीतिगत अव्यवस्था को उजागर किया है। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का वर्तमान बजट 10,500 करोड़ है जो 131 शहरों में फैला है। इसमें 15वें वित्त आयोग का अनुदान भी है। इसलिए इस कार्यक्रम के लिए बहुत कम धन उपलब्ध है - और फिर भी, इस अल्प राशि में से केवल 64 फीसदी धन का ही इस्तेमाल किया गया है।

दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का प्रयास

रीवा (मप्र),एजेंसी

मध्य प्रदेश में दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला कमर से नीचे तो दूसरी पूरी तरह से बजरी से ढकी हुई दिखाई दे रही है, जिसे मजदूर निकाल की कोशिश कर रहे हैं। घटना मंगावा थाने के हिनोता जोरोट गांव में की बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसपी विवेक लाल का कहना है कि ममता पांडे और आशा पांडे सड़क निर्माण का विरोध कर रहीं थीं। उन्हें जमीन में आधा गाड़ दिया गया था। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार हिनौता गांव में दो पक्षों में कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को राजेश सिंह जेसीबी और डम्पर में बजरी भरकर सड़क

● मामला दर्ज, सड़क निर्माण का विरोध करते समय घटना को दिया गया अंजाम

● भूमि विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा मामला, मामले में तेज हुई सियासत

निर्माण के लिए आया था। वहां मौजूद आशा और ममता सड़क निर्माण का विरोध करने लगीं। इस बात पर दूसरे पक्ष ने बजरी डालकर उन्हें जिंदा गाड़ने का प्रयास किया। बजरी से एक महिला सिर तक दफन हो गई जबकि दूसरी कमर तक घंस गई। वहीं मामले को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार को घेरना शुरू कर दिया है।

केजरीवाल की सेहत से खिलवाड़ कर रही भाजपा : संजय सिंह

नई दिल्ली। आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का रविवार को आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि केजरीवाल की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें कभी भी कुछ भी हो सकता है।

सिंह ने कहा कि भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले वे कह रहे थे कि केजरीवाल मिठाई खा रहे हैं और शर्करा का स्तर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब भाजपा का कहना है कि केजरीवाल खाना कम कर दिया है। कोई ऐसा क्यों करेगा और अपनी जान जोखिम में क्यों डालेगा। केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रची गई है। आप ने शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के उस पत्र की आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जानबूझकर खुद को बीमार कर रहे हैं।

दुष्कर्म पीड़िता से शादी करने वाले के खिलाफ पॉक्सो मामला खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मैसूर के उस व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया है, जिसने 18 वर्षीय लड़की का उस समय यौन उत्पीड़न किया जब वह नाबालिग थी। कोर्ट ने के विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद 23 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामला रद कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि यदि आरोपी मामले के बंद होने के बाद लड़की और उसके बच्चे को छोड़ता है तो पॉक्सो मामले के तहत फिर कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

दुकान के सामने से एसयूवी को हटवाने के लिए फैलाई बम की अफवाह

पठानकोट, एजेंसी

पंजाब के पठानकोट में अपनी दुकान के सामने एक लावारिस एसयूवी कार खड़ी होने से परेशान 36 वर्षीय व्यक्ति ने उसे हटवाने के लिए बम की अफवाह फैला दी। पुलिस ने रविवार को मामले में स्थानीय निवासी नितिन महाजन को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि पठानकोट के बालाजी नगर में डाकी रोड पर खड़ी लावारिस एसयूवी में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस के मुताबिक, वाहन के पास कुछ हस्तलिखित पर्चे मिले, जिन पर

● पुलिस ने मामले में अफवाह फैलाने वाले को किया गिरफ्तार

पांच दिनों में पठानकोट में सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। संदेश में लिखा था, 100 लोग भारत में घुसे हैं, जिनमें से 30 पठानकोट में हैं। एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि पर्चे से पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। एसएसपी ने कहा कि नितिन ने खुद दो महीनों से दुकान के सामने खड़ी एसयूवी के शीशे तोड़े थे और धमकी भरे संदेश लिखे थे। कार सुरेश कुमार की थी, जिसे हटवाने के लिए नितिन ने यह कहानी गढ़ी थी।

कारोबार/कृषि

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति** बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,650
सोना रवा	73,750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	91,100
चांदी (999)	91,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

आम बजट में एनपीएस, आयुष्मान भारत पर हो सकती हैं कुछ घोषणाएं

सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की संभावना, आयकर में राहत की उम्मीद कम

नई दिल्ली, एजेंसी

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस सप्ताह पेश होने वाले आम बजट में नई पेंशन प्रणाली और आयुष्मान भारत जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर कुछ घोषणाएं हो सकती है। हालांकि, आयकर के मामले में राहत की उम्मीद कम है। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन बढ़ने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जाने की संभावना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए लगातार सातवीं बार और नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे

● पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर हुई है काफी चर्चा: अर्थशास्त्री

कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार यानी 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगीं। अर्थशास्त्री और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि बजट में एनपीएस और आयुष्मान भारत पर कुछ घोषणाओं की उम्मीद है। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर समिति भी गठित की थी।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अच्छे बजट का हकदार : चिराग

नई दिल्ली। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का मानना है कि उनका मंत्रालय अच्छे बजट का हकदार है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर देने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री से अपने मंत्रालय के अनुरोध के बारे में बताए बिना पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने बजट की इच्छा सूची वित्त मंत्रालय को भेज दी है। पासवान ने कहा कि सरकार की सीमाओं को देखते हुए वह नहीं बता सकते कि इनमें से कितने अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे। उनकी शीर्ष तीन प्राथमिकताओं में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करना, भारतीय ब्रांड को वैश्विक बाजारों में ले जाना और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के बारे में विभिन्न गलतफहमियों को दूर करना शामिल है।

आयात पर अकुश से प्रभावित हो रहा कपड़ा क्षेत्र : जीटीआरआई

नई दिल्ली। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाएं, आयात अंकुश और घरेलू निहित स्वार्थ जैसे मुद्दे भारतीय परिधान क्षेत्र की निर्यात वृद्धि को रोक रहे हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का कहना है कि निर्यातकों की समस्या की जड़ में कच्चे कपड़े, विशेष रूप से सिंथेटिक कपड़े हासिल करने में कठिनाई है। जीटीआरआई के अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश और वियतनाम के विपरीत, जहां निर्यातकों को गुणवत्ता वाले आयातित कपड़े मिलते हैं, भारतीय निर्यातकों को कपड़ों पर उच्च आयात शुल्क, डीजीएफटी और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाओं से हर इंच आयातित कपड़े के लिए हिसाब लगाना पड़ता है और संघर्ष करना पड़ता है।

शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 2.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 2,10,330.26 करोड़ का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रहीं।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85.31 अंक या 0.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स शुक्रवार को 81,587.76 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 42,639.16 करोड़ बढ़कर 15,56,772.61 करोड़ रुपये पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 36,748.23 करोड़ बढ़कर 7,01,695.24 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 33,569.16 करोड़ के उछाल के साथ 7,44,396.43 करोड़ पहुंच

● सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय जीवन बीमा निगम

एफपीआई ने शेयरों में किए 30,772 करोड़ निवेश

नई दिल्ली। नीतिगत सुधार की उम्मीद, आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार में 30,772 करोड़ का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा बजट के सुधारोन्मुख रहने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

गई। वहीं एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 26,372.23 करोड़ बढ़कर 7,93,576.49 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर 6,40,651.30 करोड़ और आईटीसी का 5,92,679.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

माइक्रोसॉफ्ट ने तैनात किए हजारों इंजीनियर, विशेषज्ञ

नई दिल्ली, एजेंसी

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा भागीदार क्राउडस्ट्राइक से पैदा हुई गड़बड़ी के बाद सेवाओं को बहाल करने के लिए हजारों इंजीनियर और विशेषज्ञ तैनात किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, 18 जुलाई को क्राउडस्ट्राइक के 'अपडेट' से पैदा हुई दिक्कतों से दुनियाभर में 85 लाख उपकरण प्रभावित हुए थे।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि सेवाओं को बहाल करने के लिए ग्राहकों के साथ सीधे काम करने के लिए

● क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से 85 लाख उपकरण हुए थे प्रभावित

इंजीनियरों और विशेषज्ञों को तैनात किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर पैदा हुई इस गड़बड़ी से कई बिक्री केंद्र प्रभावित हुए और यहां तक कि भारत में कई एयरलाइन कंपनियों की उड़ानें बंद हो गईं। इस रुकावट ने दुनियाभर में कंपनियों और प्रणालियों के परिचालन को रोक दिया था। इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा के नेटवर्क पर ऑनलाइन चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रियाओं में व्यवधान आया, जिससे उन्हें मैनुअल तरीके से चेक-इन का काम करना पड़ा।

सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड व पाम ऑयल हुआ महंगा

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख से दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा हो गया है। वहीं, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट बढ़कर4007 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.68 सेंट की गिरावट के साथ 44.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

बाढ़ और बारिश से फसलें प्रभावित, घटा रकबा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश, कहीं बाढ़ से खरीफ फसलों का लक्ष्य के अनुसार आच्छादन यानी बोआई नहीं हो पाई है। लक्ष्य 10205 हजार हेक्टेयर में 5449.909 हजार हेक्टेयर (53%) में धान, मक्का, ज्वार, अन्य मोटा अनाज, उड़द, मूंग, मूंगलफली, अरहर, सोयाबीन, तिल आदि का आच्छादन हुआ है। जबकि धान की पौध ज्यादातर किसान तैयार नहीं कर पाए हैं न ही उनके पास समय है। जहां रोपाई हुई वहां बाढ़-बारिश से निचली सतहों को नुकसान पहुंचा है।

बारिश की बात करें तो जून में 95

● फसलों के अनुसार कहीं कम तो कहीं औसत से ज्यादा हुई बारिश

● जून-जुलाई में 242.2 मिमी (90.7 फीसद) बारिश, धान प्रभावित

मिमी जरूरत थी जबकि 61.8 मिमी हुई है। 1 से 19 जुलाई तक सामान्य 172.2 मिमी में 180.04 मिमी (104%) हुई। दोनों माह में 1 जून से 19 जुलाई तक सामान्य 267.2 मिमी में 242.2 मिमी (90%) बारिश हुई है। 26 जिले ऐसे हैं जहां 120% से ज्यादा बारिश हुई है। जबकि नौ जिलों में 40% से कम बारिश हुई है। बाढ़ प्रभावित जिलों में फसलों की गुंजाइश नहीं है।

पिछले वर्ष हुई थी 94 फीसदी बारिश : खरीफ के लिए जून से जुलाई बारिश का समय होता है। 1 जून से 19 जुलाई तक 267.2 मिमी (सामान्य) बारिश होनी चाहिए। जो इस वर्ष 242.2 मिमी हुई। 2023-24 में 253.5 मिमी (94.9%) और 2022-23 में 81.8 मिमी (30.6%) बारिश हुई थी, जिससे क्षेत्रफल घटा था।

इन फसलों का आच्छादन : धान 58 प्रतिशत, मक्का 63, ज्वार 43, बाजरा 24, अन्य मोटा अनाज 22, उड़द 49, मूंग 49, अरहर 37, मूंगफली 144, सोयाबीन 97, तिल 36।

तोरिया से करें भरपाई : डॉ. अखिलेश

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि कम ज्यादा बारिश से किसान धान की पौध तैयार नहीं कर पाए हैं। जहां बारिश व बाढ़ का असर है वहां के किसान जल निकासी होने के बाद तोरिया की फसल करें। इससे भरपाई होगी और आगे गेहूं कर सकेंगे। अगेती मटर, आलू व सब्जियां भी किसान कर सकते हैं। धान क्षेत्र में जहां जलभराव है वहां मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। 11 से 15 दिन की धान की नर्सरी भी तैयार कर सकते हैं।

ख्वाहिश है मां मुझे ओलंपिक में पदार्पण करते देखें : जरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी

जिंदगी सभी को दूसरा मौका नहीं देती लेकिन जरमनप्रीत सिंह को मिला और भारतीय हॉकी टीम के इस डिफेंडर की ख्वाहिश है कि तमाम उतार चढावों में उनका संबल बनी उनकी मां कुलविंदर कौर पेरिस में उन्हें ओलंपिक में पदार्पण करते देखे। विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंटों का हिस्सा रहे 28 वर्ष जरमनप्रीत का यह पहला ओलंपिक है और इसमें अच्छा प्रदर्शन करके वह अतीत में मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना चाहते हैं ।

पंजाब के अमृतसर के रहने वाले जरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा मैं कोशिश कर रहा हूं कि अपनी मां को पेरिस ओलंपिक दिखा सकूं। उन्हें गर्व हो कि उनका बेटा सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेल रहा है। मैं हर मैच से पहले मम्मी से बात करता हूं। उनको हॉकी के बारे में कुछ नहीं पता लेकिन मुझे कहती हैं कि ऐसे खेलना, वैसे खेलना। वह मेरी पहली कोच होती हैं। मैने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी देखने उनको बुलाया था। जरमनप्रीत को 2016 से 2018

- भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सिंह बोले- अतीत में मिले जख्मों पर लगाना है मरहम

के बीच डोपिंग मामले में दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था लेकिन उससे उबरकर उन्होंने वापसी की और जूनियर विश्व कप खेलने का मौका चूकने के आठ साल बाद अब ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। नीदरलैंड के ब्रेडा में 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम में पदार्पण करने के बाद से वह 106 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वह हांग्झोऊ एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

उन्होंने कहा यूं तो मैने वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेलों में भाग लिया है लेकिन ओलंपिक पहला है। ओलंपिक का दबाव अलग ही होता है जिसमें पूरी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें आती है। स्कूल में अतिरिक्त गतिविधि के तौर पर हॉकी खेलना शुरू करने वाले जरमनप्रीत तोक्यो ओलंपिक की टीम में जगह बनाने से चूक गए थे जब भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता, लेकिन क्रेग फुल्टन के आने के बाद से वह रक्षण के साथ आक्रमण के कौशल पर भी काफी मेहनत कर रहे हैं और भारतीय टीम के नियमित सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह सकारात्मक सोच के साथ पेरिस जा रहे हैं और उन्हें अपने अनुभव और मानसिक दृढता पर पूरा भरोसा है। दबाव की वैसे कोई बात नहीं है क्योंकि इन टीमों के साथ काफी मैच खेल चुके हैं। हम सकारात्मक सोच के साथ ही जा रहे हैं। सभी खिलाड़ियों का सपना होता है कि ओलंपिक खेलें। मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का पल होगा। देश के लिए पदक जीतने से बड़ी कोई प्रेरणा नहीं होती।

बीते वर्षों में हॉकी के प्रति मंदीप का जुनून बढ़ा : भूपिंदरजीत

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय हॉकी के फॉरवर्ड मंदीप की बहन ने की हॉकी पे चर्चा पर खोले कई राज
- बोलीं- अगर कुछ दिनों के लिए भी राष्ट्रीय शिविर से दूर रहे तो हो जाते हैं बेचैन

भारतीय हॉकी के फॉरवर्ड मंदीप सिंह भले ही अपने कप्तान हरमनप्रीत सिंह या पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह की तरह ख्याति नहीं हासिल कर पाये हों लेकिन जब वह मैदान पर होते हैं तो प्रतिद्वंद्वी डिफेंडर उन्हें हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकते। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे मंदीप पेरिस ओलंपिक में अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे। उनकी बहन भूपिंदरजीत कौर का कहना है कि मंदीप का हॉकी के प्रति जुनून पिछले कुछ साल में बढ़ा है और अगर वह कुछ दिनों के लिए भी राष्ट्रीय शिविर से दूर रहते हैं तो बेचैन हो जाते हैं।

कौर ने 'हॉकी पे चर्चा' के एक 'एपिसोड' में कहा वह हॉकी खेलने का इतना क्रेजी था कि स्कूल से घर आता, खाना छोड़ देता और सीधे अभ्यास के लिए चला जाता। जैसे मंदीप बड़ा हुआ, उसकी खेल के प्रति प्रतिबद्धता और गहरी होती गई। अब भी जब मैं ब्रेक के दौरान उससे बात करती हूं तो वह कहता कि घर में उसे मजा आता है लेकिन 15 दिन के बाद उसे शिविर की याद आने लगती है। टोक्यो के सेमीफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ मंदीप के प्रदर्शन से प्रतिद्वंद्वी टीम परेशान हो गई थी, लेकिन भारत इसमें हार गया। हालांकि भारत कांस्य पदक के साथ लौटा जिससे हर खिलाड़ी राष्ट्रीय नायक बन गया।

युकी ने जीता स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब

गस्टाड (स्विटजरलैंड)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया। फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी। 32 वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है। इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्ल्यू ओपन का खिताब जीता था।

टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए पेस और अमृतराज

टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और विजय अमृतराज।

न्यूपोर्ट (अमेरिका), एजेंसी

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं। पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें हॉल ऑफ फेम के प्लेयर कैटेगरी में जगह दी गई है। अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

खेल डायरी

बीजू पुरस्कार का नाम नहीं बदला जाएगा: माझी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार के 'बीजू पटनायक खेल पुरस्कार' का नाम नहीं बदला जाएगा। खेल और युवा सेवा विभाग ने इस वर्ष के पुरस्कार के लिए दिशानिर्देश जारी कर इसका नाम बदलकर 'राज्य क्रीड़ा सम्मान' कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुरस्कार का नाम बदलने के बारे में उन्हें प्रेस से ही पता चला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पुरस्कार से बीजू पटनायक का नाम हटाने का कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया है। मेरी सरकार धरती के सपूतों का सम्मान करती है और बीजू पटनायक के नाम पर रखे गए खेल पुरस्कार के शीर्षक में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा बीजू पटनायक खेल पुरस्कार इसी तरह जारी रहेगा।

भारत विश्व जूनियर स्क्वैश के क्वार्टरफाइनल में

ह्यूस्टन। भारतीय लड़के और लड़कियों ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में पहुंच गए। अमेरिका के ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में लड़कों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया। इसी के साथ वे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। अंतिम आठ चरण में भारतीय लड़के चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। वहीं लड़कियां ने अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हारने के बाद ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहीं। लड़कियां तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से मुकाबला करेंगी। व्यक्तिगत कांस्य जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को हराया, जबकि अरिहंत केएस ने शानदार जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया। शौर्य बावा ने यूसुफ सरहान को हराया। अरिहंत के .एस. ने इवान हैरिस को हराया।

कुश मैनी ने पहली एफ2 स्प्रिंट रेस जीती

बुडापेस्ट। भारत के कुश मैनी ने शुरू में विजेता बने रिचर्ड वरशूर के तकनीकी उल्लघंन के कारण डिस्क्वालीफाई किए जाने के बाद अपनी पहली फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीत ली। पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े। हंगरोरिंग में जीत के साथ मैनी फॉर्मूला 2 ड्राइवर्स तालिका में मर्सिडीज के जूनियर ड्राइवर किमी एंटोनेली को पीछे छोड़ते हुए 66 अंक से पी8 पर पहुंच गए। एफ2 चैंपियनशिप के राउंड 9 में शुरूआती ग्रिड पर नौवें स्थान पर रहे मैनी को मुश्किल शुरुआत के बाद कड़ी मेहनत करनी पड़ी। 2024 एफ2 ग्रिड पर वह एकमात्र भारतीय ड्राइवर हैं और पांच पोडियम स्थान से यह उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ सत्र भी है।

वाणी, त्वेसा और रिद्धिमा चूकीं, भारतीय चुनौती समाप्त

हिलवर्सम (नीदरलैंड)। वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले अंतिम लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट में 36 होल में कट बनाने से चूक गयीं जिससे डच लेडीज ओपन में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत करने वाली वाणी ने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड बनाया जिससे वह एक शॉट से कट से चूक गयीं। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जबकि कट एक ओवर का था। त्वेसा (73-80) और रिद्धिमा (73-75) भी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

नीरज की एडक्टर फिट, ट्रेनिंग जारी : क्लॉस

जर्मन कोच बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा की फिटनेस पर चल रही चिंताओं को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- सब कुछ योजना के अनुसार, जांघ की चोट में कोई समस्या नहीं

भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब है और यह ओलंपिक चैम्पियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। लेकिन फिटनेस देखी जाये तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है।

बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किये के अंताल्या से बताया ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा थ्रोइंग सत्र कर रहे हैं। चोपड़ा ने 28 मई को एहतियातन ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हटने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें जांघ में कुछ दर्द महसूस हुआ था। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की। फिर चोपड़ा ने सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भी नहीं खेलने का फैसला किया और कहा कि यह प्रतियोगिता उनके कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी।

पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा छह अगस्त को क्वालीफिकेशन दौर से शुरू होगी जिससे अभी इसे शुरू होने में दो हफ्ते हैं। बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा के ट्रेनिंग कार्यक्रम को लेकर कहा हम सुबह में स्प्रिंटिंग, जंपिंग या थ्रोइंग या वेटलिफ्टिंग के सत्र रखते हैं। सुबह और शाम दो सत्र होते हैं जिसमें प्रत्येक दो से ढाई घंटे तक का होता है। चोपड़ा का तरीका तोक्यो ओलंपिक से पहले अपनाए गए तरीके जैसा ही है जिसमें वह टूर्नामेंट के बजाए ट्रेनिंग पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और वह अपने ग्रोइन पर दबाव कम करने के लिए अपनी ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूती देने पर भी काम कर रहे हैं। सामान्यतः भाला फेंकना ब्लॉकिंग (तेजी से भागते हुए अच्छी तरह रूककर भाला फेंकना) पर निर्भर करता है। भागते हुए आप जितनी अधिक ऊर्जा से आएंगे, उतना ही बेहतर होगा।

आईओए को 8.5 करोड़ देगा बीसीसीआई : शाह

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को रविवार को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 8.5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम इस अभियान के लिए

आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद। पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है।

सहयोगी स्टाफ में नींद और पोषण चिकित्सक भी

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए काफी अधिक सहयोगी स्टाफ उनके साथ भेजा जा रहा है जिससे 117 खिलाड़ियों के लिए कुल 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में एथलीटों के साथ रहेंगे। एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए सहायक स्टाफ के चयन के लिए एक व्यापक और विधिपूर्ण तंत्र अपनाया गया है। अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ सदस्य एथलीटों से चर्चा और उनकी जरूरतों के आधार पर चुने गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को अच्छी नींद लेने की सलाह दी थी जिससे इस बार सहयोगी स्टाफ में पोषण विशेषज्ञ के साथ नींद चिकित्सक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में खिलाड़ियों के साथ रहेंगे जिसमें कोच, टीम डॉक्टर, रिकवरी विशेषज्ञ, खेल वैज्ञानिक और फिजियो शामिल हैं। कोचों, डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्टों आदि के अलावा, इस बार भारत की और से पोषण विशेषज्ञ, नींद चिकित्सक और यहां तक कि स्पारिंग पार्टनर भी भेजे जा रहे हैं। इसके मुताबिक अन्य सदस्य खेल गांव के बाहर ठहराए जाएंगे और इनमें अतिरिक्त कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, ट्रेनर, स्पारिंग जोड़ीदार और मानसिक कंडीशनिंग कोच शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत 43 कोच और व्यक्तिगत कोच, 25 विदेशी कोच, 26 फिजियोथेरेपिस्ट और सात मालिश विशेषज्ञ भेज रहा है।

तीरंदाजी में तीन पदक तो पक्के की समझें : संजीवा सिंह

नई दिल्ली। भारतीय तीरंदाजी टीम के कोरियाई कोच बेक वूंग की को पेरिस खेलों के लिए 'एक्रिडिटेशन' देने से इनकार किए जाने के विवाद के बीच पूर्व ओलंपियन और खेल के लिए साई के हाई परफोरमेंस निदेशक संजीवा सिंह ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि छह सदस्यीय दल ओलंपिक से तीन पदक लेकर लौटेगा। भारतीय तीरंदाज सभी पांच वर्गों पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व, महिला व्यक्तिगत रिकर्व, पुरुष और महिला टीम और मिश्रित टीम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह भारतीय धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव, तरुणदीप राय, दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त ने पेरिस

2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तीरंदाजी दल फ्रांस में ट्रेनिंग के बाद ओलंपिक खेल गांव में पहुंचने वाला पहला दल रहा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सोनीपत में तीरंदाजी के लिए राष्टीय उत्कृष्टता केंद्र में हाई परफोरमेंस निदेशक सिंह ने कहा 2021 तोक्यो की तुलना में काफी वैज्ञानिक ट्रेनिंग से बेहतरीन ढंग से तैयारी की गई है जिसमें मानसिक अनुकूलन का ध्यान रखा है। सबसे महत्वपूर्ण बात ओलंपिक प्रारूप के अनुरूप घरेलू टूर्नामेंट में बदलाव किया है।

बॉलीवुड हलचल

वेदा का पोस्टर रिलीज

मुंबई। जॉन अब्राहम और शरवरी बाघ अभिनीत फिल्म वेदा का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। फिल्म वेदा के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसमें शरवरी और जॉन नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में शरवरी घायल नजर आ रही हैं। शरवरी के पैरों पर चोट लगी हुई है और जॉन उन्हें कुछ पीने के लिए देते नजर आ रहे हैं। शरवरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म ''वेदा'' का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म के इस पोस्टर के साथ शरवरी ने एक खास नोट भी लिखा है। शरवरी ने लिखा, अभिमन्यु सर, हमारी दुनिया में आप एक अकेले ऐसे इंसान हो, जिसने कभी-कोई फर्क नहीं किया। गुरु हो आप मेरे जिसने म्हारा साथ दिया, लड़ना सिखाया, दुनिया की रीति-नीति, सही-गलत सिखाके एक फाइटर बनाया। अन्याय सहना नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ जंग करने का रास्ता आपने सिखाया।

प्रभास को उनके प्रशंसक बहुत मानते हैं : अमिताभ

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।''कल्कि 2898 एडी'' के मेकर्स वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया,जिसमें अमिताभ बच्चन, नाग अश्विन से खास बातचीत करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने कहा कि प्रभास जैसे किसी व्यक्ति को, जिसे उनके प्रशंसक भगवान मानते हैं।उन्होंने फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए मिलने वाली प्रशंसा को भी टाल दिया और कहा कि यह सब नाग अश्विन की दृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को फिल्म के पहले भाग के बारे में शिकायत थी, वे शायद इसे समझ नहीं पाए। आप दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्म बना रहे हैं और ऐसे कई हिस्से हैं, जिनके लिए, फिल्म उद्योग में रहने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं समझ सकता हूं। प्रभास बहुत बड़े हैं। वह भगवान की तरह हैं कई तत्व, जो लोगों ने फिल्म के पहले भाग में महसूस किए, इसकी लंबाई के कारण, वे समझ नहीं पाए और वे कह रहे थे, 'चलो कहानी पर आते हैं'। लेकिन सच तो यह है कि पहला भाग फिल्म के नायक के लिए एक परिचय की तरह है।

भारतीय महिला टीम ने यूएई को 78 रन से हराया

दांबुला, एजेंसी

- महिला एशिया कप के अपने दूसरे मैच में हरमनप्रीत और ऋचा ने जड़े अर्धशतक
- महिला टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और ऋचा घोष नाबाद (64) रनों की आतिशी पारियों उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने महिला एशिया कप के पांचवें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रनों से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम सात विकेटपर 123 रन ही बना सकी और 78 रन से मुकाबला हार गई। यूएई की ओर से कविशा एगोडेगे ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए और 40 रनों की नाबाद पारी भी खेली। कप्तान ईशा ओझा ने 38 रन बनाए। खुशी 10 रन बनाकर आउट हुई। पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए। रेणुका सिंह, तनुजा कंवर, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय टीम ने यूएई को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया था। यूएई की कप्तान ईशा ओझा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी तेज शुरुआत की। तीसरे ओर में कविशा एगोडगे ने स्मृति मंधाना नौ गेंदों में 13 रन को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा 18 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गई।

इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला। दयालन हेमलता (2) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (14) रन बनाकर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर और ऋचा ने 75 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को दो रन के करीब पहुंचा दिया। 20वें ओवर में हरमनप्रीत कौर रनआउट हो गई। उन्होंने 47 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 66 रन बनाए। यह हरमनप्रीत के टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है। उन्होंने यूएई महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला और उस मैच में ही अर्धशतक बनाया। इसी के साथ वह टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (3,415) बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। ऋचा घोष ने 29 गेंदों में 64 रनों की नाबाद पारी खेली। यह ऋचा का अंतर्राष्ट्रीय करियर का यह पहला अर्धशतक है। भारत ने पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

पारी के दौरान हरमनप्रीत और ऋचा घोष।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

जापान में भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके

हांगकांग। जापान में रविवार को भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, जापान में अक्केशी के 66 किमी पूर्व दक्षिण पूर्व में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 04 :27 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 42 .71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145 .54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 23 .9 किलोमीटर की गहराई पर था।

बोलीविया में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत

ला पाज़। बोलीविया को चिली से जोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सोलह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ला पाज़ यातायात परिचालन संगठन के दुर्घटना प्रभाग के निदेशक निलो टोरिको ने कहा कि चिली के साथ देश की सीमा से बोलीविया लौट रहा एक मालवाहक ट्रक चिली के अरिका क्षेत्र की ओर जा रही एक यात्री बस से टकरा गया। घायलों सात महिलाओं और सात पुरुषों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया। टोरिको ने कहा, "उच्च-टन भार वाले वाहन का चालक विपरीत लेन में चला गया और बस से टकरा गया। घटना में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही थी।

छह श्रीलंकाई मछुआरे लापता हुए

कोलंबो। श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विभाग ने शनिवार को कहा कि छह श्रीलंकाई मछुआरों को ले जा रही दो मछली पकड़ने वाली नौकाएं लापता हो गई हैं। विभाग के महानिदेशक सुशांत कहवाट्टा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये जहाज 7 जुलाई को विभिन्न बंदरगाहों से श्रीलंका से रवाना हुए थे। कहवाट्टा ने कहा कि उनमें से एक बहु-दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें चार मछुआरे सवार हैं जबकि दूसरा एक दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें दो मछुआरे सवार हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने श्रीलंकाई नौसेना और अन्य संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया है। जिन्होंने जहाजों और उनके चालक दल का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

कंबोडिया में फंसे 14 भारतीयों को बचाया

सिंगापुर। कंबोडिया में साइबर अपराध धोखाधड़ी में फंसे चौदह भारतीय नागरिकों को बचा लिया गया है और उन्हें वापस भेजने के प्रयास जारी हैं। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास ने अधिकारियों के साथ मिलकर 14 भारतीय नागरिकों को रिहा करवाया, कंबोडियाई पक्ष उनकी देखभाल कर रहा है। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह स्थित दूतावास ने कहा कि उसने साइबर अपराध में धकेलने वाली छलपूर्ण नौकरी की पेशकश के शिकार 650 से अधिक भारतीय नागरिकों को बचाने और वापस लाने में मदद की है।

सौंदर्यीकरण

रविवार को नई दिल्ली में 21 से 31 जुलाई तक होने वाले यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के लिए सौंदर्यीकरण कार्य के हिस्से के रूप में बनाई गई दीवार भित्तिचित्र के पास से गुजरता एक साइकिल चालक।

ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया

काठमांडू, एजेंसी

- 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में समर्थन से 50 मत अधिक कुल 188 मत मिले
- एक सप्ताह पहले ही सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को संसद में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। लगभग एक सप्ताह पहले ही उन्होंने देश में एक और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए पद की शपथ ली थी।

सरकार बनाने के लिए नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सदस्यों का समर्थन होना आवश्यक है। जबकि प्रधानमंत्री केपी ओली को 188 मत मिले। उन्हें जरूरी समर्थन से 50 मत अधिक मिले। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता ओली (72) ने चौथी बार सोमवार को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

ओली ने मंत्रिमंडल के 21 अन्य सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली के लिये नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना आवश्यक था।

काठमांडू में संसद में विश्वास मत के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली।

देउबा को दो साल बाद सत्ता सौंपेंगे केपी ओली

काठमांडू। नेपाल के नये प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को पहली बार नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गुप्त सात सूत्री समझौते के ब्योरे का खुलासा किया। जिसके तहत वह दो साल तक सरकार का नेतृत्व करने के बाद सत्ता अपने गठबंधन सहयोगी दल के नेता शेर बहादुर देउबा को सौंप देंगे। ओली ने प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए कहा, अगले दो वर्ष के लिए मैं सरकार का नेतृत्व करूंगा और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा शेष अवधि के लिए नेतृत्व करेंगे।

अदालत ने हिंसा के बाद रोजगार में अधिकांश आरक्षण खत्म किया

बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण घटाकर 7 प्रतिशत किया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में हुई हिंसा के बाद रविवार को सरकारी नौकरियों में अधिकांश आरक्षण को खत्म कर दिया। देश में हिंसक झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की एक तिहाई नौकरियां 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता के लिए देश के युद्ध में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित थीं, लेकिन अब शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि केवल पांच प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। शेष दो प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों या दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित हैं। सरकार ने अभी तक फैसले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी ढाका के कुछ इलाकों में छिटपुट झड़पें हुईं। शीर्ष अदालत की इमारत के बाहर एक बख्तरबंद वाहन तैनात किया गया था और सैनिक अब भी राजधानी की सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। कुछ विरोधी नेताओं को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोग झड़पों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। हिंसा में लगभग 115 लोगों के मरने की खबर है, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार हताहतों की संख्या इससे कहीं अधिक है। शुक्रवार को कम से कम 50 लोग मारे गए।

ढाका में कर्फ्यू के दौरान यात्रियों की तलाशी लेता पुलिस अधिकारी।

अमेरिकियों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

वाशिंगटन। अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

बांग्लादेश में अशांति के बीच हाई अलर्ट पर बीएसएफ

अगरतला। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ, त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति बीएसएफ के लिए भी सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय है, क्योंकि हमें अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। हमने सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि सीमा पार से आपराधिक तत्व मौजूदा स्थिति का फायदा न उठा सकें। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में जवानों और सभी वरिष्ठ कमांडरों को सीमा पर भेजा गया है।

इमरान की जान को जेल में खतरा : बुशरा बीबी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया है तथा खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को जेल में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में बुशरा ने अपनी जान के लिए भी खतरा बताया।

बुशरा के अनुसार, उन पिछली घटनाओं के मद्देनजर खान का जीवन खतरे में है जिनमें उन्हें कथित तौर पर जहर दिया गया और गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करने के उनके कानूनी अनुरोध का अदालत ने अभी तक समाधान नहीं किया है। जेल की स्थितियों के बारे में 49 वर्षीय बुशरा ने कहा कि 71 वर्षीय खान को गंदे हालात में रखा गया है और खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है।

दक्षिण पश्चिम चीन में अचानक आई बाढ़ के बाद 8 शव बरामद

चेंगदू। दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में बचावकर्मियों ने शनिवार को रात आठ बजे तक आठ शव बरामद कर लिए हैं और चार को सुरक्षित निकाल लिया है। यहां भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद 30 से अधिक लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह आपदा शनिवार सुबह करीब 2:30 बजे हुई, जिससे 40 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और याआन शहर के अंतर्गत हनयुआन काउंटी के सिन्हुआ गांव में 1,254 निवासी प्रभावित हुए। कुल 443 बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

वाशिंगटन, एजेंसी

- इंडियाना प्रांत में पत्नी के साथ घर जाने के दौरान हुई घटना

अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल में उनका विवाह हुआ था।

इंडियानापोलिस पुलिस विभाग (आईएमपीडी) की अधिकारी अमांडा हिब्सचमैन ने बताया कि अधिकारियों को पिछले सप्ताह मंगलवार रात आठ बजे के बाद इंडी शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक चौराहे पर एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली।

घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि वहां जमीन पर एक व्यक्ति पड़ा था और उसके शरीर पर गोली का निशान था। मृतक की पत्नी ने उसकी पहचान की। भारतीय मूल के व्यक्ति की पत्नी विवियाना जमोरा ने इंडियानापोलिस स्टार को बताया, वह खून से लथपथ थे, मैं उन्हें थामे हुए थी और एम्बुलेंस का इंतज़ार कर रही थी। कहा जा रहा है कि दसौर आगरा का रहने वाला था और उनका विवाह 29 जून को हुआ था।

यात्रियों की तलाश में जुटी भारत और नेपाल की टीम

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल भूस्खलन

- नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की भारतीय बचाव टीम चितवन पहुंची

नेपाल में पिछले हफ्ते भूस्खलन की चपेट में आने के बाद दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद से लापता बताए जा रहे कई लोगों की तलाश में मदद के लिए 12 भारतीय बचाव कर्मी भी रविवार को नेपाली सुरक्षा बल के दलों के साथ जुड़ गए। नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की भारतीय बचाव टीम शनिवार को बागमती प्रांत के चितवन में पहुंची। एक बस में सात भारतीय नागरिक सवार थे जिनमें से अब तक तीन के शव बरामद हो चुके हैं। नेपाल ने 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदी में बह गई बसों की तलाश के लिए भारत से सहायता मांगी थी।

द काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, भारतीय टीम ने रविवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। 65 यात्रियों को ले जा रही दोनों बसों के नारायणघाट-मुगलिन सड़क खंड पर भूस्खलन की चपेट में आकर त्रिशूली नदी में बह जाने के बाद से कम से कम 19 शव बरामद किए गए हैं। तीन यात्री बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे और तैरकर किनारे पर पहुंच गए। तीन सोनार कैमरों सहित आवश्यक उपकरणों से लैस भारतीय टीम में चार गोताखोर शामिल हैं। नेपाली सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की कई बचाव और खोजी टीम घटना के दिन से ही बसों के मलबे और यात्रियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक बहुत कम सफलता मिली है।

पूर्वी अफगानिस्तान में विस्फोट, दो की मौत व 6 घायल

चरिकर, अफगानिस्तान। पूर्वी अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता फजल रीम मस्किन यार ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार दोपहर को परवान की प्रांतीय राजधानी चरिकर शहर के एक लोहे के बाजार में हुई। उन्होंने कहा कि घटना की अभी भी जांच चल रही है और संभावित परिणाम जनता के सामने घोषित किए जाएंगे। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अधिक बारूदी सुरंग-दूषित देशों में से एक है, जहां पिछले चार दशकों के युद्धों के बाद बचे हुए गैर-विस्फोटित आयुध और बारूदी सुरंगें बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेती हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे होते हैं।

हिज्बुल्ला ने इजराइल के ग्रामीण इलाके में रॉकेट से हमला किया

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी इजराइल में शनिवार को दर्जनों रॉकेट दागे। पिछले नौ महीने में यह पहला मौका है जब हिजबुल्ला ने इजराइल की ओर रॉकेट से हमला किया है। इससे पहले दिन में इजराइल ने ड्रोन से हमला किया था, जिसमें बच्चों समेत कई लोग घायल हो गये थे। हिजबुल्ला ने इसी हमले का बदला लेने के लिये यह हमला किया है। हालांकि, फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में जनसंहार के प्रतिशोध में इजराइल के उत्तर में स्थित शोमेरा गांव में सैन्य चौकी की तरफ लेबनान से रॉकेट दागे।

सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शनिवार रात को दक्षिण तटीय गांव अदलून पर इजराइली हवाई हमले में हथियारों के एक केन्द्र को निशाना बनाया गया और इसके बाद कई विस्फोट हुए, जिससे आस-पास के गांवों में छर्रे बरसने लगे। एनएनए ने अपनी खबर में कहा है कि इससे पास के गांव खरायेब में तीन लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर में हालांकि हथियार के केन्द्र के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन माना जा रहा है कि यह हिजबुल्ला का था।

हूती ने इज़रायल के इलियट पर हमले की पुष्टि की

मास्को। हूती के नाम से पहचाने जाने वाले यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन ने रविवार को पुष्टि की कि उसने इजरायल के दक्षिणी शहर इलियट में लक्ष्यों पर हमला किया है और लाल सागर में अमेरिकी कंटेनर जहाज पुंबा पर बैलिस्टिक मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी से हमला किया था। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने सोशल मीडिया पर कहा, यमनी सशस्त्र बलों के मिसाइल बल ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ दक्षिणी कब्जे वाले फिलिस्तीन के उम्म अल-रशरश क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण लक्ष्यों को निशाना बनाते हुए एक विशिष्ट सैन्य अभियान चलाया... जबकि नौसेना, यूएवी और यमनी सशस्त्र बलों की मिसाइल बलों ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों के साथ लाल सागर में अमेरिकी जहाज पुंबा को निशाना बनाते हुए एक संयुक्त सैन्य अभियान चलाया।

दंतेवाड़ा में डैम क्षतिग्रस्त, पानी से जनजीवन अस्तव्यस्त

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल पहाड़ी में एनएमडीसी द्वारा निर्मित एन-1 बी डैम अत्यधिक बारिश होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई तथा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण अनेक घर बाढ़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थान ले जाया जा रहा है। किरंदुल के गाटर पुलिया एवं सीएससी सेंटर के पास भी बारिश से जल जमाव होने से जेसीबी मशीन के द्वारा रोड से पानी क्लियर किया गया। साथ ही साफ सफाई भी की गयी है। यहां भी जिला प्रशासन के द्वारा निचले स्तर पर बसी बस्तियों में जलभराव स्थिति को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

अमेरिकी चुनाव | मिशिगन में शनिवार को हुई रैली को राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ने किया संबोधित

आलोचकों को दरकिनार कर ट्रंप बोले- लोकतंत्र के लिए खाई गोली

वाशिंगटन, एजेंसी

पेनसिल्वेनिया में एक कार्यक्रम में हुए जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पहली चुनाव प्रचार रैली में आलोचकों की इन चिंताओं को खारिज किया कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और कहा कि उन्होंने लोकतंत्र के लिए गोली खाई।

मिशिगन में शनिवार को हुई रैली में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस भी थे। ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने के लिए 12,000 से अधिक लोग इकट्ठे हुए। ट्रंप (78) ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, वे कहते रहते हैं कि वह (ट्रंप) लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मैं कहता हूं, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया है? मैंने पिछले सप्ताह लोकतंत्र के लिए गोली खाई। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया? यह पागलपन है। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने ट्रंप के एजेंडे का समर्थन करने के लिए अमेरिकी संघीय सरकार को नया स्वरूप देने के लक्ष्य से बनाई गई रूढ़िवादी हेरिटेज फाउंडेशन की परियोजना 2025 पर भी बात की, जिसके बारे में उनके प्रतिद्वंद्वियों का दावा है कि यह पहल लोकतंत्र के लिए खतरा है। ट्रंप ने इस परियोजना से खुद को अलग करते हुए कहा, मैं इसके बारे में कुछ जानना नहीं चाहता, लेकिन वे गलत सूचना और भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। कान पर पट्टी बांधकर आए ट्रंप ने करीब दो घंटे तक भाषण दिया।

- ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने 12,000 से अधिक लोग इकट्ठा हुए

ट्रंप पर हमला करने वाले बंदूकधारी ने रैली से पहले कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन उड़ाया था : अधिकारी

वाशिंगटन। ऐसा माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश करने वाले बंदूकधारी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के निर्धारित कार्यक्रम से पहले पेनसिल्वेनिया रैली स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाया था, ताकि कार्यक्रम से पहले जगह का जायजा लिया जा सके। यह जानकारी एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने शनिवार को दी। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने ड्रोन बरामद कर लिया है। एफबीआई पिछले शनिवार को रैली में 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स द्वारा की गई गोलीबारी के मामले की जांच का नेतृत्व कर रही है। क्रुक्स ने उस बटलर फार्म शो के मैदान के पास स्थित एक इमारत की छत से कई गोलियां चलाईं, जहां ट्रंप भाषण दे रहे थे। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर की गोली लगने से क्रुक्स की मौत हो गई। ड्रोन का विवरण देने वाले अधिकारी इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और उन्होंने उनका नाम न छापने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बात की। ड्रोन के बारे में विस्तृत जानकारी सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। रैली के दौरान हुए हमले में ट्रंप को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में 50 वर्षीय अग्निशमन कर्मी कोरी कॉम्पेरेटोरे की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अमेरिका में भारत के राजदूत की नियुक्ति का स्वागत किया

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी संगठन और गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्थाओं ने राजनयिक विनय क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वे उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। पूर्व विदेश सचिव क्वात्रा को शुक्रवार को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। जनवरी में तरनजीत संधू के सेवानिवृत्त होने के बाद अमेरिका में भारत के राजदूत का पद रिक्त हो गया था। गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्था इंडियास्पोरा ने कहा, प्रवासी भारतीय समूह विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई देता है।

पर्यटक वाहनों को कचरा थैलियां रखना अनिवार्य

गंगटोक, एजेंसी

निर्णय

- पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश

सिक्किम में प्रवेश करने वाले सभी पर्यटक वाहनों को अब कचरा फेंकने के लिए अनिवार्य रूप से थैली रखनी होगी। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पर्यावरणीय स्थिरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया है कि टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंसी और वाहन चालकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यात्रियों से थैलियों में कचरा फेंकने के लिए कहें।

विभाग ने कहा कि इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्यटकों के वाहनों की आकस्मिक जांच की जाएगी और आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन को दंडित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटकों को कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में शिक्षित करने के लिए स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिक्किम में छह लाख से अधिक लोग रहते हैं और यह भारत का सबसे कम आबादी वाला राज्य है। राज्य के खूबसूरत हिमालयी स्थलों पर हर साल 20 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं।